सूर्योदय 5:49 सूर्यास्त 7:01

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.5 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,598 |
| निफ्टी | 24,631 |
| सोना 1,00,023 | चांदी 1,14,933 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




सूर्यकुमार एशिया कप में करेंगे भारत की कप्तानी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 18 अगस्त 2025 | 3 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 230, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मणिमहेश यात्राः पत्थर गिरने से दो की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** रविवार को मणिमहेश पर गए दो लोगों की पहाड़ी से पत्थर गिरने से मौत हो गई है। मृतक व्यक्तियों की पहचान शेखर चंद्र पुत्र देशराज गांव बरोटा, डाकघर ठाकुरद्वारा, इंदौरा, हिमाचल प्रदेश और स्वर्ण सिंह पुत्र सरवन सिंह निवासी गोलवाल गोगरा जिला होशियारपुर, पंजाब के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक व्यक्ति मणिमहेश यात्रा से वापस अपने घर आ रहे थे कि सुंदरासी के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण मौके पर ही दोनों की मौत हो गई है। मृतकों के शवों को भरमौर लाया जा रहा है, जहां पर पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें परिजनों के हवाले किया जाएगा। बता दें कि पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जगह-जगह पत्थर गिरने और लैंडस्लाइड की घटनाएं हो रही हैं।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी में रविवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बताया कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर था। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। इससे पहले मंगलवार को इंडोनेशिया के पूर्वी पापुआ क्षेत्र में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, इसका केंद्र पापुआ के अबेपुरा शहर से लगभग 193 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। यह द्वीपसमूह प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है, यहां टेक्टोनिक प्लेटों के टकराने से अक्सर भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में गोलीबारी में 3 की मौत, 8 घायल

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में रविवार को कई बंदूकधारियों ने ब्रुकलिन के एक होटल में लोगों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें 3 लोग मारे गए और 8 घायल हो गए। ब्रुकलिन पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, आपसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। मरने वाले तीनों पुरुष हैं। घायलों को फौरन पास के अस्पतालों में एडमिट किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- असहाय कल्याण सभा पांच जिलों में बच्चों को दे रही आर्थिक मदद -पेज 2
- हिमाचल साइबर क्राइम की नई पहल से सुरक्षित रहेगा आपका डेटा -पेज 3
- लालिमा से लबालब बागान, लेकिन मंडियों में मायूसी -पेज 6
- मंडी-पठानकोट एनएच पर भूस्खलन से यातायात ठप -पेज 9
- ड्रग्स के बढ़ते प्रचलन पर जताई चिंता, हर जिले में खुलेंगे रीहैब सेंटर -पेज 12


# कुल्लू-मंडी में बाढ़ से तबाही

## गाड़ियां-पशु बहे; फसलें बर्बाद, फोरलेन निर्माण कंपनी का ऑफिस क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/मंडी**

हिमाचल में भारी बारिश से तबाही का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार रात और रविवार सुबह राज्य के कुल्लू और मंडी जिले में कई जगह भारी बारिश होने से आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ में कई गाड़ियां, पशु और दुकानें बह गई हैं। लोगों की फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। औट तहसील के तहत आने वाले सारानाला के पास फोरलेन निर्माण में लगी कंपनी के कार्यालय की सुरक्षा दीवार टूटने से ऑफिस क्षतिग्रस्त हो गया है।

कुल्लू जिले के पटवार वृत्त मौहल के गांवों में नालों में बाढ़ आने से भूमि एवं फसलें बर्बाद हो गई हैं। कुछ संपर्क मार्ग भी बाधित हुए हैं। पाहनाला नाले में जलस्तर बढ़ने से एक खोखा बह गया, वहीं दोहरनाला में एक वाइन की दुकान एवं एक पुलिया बह गई तथा बुरेग्रां में भी एक पुलिया बह जाने की सूचना है। कुछ घरों में पानी व मलबा घुस आया है तथा एक मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। बदाह के प्राथमिक विद्यालय में पानी भर गया और पिरडी में 3 गाड़ियां बह गईं। खोखन नाले में बाढ़ के कारण भुंतर बाजार की दुकानों में पानी भर गया तथा शुरढ़ चौक के पास सड़क क्षतिग्रस्त हुई व सड़क में लगी हुई 9 गाड़ियां सड़क क्षतिग्रस्त होने से फंसी हुई हैं। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय कानूनगो भवन एवं नशा मुक्ति केंद्र (नजदीक सब्जी मंडी) में भी पानी घुस आया है।

वहीं, शनिवार रात्रि को मूसलाधार बारिश से मंडी जिले के उत्तरशाल, बथेरी आरंग, बागी नाला और सनोरघाटी में कई जगह बाढ़ का पानी-मलबा घरों में घुस गया। गाड़ियां और पशु बह जाने की सूचना है। चंडीगढ़-मनाली एनएच पर हनोगी जागणी मंदिर के पास भूस्खलन होने से यातायात बंद हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी-मनाली 21 पर टकोली के पास भी भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है।

**चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भूस्खलन से यातायात बंद**



मंडी में आई बाढ़ से हुआ नुकसान।

### मुख्यमंत्री ने मांगी नुकसान की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को जिला मंडी, कुल्लू और किन्नौर में लगातार भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिला के उपायुक्तों से व्यक्तिगत रूप से बात कर क्षति की विस्तृत रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवरुद्ध सड़कों की बहाली एवं राहत कार्य में तेजी लाने को भी कहा। उन्होंने लोगों से नदियों और नालों से दूर रहने और समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया।

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में तीन जगह फटे बादल; सात लोगों की मौत, कई घायल

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार को बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटे। जोद घाटी में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फुट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज से

# विपक्ष करेगा सवालों की बौछार, सरकार भी तैयार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र 2 सितंबर तक चलेगा और इसमें कुल 12 बैठकें होंगी। विपक्ष प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, कर्मचारियों के वेतन, खाली पदों पर भर्ती और स्कूल विलय जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने के मूड में है, वहीं, सरकार के सामने यह परीक्षा होगी कि वह इन प्रश्नों का केवल बचाव करे या समाधान भी पेश करे।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया पहले ही कह चुके हैं कि यह सत्र इतिहास में चौथा सबसे बड़ा मानसून सत्र कहलाएगा। सवाल यह है कि क्या यह सत्र केवल रिकॉर्ड बनाएगा या मुद्दों के समाधान का भी माध्यम बनेगा? विधानसभा के इतिहास को देखें, तो 1962, 1968 और 2009 में इससे भी बड़े सत्र हो चुके हैं, लेकिन इस सत्र का महत्व उन पुराने सत्रों से कहीं ज्यादा है, क्योंकि आज प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहा है। सत्र शुरू होने से पहले ही विधानसभा सचिवालय को 830 सूचनाएं मिल चुकी हैं। इनमें 679 तारांकित प्रश्न और 151 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि विधायक अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाने के लिए तैयार हैं। सत्तापक्ष इनके जवाब देगा या नहीं, यह दो सदन में ही पता चलेगा।





फाइल फोटो

### विधानसभा के अंदर व बाहर ड्रोन से निगरानी

**विधानसभा** के अंदर और बाहर ड्रोन से निगरानी और कड़े प्रवेश नियम यह सब दिखाता है कि सत्र केवल विचार-विमर्श का मंच नहीं बल्कि संभावित टकराव का अखाड़ा भी माना जा रहा है।

### कांग्रेस विधायक दल ने बुलाई बैठक

**कांग्रेस** विधायक दल ने अपनी रणनीति बनाने के लिए सोमवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है। विधानसभा में ही यह बैठक हो सकती है, जिसमें कांग्रेस के विधायक अपनी रणनीति बनाएंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विधायक कौन-कौन से मुद्दे उठाएंगे और किस मुद्दों पर घेराबंदी करेंगे, इसकी रणनीति बनाएंगे। यहां सदन में आने वाली चर्चाओं को लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी, जिसमें विधायकों की जिम्मेदारी तय होगी।

### एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला का दिल्ली में भव्य स्वागत



नई दिल्ली। एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला अमेरिका से भारत आ गए हैं। वह शनिवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शुभांशु का स्वागत किया। लखनऊ से शुभांशु से मिलने पिता शंभू दयाल शुक्ला और बहन शुचि मिश्रा भी पहुंची हैं। अमेरिका में विमान में बैठते समय शुभांशु ने कहा था, 'भारत वापस आने के लिए विमान में बैठते ही मेरे दिल में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मैं मिशन के बाद पहली बार अपने दोस्तों, परिवार और देशवासियों से मिलने को लेकर उत्साहित हूं।'

# चुनाव आयोग के लिए कोई पक्ष या विपक्ष नहीं

## चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से हो, आयोग अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। आप सभी जानते हैं कि कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष, सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बूथ स्तरीय अधिकारियों ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है। (अनंत ज्ञान)

### 'वोट चोरी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल संविधान का अपमान



**मुख्य** चुनाव आयुक्त ने कहा कि अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न किया जाए और 'वोट चोरी' जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो यह तो गलत है। यह संविधान का अपमान नहीं तो और क्या है? कुछ लोगों ने ऐसे ही बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। जब उनसे सबूत मांगे गए तो जवाब नहीं दिया गया। मतदाताओं के तस्वीरों का इस्तेमाल बिना उनकी इजाजत के किया गया, यह लोकतंत्र का अपमान नहीं तो और क्या है? ऐसे बेबुनियाद आरोपों से चुनाव आयोग डरने वाला नहीं है।

### वोटरों को फर्जी कहना सही नहीं, माफी मांगें

**राहुल** गांधी का बिना नाम लिए चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा कि वोटरों को फर्जी कहना गलत है। माफी मांगनी चाहिए। 7 दिन में हलफनामा नहीं दिया तो सारे आरोप निराधार होंगे। विपक्ष चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में हम साफ कर देते हैं कि चुनाव आयोग बिना किसी डर के गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ा था, खड़ा है और खड़ा रहेगा।

# अवैध खनन पर वसूला 44.31 लाख का जुर्माना

## उद्योग विभाग ने जुलाई महीने तक अवैध खनन के 895 मामले दर्ज कर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए उद्योग विभाग ने एक बड़ा और प्रभावी अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत विभाग ने जुलाई, 2025 तक 895 अवैध खनन के मामले दर्ज किए हैं और दोषियों पर 44.31 लाख का जुर्माना लगाया है। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए, विभाग ने 1 अगस्त से एक विशेष प्रदेशव्यापी अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत, अब तक 122 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 46 मामलों में 3.55 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है।

बाकी 76 मामलों में आगे की कार्रवाई चल रही है। सभी फील्ड स्टाफ को अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने और नियमित रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी अवैध गतिविधि बच न सके।

### सबसे ज्यादा शिकायतें कांगड़ा जिले से

**विभाग** की भू-शाखा में स्थापित शिकायत प्रकोष्ठ में अब तक 267 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से सबसे अधिक शिकायतें व्हाट्सऐप (137) और लैंडलाइन (95) के माध्यम से मिली हैं। जिलों के अनुसार, सबसे ज्यादा शिकायतें कांगड़ा (65), सोलन (50), बिलासपुर (23), और ऊना (21) से आई हैं, जो यह दर्शाता है कि अवैध खनन के खिलाफ जनता में जागरूकता बढ़ रही है।

### बिहार में एसआईआर के खिलाफ 'वोट अधिकार यात्रा' शुरू

# राहुल बोले-यह संविधान को बचाने की लड़ाई

**एजेंसी, सासाराम**



बिहार में एसआईआर के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' सासाराम से शुरू हुई। सुआरा एयरपोर्ट ग्राउंड में हुई जनसभा में राहुल बोले, 'यह संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं।' जहां भी चुनाव होता है, यह जीतते हैं। महाराष्ट्र में ओपिनियन पोल कह रहे थे, महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन 4 महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हमने पता लगवाया तो पता चला 1 करोड़ नए वोटर जादू से पैदा हो गए।' (अनंत ज्ञान)

### चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए: लालू यादव

**जनसभा** में शामिल हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा-'चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए, हमारी पार्टी को जिताइए। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर बीजेपी को उखाड़कर फेंकिए।'

**आह्वान** पीएम ने की 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की अपील, कहा-


# विदेशी छोड़ भारतीय प्रोडक्ट बेचें व्यापारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में देश के पहले 8 लेन एलिवेटेड हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा। उन्होंने कहा, 'भारतीय हैं तो भारत में बना सामान ही खरीदें। दिवाली पर भी वही सामान खरीदें, जो भारतीयों ने भारत में बनाया है। व्यापारी भी विदेशी सामान छोड़कर लोकल सामान बेचें।' प्रधानमंत्री के इस संदेश को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी दबाव के बीच 'मेड इन इंडिया' को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पीएम का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर खींचतान चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीएसटी में नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। दिवाली पर डबल बोनस मिलने वाला है। इसका पूरा प्रारूप राज्यों को भेज दिया है। इसका फायदा सभी को होगा।

मोदी ने कहा कि जो लोग संविधान सिर पर रखकर नाचते हैं, वही उसे कुचलते भी थे और बाबा साहब की भावनाओं से विश्वासघात करते थे। आज जो संविधान की बात करते हैं, इन्होंने जमकर लोगों का शोषण किया है। (अनंत ज्ञान)

**मोदी ने दिल्ली के रोहिणी में किया द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन**



### मोबाइल के निर्माण में आत्मनिर्भर बना भारत

**पीएम** मोदी ने कहा कि 11 साल पहले भारत अपनी जरूरत के फोन बाहर से मंगवाता था, लेकिन अब देश में ही हर साल 30 से 35 करोड़ मोबाइल फोन बनाए जा रहे हैं और उन्हें निर्यात भी किया जा रहा है। यह बदलाव भारत की उत्पादन क्षमता और 'मेक इन इंडिया' की सफलता को दिखाता है। पीएम ने आगे कहा कि एक दशक पहले तक भारत खिलौने भी बाहर से मंगवाता था। आज हालात बदल चुके हैं और देश 100 से अधिक देशों में खिलौने निर्यात कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव इस बात का सबूत है कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और दुनिया को लोकल प्रोडक्ट्स से जोड़ रहा है।

### ट्रंप ने भारत पर लगाया है 25 % एक्स्ट्रा टैरिफ

**अमेरिकी** राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए थे। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था।




## न्यूज ब्रीफ

### 'आप' के कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का आगाज आज से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 'जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन' का दूसरा चरण 18 अगस्त से आरंभ होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी रिटुराज गोविंद झा और प्रदेश सह-प्रभारी विजय फुलारा की मौजूदगी में पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में ठोस रणनीति तय की जाएगी। डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा जब प्रदेश की दोनों पारंपरिक पार्टियां जनता से पूरी तरह कट चुकी हैं और जनता महंगाई, बेरोजगारी व शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है, तब आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प बनकर सामने आई है। इस दौरे से पार्टी संगठन के कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर बूथ और पंचायत स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं कार्यक्रम 18 अगस्त ऊना जिला, 19 को बिलासपुर, 20 को सिरमौर, 21 को सोलन, 22 अगस्त शिमला जिला में होगा। डॉ. पुन्याल ने कहा प्रदेश की जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है और कार्यकर्ताओं की ताकत से आम आदमी पार्टी हिमाचल में एक नई राजनीतिक संस्कृति की शुरुआत करने जा रही है।

### बैलग गांव में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के गांव बैलग में इस वर्ष जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध लोक कलाकार हेम राज की प्रस्तुति रही। हेम राज के सुमधुर गीतों और भजनों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गीतों ने न केवल भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया, बल्कि लोगों को श्रीकृष्ण की लीलाओं में भी डूबने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर सतनाम संधू, अधिवक्ता दिनेश संधू, राजेश, देश राज, अशोक कुमार, रीता देवी, शालू, कमलेश कुमारी, सरस्वती देवी, अशोक कुमार, अमिता, अभिषेक, अर्णव, अमीषा, लच्छू वाला, पवन, सुरिंद्र इत्यादि लोग मौजूद थे।

### प्रभु भक्ति में लगाना चाहिए ध्यान : चमन



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर बुढान में आयोजित शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन आचार्य चमन शर्मा ने भक्तजनों को प्रभु की लीलाओं का वृत्तांत सुनाते हुए कहा कि आज के इस कलयुग में मनुष्य का पूरा ध्यान धन दौलत को इकट्ठा करने में लगा हुआ है। जबकि होना तो यह चाहिए था की हर कार्य करने के साथ साथ प्रभु भक्ति में ध्यान लगाना चाहिए अगर हम प्रभु भक्ति करेंगे तभी हमारा पार उतारा होगा। आचार्य चमन शर्मा ने अपने मुखबिंद से प्रभु भक्ति कैसे करनी है इसके बारे में बताते हुए कहा कि हम जितनी ज्यादा भक्ति भजन सिमरन करेंगे, प्रभु के उतने ही नजदीक पहुंच सकेंगे तभी हमारा परमार्थ और स्वार्थ पूरा होगा। अगर प्रभु भक्ति ब्रह्म मुहूर्त में शुरू करेंगे तो प्रभु का मार्ग सुगम होता जाएगा। अंतिम संध्या पर शिव महापुराण कथा के मौके पर कमेटी प्रधान अजय कुमार शर्मा भानुदत्त शर्मा, सतीश शर्मा मनीष शर्मा साहिल शर्मा अरुण शर्मा सुरेश शर्मा नरेश कुमार, दीप कुमार शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, कमला शर्मा विमला देवी ममता देवी सहित क्षेत्र के जाने माने लोग उपस्थित रहे।

### सोमदत शर्मा सर्वसहम्मति से बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम सुधार सभा रजिस्टर्ड बकारटी का पुनर गठन परिवहन निगम से सेवानिवृत्त संत राम की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सोम दत्त शर्मा को सभा का प्रधान, राजकुमार हमीर पूरी को सचिव, पवन कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष, रमेश चंद को उपप्रधान, पृथ्वी चंद चौधरी को मुख्य सलाहकार व रत्न चंद, खेम राम, विनोद कुमार, रविंद्र डोगरा, रविंद्र कानूनगो, रमेश कुमार शर्मा, रवि दत्त आदि को सभा के सक्रिय सदस्य चुना गया। इसके साथ ही सभा द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि श्मशानघाट बकारटी के डंगा, शेड और सड़क के निर्माण आदि के लिए हमीरपुर लोक सभा के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार से उनकी ऐच्छिक निधि से फंड मुहैया कराया जाए जिसके लिए ग्राम सुधार सभा बकारटी का प्रतिनिधिमंडल उनसे शीघ्र ही मिलेगा इस बैठक में सदस्यों के अलावा के अतिरिक्त सुख राम, अशोक कुमार, सतीश कुमार, विनोद कुमार, राम चंद, मदन लाल, देश राज, कमल जीत, राजेश कुमार आदि सदस्यों ने भाग लिया।



# नए बस अड्डे के निर्माण के पास हाईवे चार दिन से बंद

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित नए बस अड्डे के निर्माण के साथ कटिंग की वजह से बंद हुई सड़क को फिर से खोलने के लिए पीडब्ल्यूडी मशक्कत तो कर रहा है, लेकिन अभी लग नहीं रहा कि सोमवार दोपहर बाद तक भी रोड एकतरफा ट्रैफिक के लिए खुल पाएगा? विभाग के अधिकारी खुद मौके पर पहुंचकर इस बंद सड़क को खोलने के लिए निगरानी कर रहे हैं। जहां से सड़क के हिस्से को नुकसान हुआ है, वहां पर ऊपर की साइड से कटिंग करके इसे व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन आधा हिस्सा सड़क का जर्जर हो चुका है, उसमें दरारें आ चुकी हैं। इसलिए फिर से इसमें पानी अंदर न जाए और मुकम्मल तौर पर सड़क बंद न हो जाए, इस पर अभी भी चिंता विभाग की बनी हुई है।



जेसीबी से सड़क को बहाल करने का कार्य जारी।

### ट्रैफिक को दोनों तरफ से किया डायवर्ट

**चार** दिन पहले ये सड़क डैमेज हुई थी और हमीरपुर नादौन नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक को दोनों तरफ से बंद करके इसे वाया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी डायवर्ट किया गया था। हालांकि इससे बहुत ज्यादा नुकसान तो नहीं हुआ है लेकिन फिर भी यहां से इस सड़क को खोलने की इसलिए, जरूरत है क्योंकि इससे ट्रैफिक व्यवस्थित हो जाएगा। बसों को बेवजह से ज्यादा चक्कर काट कर बस स्टैंड तक आने से रोका जा सकेगा।

### आज यातायात को एकतरफा खोल दिया जाएगा : दीपक

**गौरतलब** है कि जहां पर सड़क डैमेज हुई है, वहां पिछले तकरीबन 1 साल से नए बस अड्डे का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन यहां जिस स्तर पर एक हिस्से की कटिंग की गई है, सड़क का वह टुकड़ा मुकम्मल तौर पर गिर गया है। रही सही कसर बरसात ने पूरी कर दी। समय रहते यदि यहां काम हुआ होता, तो यह डैमेज रोका जा सकता था। पीडब्ल्यूडी के हमीरपुर स्थित एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि काम जारी है। सोमवार तक किसी भी समय यातायात को एक तरफा खोल दिया जाएगा। यानी बाहर से आने वाली गाड़ियां वन-वे ट्रैफिक में यहां से गुजर पाएंगी।

# अजमेर ठाकुर बने राजपूत महासभा के अध्यक्ष

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राजपूत महासभा की जिला इकाई का गठन हो गया है गसोता महादेव मंदिर में रविवार दोपहर करीब 4 घंटे तक चली इकाई की बैठक में प्रदेश के अध्यक्ष और अन्य प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।



नवगठित अध्यक्ष महासचिव और अन्य पदाधिकारी प्रदेश महासभा के सदस्यों के साथ।

बैठक काफी गहमागहमी पूर्ण रही इस चुनाव में सेवानिवृत्त कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर को राजपूत महासभा की जिला इकाई का अध्यक्ष चुना गया जबकि री गांव से ताल्लुक रखने वाले जोगिंद्र ठाकुर को महासचिव बनाया गया। शिक्षा विभाग से संदीप डडवाल को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और रविंद्र सकलानी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिला इकाई के वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कार्यकारिणी को भंग करने का ऐलान किया और उसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई।

- गसोता महादेव में राजपूत महासभा की जिला इकाई गठित
- हमीरपुर में महासभा का जल्द होगा बड़ा सम्मेलन

### जल्द ही जिला कार्यकारिणी का होगा गठन : अजमेर

**अध्यक्ष** चुने जाने के बाद अजमेर ने कहा कि वह जिला के इस समुदाय की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए सभी का सहयोग लेंगे और बेहतर दशा दिशा के साथ काम करेंगे। बहुत जल्द जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। किसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के इस समुदाय के लोगों से बातचीत की जाएगी। हमीरपुर में समुदाय के परिवारों यानी पारिवारिक सदस्यों का एक सम्मेलन भी होगा, ताकि इस राजपूत महासभा को और मजबूत करके प्रदेश संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरा जा सके। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का भी धन्यवाद किया और कहा कि पहले भी या संगठन मजबूत था लेकिन इसे और मजबूती प्रदान करने के लिए सभी के सहयोग से काम होगा। वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश ने नवनियुक्त अध्यक्ष अजमेर से कहा कि अपना भवन बनाने के लिए यहां पर जिस जमीन को चिन्हित करने का प्रयास किया गया है, उस पर वे काम करके इस सिलसिले को और आगे बढ़ाएं, ताकि महासभा का अपना भवन बन सके। अजमेर में भरोसा दिलाया कि हर हाल में इस पर मोहर लगेगी। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जिन लोगों के पास संगठन को चलाने के लिए समय है वह जिला इकाई में शामिल किए जाएंगे ताकि एक मजबूत और सशक्त जिला इकाई का गठन किया जा सके।

# अपनी कुर्सी को बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने की संघ की प्रशंसा : प्रेम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आरएसएस और प्रधानमंत्री के मध्य व्याप्त अविश्वास एवं तनाव के बीच स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपने संबोधन में जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने संघ की प्रशंसा की उससे यह स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में और अधिक समय तक सहन करने को तैयार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि जिस प्रकार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नेताओं को रिटायरमेंट लेने की बात कह कर नरेंद्र मोदी को संदेश दिया है, संघ की प्रशंसा कर अपने डोलते सिंहासन को बचाने की कवायद प्रधानमंत्री ने की है। कौशल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के महान पर्व पर प्रधानमंत्री द्वारा संघ की प्रशंसा करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है जिस संगठन के नेताओं का इतिहास अंग्रेजों की मुखबिरी करने, वित्तीय एवं समाजिक लाभ लेने का रहा और जिस संगठन के नेताओं ने भारतीय संविधान का अपमान किया, तिरंगे से जिनको लगाव नहीं तथा जो लाखों देशवासियों को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा दी जा रही यातनाओं में देश के साथ खड़े होने की बजाए माफीनामे लिख कर आजादी के आंदोलन को कमजोर करने की राजनीति करते रहे। ऐसे संगठन की स्वतंत्रता दिवस पर प्रशंसा कर प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लिए कुर्बानी देने वाले लाखों स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों का अपमान किया है।

# याणवीं गांव में मकान गिरने से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के तहत गांव यानवीं में भारी बारिश ने चलते एक परिवार को बड़ा नुकसान हुआ है। स्थानीय निवासी कर्म चंद पुत्र डडू राम का दो मंजिला स्लेटनुमा मकान अचानक ढह गया। हादसे में परिवार का लगभग तीन लाख का नुकसान आंका गया है। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार पास के नए घर में रह रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। धमरोल पंचायत के उपप्रधान विजय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश के चलते क्षेत्र में भूस्खलन, नाले उफान पर आने और खेतों को नुकसान पहुंचने जैसी



घटनाएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा तो और भी नुकसान की आशंका है। स्थानीय लोगों ने प्रभावित परिवार को डांडस बंधाया और प्रशासन से शीघ्र राहत उपलब्ध करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने साथ ही चेताया है कि बरसात के मौसम में कई और मकान खतरे की जद में हैं, इसलिए प्रशासन को समय रहते पुख्ता प्रबंध करने चाहिए।

### बारिश से नुहाड़ा गांव में गिरा मकान

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिला की ग्राम पंचायत बलोह के गांव नुहाड़ा के राजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह का मकान तेज वर्षा से गिर गया। वार्ड सदस्य देश राज पप्पू ने जानकारी दी है कि राजेश अत्यंत गरीब है और हाल ही में उसे बीपीएल सूची से भी बाहर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर ग्राम पंचायत बलोह के उपप्रधान गजराज तथा राजस्व कर्मचारी ने मुआयना किया। देश राज पप्पू ने पीड़ित राजेश को तुरंत राहत राशि देने की मांग की है।

### भारी बरसात में भरेड़ी-अवाहदेवी सड़क बदहाल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भरेड़ी से अवाहदेवी सड़क की हालत बरसात में बेहद दयनीय हो चुकी है। पिछले कई वर्षों से उपेक्षा का शिकार इस सड़क पर अब बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। हालात यह हैं कि सड़क पर गाड़ियों का चलना तो मुश्किल है ही, वहीं किसी वाहन को पास देना खतरे से खाली नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत और रख-रखाव पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा यह हुआ कि जगह-जगह बने गड्ढों में बरसाती पानी भर जाता है और सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे झाड़ियां उग आई हैं, जो वाहन चालकों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही हैं। बरसात का पानी सीधा सड़क पर बहता है और सड़क को और ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

# आरएसएस की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कांग्रेस पार्टी के स्वयंभू प्रवक्ता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ निराधार और तर्कहीन बयानबाजी की है। यह बात जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस के प्रवक्ता पर पलटवार करते हुए कही।



यह एक सर्वविदित तथ्य है कि आरएसएस ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और स्वतंत्रता के बाद भी, समाज कल्याण, राष्ट्र निर्माण और सामुदायिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आरएसएस की परंपरा में पले-बढ़े हैं, इसलिए अगर वे इस संगठन की प्रशंसा करते हैं तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। भाजपा और आरएसएस एक जैसी राष्ट्रवादी विचारधारा को साझा करते हैं और स्वाभाविक रूप से हर भाजपा नेता राष्ट्र को मजबूत बनाने में आरएसएस की भूमिका के लिए उसकी सराहना करता है। ठाकुर ने कहा कि मोदी और आरएसएस पर निशाना साधने के बजाय, कांग्रेस के स्वयंभू प्रवक्ता को अपनी ही पार्टी के भीतर चल रही उथल-पुथल पर विचार करना चाहिए। हाल ही में, कर्नाटक सरकार के एक कैबिनेट मंत्री ने कांग्रेस नेतृत्व के रुख का खुलकर विरोध किया। कांग्रेस पार्टी तब और आज, राजनीतिक असुरक्षा की बेड़ियों में जकड़ी हुई है और राष्ट्रीय हित पर पारिवारिक हितों को प्राथमिकता देती रही है। मोदी और आरएसएस की निरर्थक आलोचना करने के बजाय, कांग्रेस नेतृत्व को अपनी गलतियों, विश्वासघात और असुरक्षा की विरासत के लिए जवाबदेह होना चाहिए।

# हर गांव का विकास करवाना हमारा लक्ष्य : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

विधायक कै. रणजीत सिंह जी विधायक घर द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बनाल के गांव बालग, सरोल, ब्लायाना में जाकर बैठकें कीं। विधायक ने कहा कि हम और हमारी सरकार गांव के विकास को बढ़ावा दे रहे है। अगर बात ग्राम पंचायत बनाल की बात करे तो विधायक ने कहा कि हमने बनाल पंचायत घर के गेट के लिए राशि दी, पनाऊ में स्कूल के लिए दिए, एससी बसती सरोल के लिए सड़क के लिए मंगलह में डंगे लगवाना हो या दम्बेहू में पुली व सड़क बनाना हो, धनोटू में स्थायी पटवारी लाना हो, बनाल में स्थायी बैटनरी डॉक्टर लाना हो ऐसे कई विकासत्मक कार्य हमने बनालो पंचायत में करवाए हैं और आने वाले समय में और कई कार्य किए जाएंगे। विधायक ने लोगों कि जनसमस्याओं को सुना व अधिकतम समस्याओं का निपटारा मौके पर किया।



लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान मौजूद विधायक कै. रणजीत सिंह व अन्य।

### आपदा से निपटने के लिए दिया अंशदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए भोरंज से दो लोगों ने अंशदान दिया है। शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त कला अध्यापक झंडवीं निवासी कश्मीर सिंह सुमन ने 21 हजार का चेक भोरंज विश्राम गृह में विधायक सुरेश कुमार को सौंपा। असहाय सहायता संस्था भरेड़ी के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने विधायक सुरेश कुमार को एक लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया। विधायक सुरेश कुमार बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू स्वयं आपदा स्थल पर पहुंचकर लोगों को हरसंभव सहायता देने का कार्य कर रहे हैं।

# मंडली ने किया गुग्गा जाहरवीर बाबा का गुणगान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश भर में भारी बरसात से जनजीवन अस्त व्यस्त तो हुआ ही है। साथ ही इस वर्ष श्रावण मास में मंडली द्वारा घर-घर जाकर गुग्गा जाहरवीर, बाबा बालक नाथ का गुणगान करना भी काफी मुश्किल भरा रहा है। रक्षा बंधन के दिन इस पारंपरिक प्रथा की शुरुआत की जाती है, जो सदियों से चली आ रही है। लगातार 9 दिन तक गांव गांव घूम कर घर घर जाकर मंडली गाने वाले लोग बाबा बालक नाथ और गुग्गा जाहिर वीर का गुणगान करते हैं। जब से मंडली गाने का सिलसिला शुरू किया है तब से बारिश भी लगातार हो रही है। बारिश की वजह से घर घर पहुंचना मुश्किल हो गया। मंडली के सदस्य विनोद कुमार ने बताया कि इस बार 4 गांवों में ही जा पाए। बारिश की वजह से कम घरों तक पहुंचे और रविवार को इस प्रथा का समापन हो गया। सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर केंद्रीय विद्यालय के पास जो झनियारा पंचायत में आता है वहां पर मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अधिकतर लोगों की मंडली द्वारा किए जाने वाले गुणगान को सुनने की इच्छा ही रह गई। मंडली गाने वालों में दलवीर, अनिल ठाकुर, आकाश, राकेश, रितिक ठाकुर, राजेश ठाकुर, रमेश ठाकुर शामिल रहे।



बारिश में मंडली के सदस्य गुग्गा जाहरवीर की महिमा का गुणगान करते।

# एक साथ खिले ब्रह्म कमल के 12 फूल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत भगेटू के गांव भगेटू में रिटायर्ड सूबेदार मेजर रमेश मैहला के घर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक साथ 12 ब्रह्म कमल के फूल खिले। रमेश मैहला ने बताया कि उनके लिए यह अत्यंत सौभाग्य की बात है कि जन्माष्टमी जैसे पावन पर्व और शनिवार के दिन ब्रह्म कमल खिले। उन्होंने कहा कि इन दिव्य पुष्पों की विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत महादेव शिव को अर्पित किया। ब्रह्म कमल साल में एक बार खिलता है। यह आमतौर पर रात के समय 9 बजे से 12 तक खिलना शुरू होता है और धीरे-धीरे अपनी पंखुड़ियां खोलता है। इसकी सुगंध वातावरण को दिव्यता से भर देती है, लेकिन सुबह होते-होते यह मुरझा जाता है। ब्रह्म कमल न केवल एक दुर्लभ प्राकृतिक पुष्प है बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था में इसका स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।



**मांग** सरकार अदायगियों को करने हेतु उचित बजट करे तय

# कर्मचारियों का एरियर और डीए जल्द दे सरकार

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेश के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते, वेतन आयोग एरियर और भत्तों के भुगतान हेतु सरकार गंभीरता से कार्रवाई करे। मानसून सत्र से पहले सरकार पूर्व घोषित तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते की अधिसूचना जारी करे और लंबित 13 प्रतिशत डीए का भुगतान शीघ्र करने का प्लान लागू करे। 2016 से देय वेतन आयोग एरियर, महंगाई भत्ते के तीन साल का एरियर देने हेतु सरकार अति शीघ्र भुगतान योजना बनाए। प्रदेश सरकार से यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया, महासचिव विजय हीर ने कहा कि 4-9-14 लाभ की बहाली, टीए, डीए रेट बढ़ाना, पंजाब की तर्ज पर भत्ते और पे स्केल बढ़ाना आदि मांगों को अब और टालना सही नहीं है और सरकार इन अदायगियों को करने हेतु उचित बजट तय करे। सरकार चाहे ऋण लेकर ही उक्त अदायगी देने का प्रयास करे मगर इस बारे में जारी विलंब से कर्मचारियों में निराशा है। शिक्षक प्रमोशन पिछले 2 साल से लंबित है। टीजीटी से प्रवक्ता और हेडमास्टर सूचियां जारी करने हेतु अनेकों बार मांग उठाने पर भी सूचियां जारी नहीं की गई हैं। सत्र के शुरू में की जाने वाली ये प्रमोशन अब तक नहीं हुई है और इस सूची को रोकने के लिए अनेक प्रयास हो रहे हैं। अगर सरकार प्रमोशन नहीं दे सकती तो प्रमोशन स्केल देना ही उचित होगा। अगर पर्याप्त पद रिक्त होने पर भी प्रमोशन अग्रिम पद पर नहीं की जा सकती है तो वित्तीय उन्नयन के तहत अगले पद का स्केल प्रदान किया जाए।

- कहा-अगर सरकार प्रमोशन नहीं दे सकती तो प्रमोशन स्केल देना ही उचित

### पदोन्नति से वंचित कर सेवानिवृत्त करना अनुचित

**पात्र** व्यक्तियों को अनिश्चित काल तक पदोन्नति से वंचित करते हुए सेवानिवृत्त किया जाना अनुचित है और ऐसे में शिक्षकों को प्रमोशन के जायज हक से वंचित नहीं रखा जाए। संघ ने कहा कि वर्तमान समय में 2.59 फैक्टर चुनने वालों की एक इंक्रीमेंट बहाल करनी चाहिए जो कि 2012 के हायर ग्रेड पे स्केल छीने जाने के एवज में उनको मिलनी ही चाहिए। 2012 के बाद एक इंक्रीमेंट हायर ग्रेड पे के नाम पर छीनी गई थी।

# असहाय कल्याण सभा पांच जिलों में बच्चों को दे रही आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

असहाय कल्याण सभा बड़वादर चबूतरा द्वारा संस्था के 25 वर्ष का सफलतापूर्वक सेवाकाल पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली समारोह मनाया गया। यह संस्था 15 अगस्त 2000 को रोशन लाल की अध्यक्षता तथा डाक्टर ओंकार वर्मा, ज्ञान चंद बनाल, लाल चंद बड़वादर, अमर सिंह चबूतरा पांच सदस्यों के अमूल्य सहयोग से अस्तित्व में आई तथा तब से लेकर आज तक यह संस्था न केवल हमीरपुर अपितु हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, मंडी तथा बिलासपुर और ऊना आदि जिलों के अनाथ व बेसहारा पढ़ने वाले बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करती आ रही है। इस समय संस्था के लगभग 150 के आस-पास सम्मानित सदस्य हैं, जो



अपने नए सदस्यों के साथ असहाय कल्याण सभा के सदस्य।

समय-समय पर इस संस्था द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े असहाय छात्रों के कल्याणार्थ सेवा देकर, जन कल्याण के कार्य को आगे बढ़ाने में अपना बहुमूल्य आर्थिक योगदान तथा समय भी दे रहे हैं। इस अवसर पर सर्वप्रथम संस्था के मूल संस्थापक रोशन लाल को सदस्यों द्वारा संस्था के लगातार 25 वर्ष का सफल सेवाकाल पूर्ण होने पर स्वेच्छा से सम्मानित किया तथा केक आदि काटकर सभा में उपस्थित सभी छात्रों तथा उनके अभिभावकों को वितरित किया तथा तत्पश्चात सभी को भण्डारे का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा पिछले सत्रों की तरह इस बार भी लगभग 90-92 जरूरत मंद छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र 1000 रुपए के हिसाब से छमाही आर्थिक योगदान दिया।

### 11 नए सदस्यों ने ली सदस्यता

**संस्था** ने स्नेहा राक्मा विद्यालय करोट की छात्रा को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में कक्षा जमा दो में मैरिट में आने पर भी विशेष रूप से 2100 रुपए देकर सम्मानित किया गया तथा संस्था द्वारा इसे भी कक्षा छठी से जमा दो की पढ़ाई पूरी करने तक पहले से ही आर्थिक सहायता दी जा रही है। संस्था में सुनीता कुमारी सुजानपुर, कर्नल यशपाल, रोहित, मानसी राणा, उर्वी ठाकुर, रसिक, दीपिका, अनिका, जिनेश कुमारी, आशा रानी व मनीषा ठाकुर आदि 11 नए सदस्यों ने अपनी सदस्यता ली।

## न्यूज ब्रीफ

### वीर चक्र से सम्मानित सतीश कुमार को मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिले के जोगिंद्रनगर के समोहली गांव के रहने वाले 4 डोगरा रेजिमेंट के नायब सूबेदार सतीश कुमार को वीर चक्र मिलने पर बधाई दी है। उन्हें यह सम्मान 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उनकी बहादुरी के लिए दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतीश कुमार ने पाकिस्तान की सेना को करारा जवाब देने में अहम भूमिका निभाई और उनकी वीरता ने पूरे हिमाचल को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश को 'वीरभूमि' कहा जाता है। यहां के सैनिकों ने अपनी बहादुरी से कई वीरता पुरस्कार जीते हैं, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी।

### बैजनाथ के स्पेशल फोर्स कमांडो विकास भंडारी का ड्यूटी के दौरान निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमंडल बैजनाथ की ग्राम पंचायत सकड़ी के गांव दयोड़ा निवासी 41 वर्षीय भारतीय सेना के स्पेशल फोर्स कमांडो विकास भंडारी का ड्यूटी के दौरान बीमार होने से 16 अगस्त को निधन हो गया। वह जम्मू के सेक्टर कुपवाड़ा में तैनात थे, जहां पर सेना का एक ऑपरेशन जारी था और वह अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हुए अस्वस्थ हो गए थे। उनका पार्थिव शरीर आज शाम को उनके पैतृक गांव दयोड़ा पहुंचेगा, जहां कल सैन्य व राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।



# हिमाचल साइबर क्राइम की नई पहल से सुरक्षित रहेगा आपका डेटा

## सर्विस सेंटरों पर रिपेयर मोबाइल करवाएंगे तो डेटा नहीं होगा चोरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

क्या आपके फोन की टूटी हुई स्क्रीन आपको अपनी सारी डिजिटल दुनिया खो देने का डर दे रही है? क्या आप इस बात से डरते हैं कि आपका निजी डेटा किसी के हाथ लग सकता है? अब डरने की जरूरत नहीं है। हिमाचल के हर नागरिक के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। राज्य सीआईडी, साइबर क्राइम ने एक ऐसी महत्वपूर्ण पहल की है, जो आपके सबसे बड़े डिजिटल डर को हमेशा के लिए खत्म कर देगी। यह एक ऐसा कदम है जो साइबर अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर देगा और आपको एक सुरक्षित डिजिटल जीवन का भरोसा देगा।

साइबर क्राइम ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि लोग लोकल या अनधिकृत दुकानों के बजाय केवल अधिकृत सर्विस सेंटरों पर ही अपने फोन रिपेयर कराएं। उन्होंने कहा कि अक्सर स्थानीय रिपेयर की दुकानों पर प्रशिक्षित तकनीशियनों की कमी होती है और डेटा की गोपनीयता बनाए रखने का कोई निश्चित प्रोटोकॉल नहीं होता। वहीं, अधिकृत सर्विस सेंटर एक स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हैं, जिससे डेटा चोरी का जोखिम कम हो जाता है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी सलाह दी है कि अगर संभव हो तो ग्राहक को फोन की जांच के दौरान मौजूद रहना चाहिए। यह जागरूकता न सिर्फ शहर के लोगों के लिए, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों के लिए भी आवश्यक है, जहां अक्सर लोग बिना सोचे-समझे किसी भी दुकान पर अपना फोन दे देते हैं।

### क्या कहते हैं साइबर क्राइम के डीआईजी

**प्रदेश** साइबर क्राइम के डीआईजी मोहित चावला ने उन छह महत्वपूर्ण उपायों का उल्लेख किया है, जिन्हें हर व्यक्ति को फोन रिपेयर से पहले अपनाना चाहिए। सबसे पहले, अपने सभी डेटा जैसे तस्वीरें, वीडियो, कॉन्टैक्ट्स और मैसेजेस का बैकअप लेना अनिवार्य है। इसके बाद, फोन में मौजूद सिम कार्ड और एसडी कार्ड को बाहर निकाल लेना चाहिए, क्योंकि इनमें भी कई संवेदनशील जानकारियां और बैंकिंग लिंक्स हो सकते हैं। तीसरा, फोन में मौजूद सभी संवेदनशील ऐप्स, जैसे बैंकिंग, सोशल मीडिया और ई-मेल से लॉगआउट करना बेहद जरूरी है। चौथा, किसी भी तरह की निजी फाइलों को फोन से हटा देना चाहिए या उन्हें सुरक्षित जगह पर ट्रांसफर कर देना चाहिए। पांचवां, एंड्रॉइड और सैमसंग उपयोगकर्ताओं को फोन रिपेयरिंग से पहले 'गेस्ट मोड' या 'मेंटेनेंस मोड' का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि निजी जानकारी पूरी तरह से लॉक हो जाए। अंत में, फोन रिपेयर के दौरान अपने मूल पासवर्ड की जगह एक अस्थायी पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए और बायोमेट्रिक अनलॉक को बंद कर देना चाहिए। इन सभी सुझावों का उद्देश्य हिमाचल के हर नागरिक को डिजिटल रूप से सुरक्षित और सशक्त बनाना है।



# बीपीएल से बाहर नहीं होंगे पात्र, गरीबों के साथ मुख्यमंत्री

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** जिले में बीपीएल की सूची से पात्र व जरूरतमंद परिवार बाहर नहीं होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गरीब परिवारों के साथ हैं। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग को मानदंडों को संशोधित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के निदेशक की ओर से सचिव ग्रामीण विकास विभाग को संशोधन प्रस्ताव भेज दिया गया है, जिसकी अधिसूचना जल्द जारी हो जाएगी।

- सीएम ने जनहित में मानदंड संशोधित करने के दिए निर्देश
- निदेशक ग्रामीण विकास व पंचायतीराज के प्रस्ताव पर जल्द जारी होगी अधिसूचना

बीपीएल परिवारों के चयन में इन मानदंडों का विशेष ध्यान रखना होगा। 27 वर्ष की आयु तक के अनाथ बच्चों को सूची में शामिल किया जाएगा। महिला मुखिया वाला परिवार भी शामिल होगा। बशर्ते 25 से 59 साल के बीच का कोई और व्यस्क सदस्य परिवार में न हो, क्योंकि 25 वर्ष की आयु तक बच्चे शिक्षा ग्रहण करते रहते हैं, उसके बाद ही नौकरी पाते हैं। 40 फीसदी दिव्यांग व्यक्ति को भी इसमें शामिल किया जाएगा। गंभीर बीमारियों से ग्रसित जैसे डायलिसिस, हेपिटाइटिस बी, एचआईवी एड्स, दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी टूटना, परिवार के मुख्यमंत्री के अलावा किसी अन्य सदस्य के भी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर बीपीएल सूची में शामिल किए जा सकेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत किसी भी योजना में मिले दो कमरों तक के मकान वाले भी बीपीएल में अपात्र नहीं माने जाएंगे। बिना आवेदन वाले पात्र परिवारों को भी संबंधित पंचायत सचिव अपने स्तर पर सूची में शामिल कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री के ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से बाहर नहीं होना चाहिए। पंचायत स्तर पर बीपीएल परिवारों के चयन में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

### पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में विकास को गति


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने चब्योगा (पच्छाद) और सलामू (राजगढ़) के बीच सड़क मार्ग को जोड़ने वाले गिरि नदी पर एक पुल के निर्माण के लिए 3.50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी रविवार को यहां लोक निर्माण विभाग के एक प्रवक्ता ने दी। जानकारी के अनुसार, यह निर्णय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के आधार पर लिया गया है। इस पुल का निर्माण क्षेत्र के लोगों के लिए परिवहन को सुगम बनाएगा। यह पुल इन क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेगा और उनके जीवन को आसान बनाएगा।

# हिमाचल में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की नई पहल

## शिमला सहित 77 स्थलों पर होगा विकास, पर्यावरण संरक्षण के साथ बढ़ेगा रोजगार और राजस्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश अब केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ईको-टूरिज्म में अपनी अग्रणी भूमिका के लिए भी जाना जाएगा। राज्य सरकार की नई पहल से प्रकृति की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यटन को भी एक नया आयाम मिल रहा है, जो हिमाचल को विश्व स्तर पर एक प्रमुख ईको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगा।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने नई ईको-टूरिज्म नीति लागू की है। इस नीति के तहत राज्य के विभिन्न वन क्षेत्रों में 77 नए ईको-टूरिज्म स्थलों का विकास किया जा रहा है। सरकार का अनुमान है कि इस पहल से अगले पांच वर्षों में लगभग 200 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा। इस नीति का मुख्य लक्ष्य प्रकृति की रक्षा करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और राज्य की अर्थव्यवस्था को हरित और स्थायी विकास की राह पर ले जाना है।

ईको-टूरिज्म का मतलब है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्राकृतिक स्थलों की सैर करना। हिमाचल की नई नीति इसी सिद्धांत पर आधारित है। यहां पर्यटक कई रोमांचक और पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।

शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा और सोलन जैसे जिलों में 77 स्थलों को विकसित किया जा रहा है। इनमें से शिमला में पॉटर हिल और शोघी और कुल्लू में सोलंग नाला और कसोल जैसे प्रमुख स्थानों पर ऑपरेटरों का चयन भी किया जा चुका है।

राज्य सरकार ने 2030 तक वनों की संख्या को 30 फीसदी तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत, महिला मंडल, युवा मंडल, स्वयं सहायता समूह और वन समितियां मिलकर एक से 5 हेक्टेयर भूमि पर अगले पांच वर्षों तक पौधरोपण और उनकी देखभाल करेंगी। इसके लिए 100 करोड़ का बजट रखा गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए, सरकार ने 100 से अधिक फॉरेस्ट रेस्ट हाउस और कैंपिंग साइट्स की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा शुरू की है।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

**ईको-टूरिज्म** केवल प्रकृति को नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रहा है। हर वन क्षेत्र में ईको-टूरिज्म समितियां बनाई गई हैं। अब तक 70 से ज्यादा युवाओं को नेचर गाइड और 135 मल्टी-पर्पज वर्कर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिससे उन्हें रोजगार मिल रहा है और वे प्रकृति के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं।

# 'प्रारंभ 2025' का शिक्षा मंत्री ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में चैरिटेबल सोसायटी क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा आयोजित 5वां खेल, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम 'प्रारंभ-2025' का उद्घाटन किया। उन्होंने युवा वर्ग में खेल, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।



प्रतिभागियों को सम्मानित करते रोहित ठाकुर।

इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, अपने नैतिक मूल्यों का पालन करने और अपनी समृद्ध पहाड़ी संस्कृति से हमेशा जुड़े रहने का आह्वान किया। ठाकुर ने कहा कि 'प्रारंभ' जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं, और अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास विकसित करने में मदद करते हैं। उन्होंने फाउंडेशन की सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए मुफ्त भागीदारी और योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति जैसी पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के समग्र विकास को बढ़ावा देना आवश्यक है ताकि वे भविष्य की

### विधानसभा मानसून सत्र के लिए शिमला में सुरक्षा कड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के लिए शिमला में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई है। जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए। सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए, विधानसभा क्षेत्र को पांच सेक्टरों में बांटा गया है, जहां सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि एक व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है, जिसमें आंतरिक और बाहरी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह कदम सत्र के सुचारु संचालन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

# आपदा में भ्रष्टाचार की सीमाएं लांघ गए कांग्रेसी : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मपुर के चोलथरा और अन्य क्षेत्रों का दौरा कर कांग्रेस सरकार पर आपदा में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 2022 में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार प्रदेश पर एक नई आपदा बनकर टूटी है।



राहत राशि का चेक भेंट करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

धर्मपुर में आयोजित कार्यक्रम में जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आते ही 2000 संस्थान बंद कर दिए और फिर आपदा से निपटने में पूरी तरह विफल रही। उन्होंने कहा कि सरकार ने 4500 करोड़ की राहत पैकेज की झूठी घोषणा की और मदद जरूरतमंदों के बजाय अपने 'मित्रों' के घर पहुंचाई।

**धर्मपुर में 84 आपदा प्रभावितों को बांटी राहत राशि**

उन्होंने बताया कि जब सराज क्षेत्र में 30 जून की रात को भीषण आपदा आई, तो मुख्यमंत्री 9 दिन बाद तब पहुंचे जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा क्षेत्र में पहुंच चुके थे। मुख्यमंत्री ने उनके सामने मुख्य सचिव को एक करोड़ रुपए भेजने का निर्देश दिया, जबकि क्षेत्र में नुकसान 1000 करोड़ रुपए से अधिक का हुआ था। जयराम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक ने अढ़ाई साल में करोड़ों की कोठी खड़ी कर ली और धर्मपुर को 10 साल पीछे धकेल दिया।

उन्होंने सरकार पर टेंडर में गड़बड़ी, मंत्रियों की अनभिज्ञता और मुख्यमंत्री द्वारा केवल 'मित्रों' को तवज्जो देने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि पेखू बेला सोलर प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है और ईमानदार इंजीनियर विमल नेगी की मौत इसका परिणाम है। उन्होंने केंद्र सरकार से मिले 5000 करोड़ की राहत राशि को केवल कांग्रेस के करीबियों पर खर्च करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर जयराम ने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जुटाई गई राहत राशि को धर्मपुर के 84 आपदा प्रभावितों में वितरित किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, विधायक दलीप ठाकुर, रजत ठाकुर और भाजपा नेत्री बंदना गुलेरिया भी मौजूद रहीं।

# पौंग का जलस्तर खतरे के निशान से नौ फुट दूर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

पौंग झील से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद भी जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। पौंग बांध से लगतार 59885 क्यूसिक के करीब पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि 137866 क्यूसिक पानी आ रहा है। जो कभी बढ़कर 142000 क्यूसिक से भी ज्यादा हो जा रहा है।



रविवार को पौंग झील का जलस्तर 1381.11 फीट रिकॉर्ड हुआ, जो कि खतरे के निशान से मात्र करीब 9 फुट की दूरी पर रहा है। झील का बढ़ता जलस्तर प्रशासन व बीबीएमबी के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अगर बीबीएमबी द्वारा ज्यादा पानी छोड़ा जाता है तो लोगों के घरों को काफी खतरा हो जाएगा और अगर पानी नहीं छोड़ते हैं तो बांध का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। पौंग बांध में 1410 फुट तक पानी स्टोर करने की क्षमता है, जबकि 1390 फुट के निशान को खतरे का निशान घोषित किया गया है। अब ऐसे में 1390 फुट से ऊपर पानी स्टोर नहीं किया जाता है। बीबीएमबी प्रशासन ने कहा कि लोगो को घबराने की जरूरत नही है, अभी बांध में पानी भरने की क्षमता काफी है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### मंड क्षेत्र में हो रही तबाही अवैध खनन का परिणाम : पठानिया

**जिला** कांगडा के निचले क्षेत्रो मे पौंग बांध से ब्यास नदी मे छोड़े गए पानी से मंड क्षेत्रों में जो तबाही हो रही है उसको लेकर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पठानिया ने खनन माफिया को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश सरकार को घेरा है। पठानिया ने कहा कि जिला कांगडा के फतेहपुर व इंदौरा विधानसभा के मंड क्षेत्र में हो रही त्रासदी का मुख्य कारण अवैध खनन है तथा इस अवैध खनन के कारण मंड क्षेत्र तहस नहस हुआ है। लोगों के घरों को खतरा हो गया है, जबकि एक तीन मंजिला भवन अवैध खनन की भेंट चढ़ गया है। मीडिया से बातचीत में पठानिया ने कहा कि अगर मंड क्षेत्र को बचाना है तो सरकार को इस क्षेत्र में खनन और क्रशरों को भी बंद करना होगा।

# बसाल फॉरेस्ट बीट में अवैध खैर कटान का पर्दाफाश, खैर के 76 और शहतूत के 9 मोच्छे बरामद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले के अंतर्गत आने वाली बसाल फॉरेस्ट बीट में वन विभाग ने एक गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई में अवैध रूप से काटे गए खैर के मोच्छों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया।



पकड़ी गई खैर और शहतूत की लकड़ी।

विभागीय सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई रामगढ़ धार फॉरेस्ट बीट के रेंज ऑफिसर संदीप कुमार के नेतृत्व में की गई। डीएफओ ऊना सुशील राणा ने जानकारी दी कि बसाल फॉरेस्ट बीट के तहत पड़ने वाले तल्प गांव की सरकारी भूमि पर लंबे समय से खैर के पेड़ों का अवैध कटान हो रहा था। जैसे ही विभाग को इसकी गुप्त सूचना मिली, तुरंत टीम गठित की गई और छापेमारी की। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो वहां अवैध कटान के ताजा निशान मिले। छापेमारी के दौरान टीम को मौके पर 12 खैर के ठूंठ मिले, जिनमें से 11 ठूंठ पुराने थे और करीब बीस दिन पहले काटे गए थे। इसके अलावा एक शहतूत का ठूंठ भी बरामद हुआ। टीम को देखकर अवैध कटान करने वाले मौके से भागने में सफल रहे।

**नीरज नामक व्यक्ति ने अवैध कटान को कबूला**

हालांकि, वन अधिकारी खैर के मोच्छों की तलाश में और आगे बढ़े। करीब 700 मीटर की दूरी पर स्थित भट्ठी स्थल पर जब टीम ने छानबीन की तो वहां 76 खैर के मोच्छे और 9 शहतूत के मोच्छे छिपाकर रखे गए मिले। यही नहीं, वहीं पर एक कोयले की भट्ठी भी मिली, जो शक्ति चंद नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड थी। जब शक्ति चंद को मौके पर बुलाकर गहनता से पूछताछ की गई तो उसका बेटा नीरज कुमार, गांव घुसाड़ा सामने आया। पूछताछ में नीरज ने कबूल किया कि उसने इस पूरे अवैध कटान को अंजाम देने के लिए राम बहादुर नामक व्यक्ति (जो नेपाल का रहने वाला है और चौकी में किराए पर रहता है) की मदद ली। नीरज ने यह भी बताया कि खैर के कटे हुए मोच्छों को एचपी 19-2778 नंबर के ट्रैक्टर में भरकर इस स्थान पर लाया गया था। इसके बाद रेंज ऑफिसर संदीप कुमार ने मामले की सूचना पुलिस चौकी जोल को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बरामद किए गए 76 खैर के मोच्छे अपने कब्जे में लिए। साथ ही पुलिस ने नीरज कुमार के बयान कलमबद्ध किए और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**आक्रोश** — पर्यटन व्यवसायी एकजुट, 22 और 25 अगस्त को बड़ी रैलियों का ऐलान

# शिमला से पर्यटन कार्यालय बदलने का विरोध शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रदेश सरकार के निर्णय के विरोध में शिमला शहर के पर्यटन व्यवसाय से जुड़े सैकड़ों लोगों ने एक बड़ी बैठक का आयोजन किया।





बिंदुराज धर्मशाला में आयोजित बैठक में पर्यटन विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी बात रखते हुए वक्ता।

बिंदुराज धर्मशाला में आयोजित इस बैठक में होटल संचालकों, होम स्टे मालिकों, रेस्तरां, टूर एंड ट्रैवल संचालकों, टैक्सी ऑपरेटरों, मजदूरों और कारीगरों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान, सभी ने एकमत होकर इस कदम को जनता विरोधी और पर्यटन विरोधी करार दिया।

**पर्यटन कारोबारियों में भारी आक्रोश**


अधिवेशन में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि पर्यटन विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत, 22 अगस्त को शिमला के उपायुक्त कार्यालय पर और 25 अगस्त को विधानसभा पर एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। इन रैलियों में पर्यटन से जुड़े सभी वर्ग के लोग शामिल होकर सरकार के फैसले का पुरजोर विरोध करेंगे। इस विरोध का मुख्य उद्देश्य सरकार पर दबाव बनाना है ताकि वह अपने इस निर्णय को तुरंत वापस ले और कार्यालय को यथावत शिमला में ही रहने दे।

### वक्ताओं ने स्थानांतरण पर उठाए सवाल

**अधिवेशन** को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने इस स्थानांतरण के पीछे कोई ठोस कारण न होने की बात कही। उन्होंने बताया कि शिमला पिछले 200 वर्षों से एक प्रमुख पर्यटन केंद्र रहा है और हिमाचल के पर्यटन राजस्व में इसका बड़ा योगदान है। कार्यालय को दूर ले जाने से प्रशासनिक कार्यों में भी दिक्कतें आएंगी, क्योंकि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल मुख्य सचिव, वित्त सचिव और अन्य अधिकारी शिमला सचिवालय में ही कार्य करते हैं। ऐसे में, उन्हें कई सौ किलोमीटर दूर कार्यालय का संचालन करने में भारी परेशानी होगी।

### लोगों की आजीविका पर खतरा

**वक्ताओं** ने जोर देकर कहा कि इस कदम से शिमला में पर्यटन से जुड़े लाखों लोगों की आजीविका पर सीधा और बुरा प्रभाव पड़ेगा। होटल से लेकर टैक्सी ऑपरेटरों, गाइडों और हस्तशिल्पियों तक, सभी की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। इसके अलावा, एचपीटीडीसी के कर्मचारियों को भी भारी आर्थिक नुकसान होगा, क्योंकि उन्हें पेंशन भुगतान के लिए शिमला स्थित ईपीएफ कार्यालय से लगातार संपर्क में रहना पड़ता है। इस स्थानांतरण से उन्हें दोनों कार्यालयों के बीच चक्कर लगाने में भारी दिक्कतें आएंगी। इसलिए, सभी ने सरकार से इस निर्णय को तुरंत रद्द करने की मांग की।

# भुई आंवला

## लिवर की सुरक्षा का हरा खजाना

बरसात के मौसम में खेत-खलिहानों, बगीचों और घर के आंगन में उगने वाली एक छोटी-सी हरी पत्तियों वाली जड़ी-बूटी है भुई आंवला (वैज्ञानिक नाम Phyllanthus niruri), जो दिखने में तो साधारण है, लेकिन औषधीय गुणों में असाधारण है। पीढ़ियों से यह पौधा हमारे पारंपरिक उपचार का अहम हिस्सा रहा है और आज भी आयुर्वेद की उन खास जड़ी-बूटियों में शामिल है, जो कई बीमारियों की रोकथाम और उपचार में कारगर है। भुई आवला मुख्यतः लिवर को मजबूती देने, पीलिया और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों में राहत पहुंचाने के लिए प्रसिद्ध है। आजकल गलत जीवनशैली, असंतुलित खानपान और तनाव के कारण लोग विभिन्न तरह की लाइफस्टाइल बीमारियों से जूझ रहे हैं, जिनमें किडनी और लिवर से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह परेशानी केवल नशा करने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि दिनभर कंप्यूटर पर काम करने वाले कर्मचारी, शारीरिक श्रम न करने वाले लोग और कई महिलाएं भी इन चुनौतियों का सामना कर रही हैं। ऐसे समय में सदियों से लिवर टॉनिक के रूप में उपयोग में लाया जाने वाला भुई आंवला एक प्राकृतिक और सुलभ उपाय है। यह घर के आंगन, बगीचे या गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है और जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य संवारने में सहायक हो सकता है।





### पहचान और नामकरण

**भुई** का अर्थ है भूमि, अर्थात यह पौधा और इसके फल ज़मीन के कउगते हैं। भुई आंवला का नाम इसके फलों से जुड़ा है, जो छोटे-छोटे हरे दानों के रूप में आंवले जैसे दिखते हैं और पत्तियों के नीचे लटकते हैं। पत्तियों के नीचे फल लगना इसकी सबसे आसान पहचान है, जिससे इसे कोई भी पहचान सकता है। यह एक छोटा, नाजुक, वार्षिक (एक वर्ष में जीवन चक्र पूरा करने वाला) शाकीय पौधा है, जिसकी ऊंचाई सामान्यतः 30 से 60 सेंटीमीटर तक होती है। कई स्थानों पर इसे 'भुम्यावली' या 'गालेन' के नाम से भी जाना जाता है।

### पारंपरिक औषधीय उपयोग

**आयुर्वेद** में भुई आंवला को 'यकृत मित्र' माना गया है। पुराने समय में गांवों में लोग इसकी पत्तियों और तनों का रस निकालकर पीते थे, जिससे शरीर की गर्मी कम होती थी और लीवर को मजबूती मिलती थी। यह पित्त स्राव को संतुलित करने और रक्त को शुद्ध करने में सहायक है। जैसा कि कहा जाता है, 'परहेज इलाज से बेहतर है', इसलिए जरूरी है कि हम इसे बीमार होने के बाद नहीं, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए अपने आहार में शामिल करें।

### भुई आंवला के औषधीय लाभ

**लिवर की सुरक्षा (Hepatoprotective)**
पीलिया, हैपेटाइटिस और फैटी लिवर में सहायक। लिवर कोशिकाओं के पुनर्निर्माण में मदद करता है।

**एंटीवायरल गुण :** हेपेटाइटिस-बी वायरस की वृद्धि को धीमा करने में संभावित प्रभाव। वायरल संक्रमणों से लड़ने में सहायक।

**गुर्दे की पथरी में राहतः** पथरी के आकार को घटाने और मूत्र मार्ग से बाहर निकालने में मदद। मूत्र मार्ग की सूजन कम करता है।

**मूत्रवर्धक प्रभाव :** शरीर से अतिरिक्त पानी और विषैले तत्व बाहर निकालने में सहायक।

**पाचन तंत्र के लिए लाभकारी :** अपच, एसिडिटी और कब्ज में राहत। भूख बढ़ाने में मदद।

**रक्त शोधन :** खून से विषैले तत्व निकालकर त्वचा संबंधी समस्याओं में सहायक।

**सूजन-रोधी गुण :** जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द में सहायक।

**एंटीऑक्सीडेंट गुण :** शरीर को फ्री-रेडिकल्स से बचाकर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमी करता है।

**मधुमेह नियंत्रण में संभावित मदद**
रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायक (शोधाधीन)।

**प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला**
रोग प्रतिरोधक तंत्र को मज़बूत करता है।





डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

### आधुनिक शोध प्रमाण

*हाल के वैज्ञानिक अध्ययनों ने पुष्टि की है कि भुई आंवला में पाए जाने वाले सक्रिय यौगिकों में एंटीवायरल, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। हेपेटाइटिस-बी, गुर्दे की पथरी और शुगर नियंत्रण में इसकी संभावनाओं पर शोध जारी है। फिलैंथिन और हायपॉफिलैंथिन जैसे लिग्नान्स इसमें पाए जाते हैं, जो हेपेटोप्रोटेक्टिव गुण रखते हैं। यह लीवर कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाता है और क्षतिग्रस्त कोशिकाओं के पुनर्निर्माण में सहायक है। हेपेटाइटिस-बी वायरस की वृद्धि को धीमा करने की क्षमता पर भी शोध हुए हैं।*

**भुई आंवला के पोषक तत्व :**
*भुई आंवला न केवल औषधीय गुणों का खजाना है, बल्कि यह खाद्य मूल्यों का भी भंडार है। इसके 100 ग्राम ताजा हरे भाग में मिलने वाले पोषक तत्व इस प्रकार हैं।*

| पोषक तत्व | मात्रा |
|---|---|
| ऊर्जा | 934 किलो कैलोरी |
| कार्बोहाइड्रेट | 6-7 ग्राम |
| प्रोटीन | 2-3 ग्राम |
| वसा | 0.3-0.5 ग्राम |
| आहार रेशा | 2-3 ग्राम |
| कैल्शियम | 180-200 मि.ग्रा |
| फॉस्फोरस | 40-50 मि.ग्रा |
| लोहा (Iron) | 2-4 मि.ग्रा |
| पोटैशियम | 500-550 मि.ग्रा |
| मैग्नीशियम | 40-45 मि.ग्रा |
| विटामिन सी | 10-15 मि.ग्रा |
| विटामिन ए | (बीटा-कैरोटीन) |
| 300-350 | माइक्रोग्राम |
| विटामिन B1 (थायमिन | 0.04-0.05 मि.ग्रा |
| विटामिन B2 (राइबोफ्लेविन) | 0.1 मि.ग्रा |

***फाइटोकेमिकल्स फ्लेवोनोइड्स, टैनिन, लिग्नान्स, एल्कालॉयड्स***

### कब और कैसे सेवन करें

**भुई** आंवला वर्षा ऋतु में अधिक पाया जाता है। इसे ताजे पत्तों को रस, चूर्ण या काढ़े के रूप में लिया जा सकता है।

**सेवन के पारंपरिक तरीके**
- *ताजे पत्तों का रस-10-15 मिली, दिन में 1-2 बार (विशेषज्ञ की सलाह से)*
- *सूखे पौधे का चूर्ण -2-3 ग्राम गुनगुने पानी के साथ*
- *काढ़ा-10-15 ग्राम ताजा पौधे को पानी में उबालकर*

**सावधानियां :** किसी भी औषधीय उपयोग से पहले योग्य वैद्य या चिकित्सक की सलाह लेना आवश्यक है, क्योंकि इसकी अधिक मात्रा से शरीर पर दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं व कम रक्तचाप वाले लोग इसे चिकित्सकीय परामर्श के बिना न लें। लंबे समय तक उपयोग से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना आवश्यक है।
***हालांकि, स्वस्थ व्यक्ति इस जंगली औषधीय पौधे को खाद्य पूरक के रूप में छोटी मात्रा में अपना सकते हैं-***
**ताजी पत्तियांः** एक मुट्ठी रोज मौसम की उपलब्धता के दौरान
**सूखी पत्तियांः** 3-6 ग्राम प्रतिदिन
इन्हें ग्रीन जूस, हर्बल चाय, सब्जियों, कचरू, ओम्लेट, झोल, करी और स्नैक्स में मिलाकर आसानी से सेवन किया जा सकता है। थोड़ी-सी यह हरी पत्तियां लिवर को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में मददगार साबित हो सकती हैं।

**लिवर स्वास्थ्य से लेकर निर्यात तक-भुई आंवला की कमाई की राह**
भुई आंवला की आयुर्वेदिक, यूनानी और हर्बल दवाओं में बड़ी मांग है। इसका उपयोग मुख्य रूप से लिवर टॉनिक, पीलिया, पथरी और मूत्रविकार की औषधियों में होता है। साथ ही हर्बल टी, पाउडर, सिरप, कैप्सूल और काढ़ा प्रीमिक्स जैसे वैल्यू-एडेड उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। किसान और स्वयं सहायता समूह इसकी संगठित खेती, कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग और ई-कॉमर्स बिक्री के माध्यम से इसे आय का एक स्थायी स्रोत बना सकते हैं।

**सतत उपयोग और संरक्षण**
आज की व्यस्त जीवनशैली में लोग आसानी से उपलब्ध इस औषधीय पौधे को पहचानना भूलते जा रहे हैं। हमें चाहिए कि हम पारंपरिक जड़ी-बूटियों का संरक्षण करें, उन्हें घर के किचन गार्डन में उगाएं और अगली पीढ़ी को इनके बारे में बताएं।



# वर्टिगो



*वर्टिगो एक ऐसा अनुभव है, जिसमें आपको लगता है कि आपका आस-पास का वातावरण गोल-गोल घूम रहा है, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं होता। यह आपको चक्कर और असंतुलन महसूस करा सकता है। वर्टिगो स्वयं में कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह कई स्वास्थ्य समस्याओं का एक लक्षण है, जो अक्सर अन्य लक्षणों के साथ दिखाई देता है। वर्टिगो (Vertigo) वाले लोग आमतौर पर अपनी स्थिति को इस तरह महसूस करने के रूप में बताते हैं:-*

* घूमना * झुकना * डगमगाना * असंतुलित होना * एक दिशा में खिंचाव महसूस होना

**वर्टिगो के साथ होने वाले अन्य लक्षण**
* मितली और उल्टी * चक्कर आना
* सिरदर्द

**संतुलन बनाए रखने में कठिनाई**
* एक या दोनों कानों में सुनने की क्षमता कम होना
* टिनिटस (कानों में घंटी या सीटी जैसी आवाज आना)


**वर्टिगो के कारण**
**वर्टिगो** के कारण अलग-अलग लोगों में भिन्न हो सकते हैं। इसके अलावा भी कारण हो सकते हैं, जिसकी जांच होने पर कारण निश्चित किया जाता है और जिस कारण से वर्टिगो की समस्या है, उसका इलाज करने से वर्टिगो कम हो दूर हो सकता है।

**कान या उसके आसपास होने वाला संक्रमण**
* कान की सर्जरी * माइग्रेन
* सिरदर्द * मधुमेह
***कुछ** दवाइयां (जैसे कुछ एंटीबायोटिक्स, सूजन-रोधी दवाएं और हृदय संबंधी दवाएं)*


**सिर की चोट**
* लो ब्लड प्रेशर (खड़े होने पर * रक्तचाप का गिरना) * मस्तिष्क रोग * डिहाइड्रेशन * स्ट्रोक

**हृदय संबंधित कुछ बीमारी**
**यहां** पर कुछ होम्योपैथिक दवा के लक्षण दिए गए है। ये दवाएं लक्षणों और कारणों के आधार पर दी जाती हैं, इसलिए इन्हें लेने से पहले योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श करना जरूरी है।

**1. कॉनियम मैक्युलेटम**
- जब चक्कर विशेष रूप से सिर घुमाने, लेटने या करवट बदलने पर हो







डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

- आंख बंद करने पर चक्कर और असंतुलन बढ़ जाना
- सिर में भारीपन महसूस होना

**2. जेल्सेमियम**
- चक्कर के साथ कमजोरी, थकान और नींद जैसा महसूस होना
- धुंधला दिखाई देना, सिर में भारीपन और गर्दन में अकड़न
- अधिकतर मानसिक तनाव, डर या परीक्षा से पहले के कारण चक्कर आना

**3. ब्रायोनिया अल्बा**
- हल्का सा भी सिर या शरीर हिलाने पर चक्कर आना
- लेटने पर या सिर घुमाने पर चक्कर बढ़ना, लेकिन पूरी तरह स्थिर रहने पर आराम
- चक्कर के साथ सिरदर्द और प्यास ज्यादा लगना

**4. कोक्युलस इंडिकस**
- यात्रा या वाहन चलने पर चक्कर आना
- चक्कर के साथ मितली, उल्टी और कमजोरी
- नींद की कमी, देर रात जागने या लंबी देखभाल के कारण चक्कर

**5. चिनिनम सल्फ**
- बार-बार घूमने जैसा चक्कर और कान में घंटी बजने (Tinnitus) के साथ।
- सुनाई कम देना और कान में भरेपन का एहसास।
- मेनिएर रोग में उपयोगी


**6. फॉस्फोरिक एसिड**
- लंबी बीमारी, मानसिक तनाव या कमजोरी के बाद चक्कर
- चक्कर के साथ मानसिक सुस्ती और ध्यान न लगना
- अन्य सहायक सुझाव
- अचानक सिर न घुमाएं।
- ज्यादा समय तक एक ही पोजिशन में न रहें।
- नमक का अत्यधिक सेवन (खासतौर पर मेनिएर रोग में) कम करें। ◆ पर्याप्त नींद और पानी लें।

# पैरालिसिस होने पर साढ़े चार घंटे के भीतर मरीज का चिकित्सकीय उपचार संभव

**आज की तनाव भरी जिंदगी में पैरालिसिस यानी लकवा बीमारी आम बात हो गई है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता के मुताबिक पैरालिसिस (लकवा) होने पर साढ़े चार घंटे के भीतर मरीज को चिकित्सकीय उपचार देना जरूरी होता है। इसलिए जैसे ही पैरालिसिस के लक्षण दिखने लगे, वैसे ही मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाना बेहतर रहता है। इस अवधि में पहुंचने पर मरीज के ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है। अकसर देखा गया है कि पैरालिसिस अटैक आने के बाद अस्पताल ले जाने में देरी कर देते हैं। इस वजह से मरीज को समय पर इलाज न मिलने से वह आजीवन पैरालिसिस से ग्रस्त रहता है, इसलिए जागरूकता की जरूरत है। स्ट्रोक आमतौर पर दिमाग के एक हिस्से को प्रभावित करता है।**

### दो तरह से आते हैं पैरालिसिस

**डॉ.** गुप्ता का कहना है कि पैरालिसिस दो तरह से आते हैं। एक स्ट्रोक, जिसमें मस्तिष्क में खून पहुंचना बंद हो जाता है। दूसरा हेमरेज, जिसमें मस्तिष्क की नसें फट जाती हैं। हम स्ट्रोक की बात करें तो इसमें टीआइए (ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक) होता है, जो 24 से 48 घंटे में आता है। कई मरीजों में इसकी शिकायतें देखने को मिलती हैं, इसलिए अटैक के बाद शरीर में आने वाले बदलाव और लक्षण का समझना जरूरी होता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि साढ़े चार घंटे के भीतर चिकित्सकीय उपचार मिलने के बाद चिकित्सकीय परामर्श से तीन से छह माह तक लगातार फिजियोथेरेपी की आवश्यकता होती है। इससे परिणाम अच्छे आते हैं। अधिकतर केस में इलाज के एक वर्ष बाद फिजियोथेरेपी शुरू करते हैं। ऐसे में इसका कोई मतलब नहीं रह जाता है।





### ऐसे पहचानें लकवा को

डॉ. गुप्ता ने बताया कि लकवा आने पर कुछ लक्षण उभर कर सामने आने लगते हैं। इसमें हाथ सही तरीके से काम करना बंद कर देता है। कुछ हटाने में दिक्कत महसूस होने लगती है। आवाज लड़खड़ाने लगती है। चेहरा थोड़ा तिरछा देखने लगता है। वहीं, मुस्कुराने पर मुंह एक ओर खींचने लगता है। पानी पीने पर मुंह की एक ओर से पानी गिरने लगता है। यदि कुछ ऐसा प्रतीत हो रहा है, तो तत्काल हास्पिटल पहुंचना चाहिए और उस अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई की जांच की सुविधा होनी चाहिए।

### भाप स्नान

**एक** अन्य उपाय के अनुसार लकवा रोग से पीड़ित रोगी को प्रतिदिन भाप स्नान करना चाहिए। स्नान के बाद उसे गर्म गीली चादर से अपने शरीर के रोगग्रस्त भाग को यानी जिस भाग को लकवा हुआ है, केवल उसी भाग को ढकना चाहिए। यह करने के बाद अंत में कुछ देर के बाद उसे धूप में बैठना चाहिए। उसके रोगग्रस्त भाग पर धूप पड़ना बेहद जरूरी है।



डॉ. एनके गुप्ता।

### रीढ़ की हड्डी को सही रखें

**लकवा** रोग से पीड़ित व्यक्ति को अपनी रीढ़ की हड्डी को दुरुस्त बनाए रखने की भी कोशिश करनी चाहिए। क्योंकि मस्तिष्क की इंद्रियां यहीं से हो गुजरती हैं। यहां रोजाना गर्म या ठंडे पानी से सिकाई करनी चाहिए। जरूरी नहीं है कि गर्म पानी से ही सिकाई हो, यदि रोगी को ठंडा पानी सही लगे तो वह उससे भी सिकाई कर सकता है।

**गर्म चीजों का सेवन :** लकवा रोग से पीड़ित रोगी यदि बहुत अधिक कमजोर हो तो रोगी को गर्म चीजों का अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उसे रोग से लड़ने की शक्ति मिलेगी, लेकिन पैरालिसिस के जिन रोगियों को उच्च रक्तचाप की समस्या है, वे गर्म चीजों से पूरी तरह से परहेज करें।

**अन्य उपायः** प्राकृतिक चिकित्सा के भीतर एक और उपाय मौजूद है, जिसे लकवा रोग के मामले में रामबाण समझा जा सकता है। यह उपाय मिट्टी के प्रयोग से किया जाता है। आयुर्वेद ने मिट्टी को उत्तम माना है। क्या आप जानते हैं कि यह मिट्टी कैंसर जैसी बीमारियों को भी काटने की सक्षमता रखती है?

### अपनाएं 'लाइफ सिंपल सेवन' के सरल नियम

ब्रेन और हार्ट को अच्छा रखना के लिए हर व्यक्ति को लाइफ सिंपल सेवन के सिद्धांत को अपनाना चाहिए। इसमें पहला धूमपान नहीं करना चाहिए। दूसरा रोजाना फिजिकल एक्टिविटी करना चाहिए, जिसमें कसरत और योगा शामिल हैं। तीसरा खानपान संतुलित होना चाहिए। घर का बना खाना ही खाना चाहिए। चौथा वजन को नियंत्रण में रखना चाहिए। पांचवां कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखना चाहिए। छठा बीपी को नियंत्रण में रखना चाहिए और 7वां ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए। ऐसा करने से हार्ट और ब्रेन की समस्या होने की आशंका बेहद ही कम हो जाएगी।

### गीली मिट्टी का लेप

**लकवा** रोग को काटने के लिए लकवा रोग से पीड़ित रोगी के पेट पर गीली मिट्टी का लेप करना चाहिए। यदि रोजाना न हो सके, तो एक दिन छोड़कर यह उपाय जरूर करना चाहिए। इसके उसके बाद रोगी को कटिस्नान कराना चाहिए। यदि यह इलाज प्रतिदिन किया जाए, तो कुछ ही दिनों में लकवा रोग ठीक हो जाता है।

**चिकित्सकीय परामर्श से तीन से छह माह तक फिजियोथेरेपी की आवश्यकता**

### ये उपाय भी अपनाएं

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सबसे पहले रोगी को जितना हो सके फलों का रस पिलाएं। कम से कम 10 दिनों तक फलों का रस, नींबू का रस, नारियल पानी, सब्जियों के रस या आंवले के रस में शहद मिलाकर पीना चाहिए। इसका अलावा एक और खास प्रकार का रस है, जिसमें अंगूर, नाशपाती तथा सेब के रस को बराबर मात्रा में मिलाकर रोगी को पिलाना है। इसके अलावा रोगी को क्या नहीं खाना चाहिए यह भी जानना जरूरी है। रोगी को बाहर का तला-भुना खाना नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा जब तक उसका उपचार चल रहा है और इलाज में कोई उन्नति न दिखी हो, तब तक उसे पका हुआ भोजन बिलकुल न दें। डॉ. गुप्ता का कहना है कि लकवे रोग के कारण मस्तिष्क का चाहे कोई भी भाग नष्ट हुआ है तो रोग के बढ़ने की संभावना बनी रहती है, इसलिए उपचार के दौरान रोगी के दिमाग को किसी प्रकार की कोई चोट न पहुंचे, इस बात का खास ख्याल रखा जाना चाहिए। रोगी को किसी प्रकार का कोई मानसिक तनाव न होने पाए, यह भी ध्यान रखें। यदि वह मानसिक रूप से स्वस्थ होगा, तो जल्द ही उसके ठीक होने की संभावना बनेगी। नहीं तो उपरोक्त बताए सही उपाय एक के बाद एक असफल होते चले जाएंगे।

**प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन।**

# आयुर्वेद : प्रकृति से जुड़कर बीमारियों का समग्र समाधान

**आयुर्वेद** भारत की प्राचीनतम चिकित्सा प्रणाली, न केवल रोगों के उपचार की विधा है, बल्कि यह जीवन जीने की एक समग्र और संतुलित पद्धति भी है। यह शास्त्र हमें बताता है कि शरीर, मन और आत्मा-इन तीनों की समरसता से ही पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। आयुर्वेद का उद्देश्य केवल रोग निवारण नहीं, बल्कि 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणं, आतुरस्य विकार प्रशमनं' है अर्थात स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी के रोगों का शमन। जिला स्तरीय आयुर्वेदिक अस्पताल बिलासपुर की आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा का कहना है कि आयुर्वेद कोई चमत्कारी उपचार नहीं, बल्कि यह प्रकृति के नियमों पर आधारित एक शाश्वत विज्ञान है। यदि इसे जीवनशैली में अपनाया जाए, तो अनेक रोगों से बचाव संभव है और पहले से हो चुके रोगों का भी स्थायी समाधान मिल सकता है। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि प्रकृति से जुड़ो, स्वयं से जुड़ो और स्वस्थ रहो।



### प्राकृतिक उपचार की विधियां

**औषधीय उपचार :** तुलसी, हल्दी, अश्वगंधा, त्रिफला, आंवला, गिलोय जैसे अनेक औषधीय पौधे आयुर्वेद में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनका उपयोग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और शरीर को विषरहित करने में किया जाता है।

### रोगों का मूल कारण : दोषों का असंतुलन

आयुर्वेद के अनुसार शरीर में वात, पित्त और कफ ये तीनों दोष होते हैं। जब ये संतुलन में रहते हैं, तो व्यक्ति स्वस्थ रहता है। लेकिन जब इनमें असंतुलन होता है, तो शरीर में विभिन्न प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।
- **वात विकार से जोड़ों का दर्द, कब्ज, अनिद्रा आदि होते हैं।**
- **पित्त विकार से त्वचा रोग, जलन, अम्लपित्त (एसिडिटी) आदि उत्पन्न होते हैं।**
- **कफ विकार से सर्दी, खांसी, थकावट व मोटापा होता है।**

आयुर्वेद इन विकारों को जड़ से पहचानकर उनकी जड़ पर ही उपचार करता है, जिससे रोग का पूर्ण और स्थायी समाधान होता है।



डॉ. प्रियंका शर्मा, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर।



### योग और ध्यान

**मानसिक** तनाव आज अधिकांश बीमारियों की जड़ बन चुका है। योग, प्राणायाम और ध्यान से मन को शांत किया जा सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप, अवसाद, अनिद्रा और हृदय रोगों जैसी समस्याएं नियंत्रित होती हैं।

**पंचकर्म चिकित्सा :** पंचकर्म आयुर्वेद की विशिष्ट उपचार पद्धति है, जिसमें शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालकर शुद्धिकरण किया जाता है। यह न केवल रोगों का इलाज करता है, बल्कि शरीर को फिर से ऊर्जा से भर देता है।



### आधुनिक युग में आयुर्वेद की आवश्यकता

आज जब जीवनशैली तेजी से बदल रही है और लोग तनाव, प्रदूषण, दूषित आहार और रासायनिक दवाओं के कारण रोगग्रस्त हो रहे हैं, ऐसे समय में आयुर्वेद एक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बनकर उभरा है। यह सिर्फ लक्षणों को नहीं, बल्कि रोग की जड़ को पहचानता है और व्यक्ति की प्रकृति के अनुसार उपचार देता है।

**प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।**



### डाइट और जीवनशैली

आयुर्वेद में भोजन को औषधि कहा गया है। सही समय पर, ऋतु अनुसार और प्रकृति के अनुसार भोजन करना, नियमित दिनचर्या अपनाना और समय पर सोना-जागना शरीर को रोगों से दूर रखता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जलवायु परिवर्तन से निपटने को पौधरोपण जरूरी



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** धौलाधार रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा नगर निगम के वार्ड 13 में विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य अतिथि एसडीएम नेत्रा मेती और विशिष्ट अतिथि दिव्या यादव रहीं। इस दौरान 70 से अधिक जैकरांडा, टेकोमा, सिल्वर ओक, थुजा, हिबिस्कस जैसे पौधे लगाए। एसडीएम ने जैव विविधता, भूजल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और जलवायु परिवर्तन से निपटने में पौधरोपण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से पौधों की देखभाल को सामूहिक जिम्मेदारी बताया और रोटरी क्लब के प्रयासों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना गया

### प्रो. मनोज यूजीसी कार्यपरिषद सदस्य नियुक्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के शिक्षा विभाग अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार सक्सेना को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर की कार्यपरिषद में तीन वर्ष के लिए सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति यूजीसी के चेयरमैन द्वारा की गई है और इसकी सूचना डॉ. अंजू मोहन गल्होत्रा ने जारी की। प्रो. सक्सेना पहले बाबा गुलाम शाह बादशाह विश्वविद्यालय, राजौरी की अकादमिक परिषद के सदस्य रह चुके हैं। वे वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एवं यूजीसी की विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी हैं, जो केंद्रीय विश्वविद्यालयों में विभाग खोलने और पद सृजन का कार्य करती है। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने प्रो. सक्सेना को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन ने तय किया एजेंडा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन की बैठक रविवार को शाहपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष और हिमाचल वॉलीबाल एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने की। बैठक में वीरेंद्र कंवर को भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन का अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया। आगामी खेलों की योजनाओं पर चर्चा हुई, जिसमें अंडर-21 की प्रतियोगिता कांगड़ा, सीनियर प्रतियोगिता सोलन, अंडर-14 हमीरपुर, सब जूनियर अंडर-16 ऊना और जूनियर अंडर-18 मंडी में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सभी खिलाड़ियों और कोचों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाएगा। प्रत्येक जिले से तीन रेफरी बनाए जाएंगे, जिनमें एक महिला रेफरी भी शामिल होगी। बैठक में हिमाचल वॉलीबाल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, सचिव मदन और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। कांगड़ा वॉलीबाल एसोसिएशन के चुनाव भी इसी दौरान संपन्न हुए।

### संजीव को टीजीटी कला संघ नूरपुर की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के तीन खंडों नूरपुर, खुंडियां और फतेहपुर में चुनाव हुए। नूरपुर इकाई का चुनाव बौड़ में सर्वसम्मति से हुआ, जिसमें संजीव कुमार अध्यक्ष, राकेश कौंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश कुमार महासचिव, ओम स्वरूप कोषाध्यक्ष, जोगिंद्र सिंह मुख्य सलाहकार और भूपेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी चुने गए। महिला विंग में नीलम देवी अध्यक्ष तथा सोनिया धीमान सचिव बनीं। खुंडियां इकाई में राजा कुमार राणा अध्यक्ष, गुरमीत सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय कुमार महासचिव, पंकज राणा उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार कोषाध्यक्ष व अमिता कुमारी प्रेस सचिव बनीं। महिला विंग में सुनीता कुमारी अध्यक्ष व रंजना राणा उपाध्यक्ष चुनी गई। फतेहपुर इकाई में खुशहाल पठानिया अध्यक्ष, हरिकांत गर्ग उपाध्यक्ष, यशवीर पठानिया सचिव, रजनीश कुमार कोषाध्यक्ष, अमरीक सिंह प्रेस सचिव और जसविंदर सिंह सलाहकार बने। महिला विंग में नीलम चिव अध्यक्ष और सुनीता कुमारी उपाध्यक्ष बनीं। प्रदेश महासचिव विजय हीर ने सभी नवचयनित सदस्यों को बधाई दी।

## साढ़े आठ करोड़ से हो रहा कार्य; चल रहे कई प्रोजेक्ट, भविष्य की चुनौतियां होंगी दूर

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर 3 एयरक्राफ्ट एक साथ हो सकेंगे पार्क

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश के सबसे बड़े एयरपोर्ट में शुमार कांगड़ा एयरपोर्ट पर एक साथ तीन एयरकाफ्ट पार्क हो सकेंगे। इसके लिए साढ़े आठ करोड़ से व्यवस्था के लिए कार्य किया जा रहा है। एयरपोर्ट पर चल रहे विभिन्न प्रोजेक्टस के माध्यम से भविष्य की चुनौतियां भी दूर होंगी। कांगड़ा एयरपोर्ट पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है।

कांगड़ा एयरपोर्ट अपने यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने में अग्रणी रहा है। साथ ही वर्ष 2024-25 के ग्राहक संतुष्ट सर्वे में भी कांगड़ा एयरपोर्ट ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। प्रगति के साथ साथ आवश्यकताएं भी होती हैं, कांगड़ा एयरपोर्ट उन पर भी कार्य कर रहा है। वर्तमान में कांगड़ा एयरपोर्ट पर कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जो कि आने वाले समय में चुनौतियों को दूर करेंगे।




कांगड़ा एयरपोर्ट।



कांगड़ा एयरपोर्ट पर वर्तमान में कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनसे भविष्य की चुनौतियों को दूर करेंगे। एयरपोर्ट पर तीन एयरक्राफ्ट एक साथ पार्क हो सकें, उसके लिए साढ़े आठ करोड़ से व्यवस्था की जा रही है। एयरपोर्ट टर्मिनल में कंजेशन की समस्या को भी दूर किया जा रहा है।

-धीरेंद्र सिंह, डायरेक्टर, कांगड़ा एयरपोर्ट

### एयरपोर्ट टर्मिनल की मॉडिफिकेशन

**एयरपोर्ट** टर्मिनल की कंजेशन को दूर करने के लिए इसका मॉडिफिकेशन किया जा रहा है, जिसके तहत प्रथम मंजिल बनाई जा रही है और धरातल मंजिल का भी विस्तार किया जा रहा है। इससे यात्रियों को बैठने के लिए उचित जगह मिलने के साथ कमर्शियल स्पेस उपलब्ध हो यानी यात्रियों को शॉपिंग आदि करनी होगी, तो वे कर सकें। इसके लिए एयरपोर्ट में जगह उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यही नहीं कांगड़ा एयरपोर्ट पर वर्तमान में दो एयरक्राफ्ट को ही पार्क करने की सुविधा है, जिससे चलते लिमिटेड फ्लाइट्स ही कांगड़ा एयरपोर्ट पर उतर रही थी। ऐसे में कांगड़ा एयरपोर्ट पर साढ़े आठ करोड़ रुपए की लागत से व्यवस्था की जा रही है, ताकि तीन एयरक्राफ्ट एक समय पर एयरपोर्ट पर पार्क हो सकेंगे।

### पांच साल में 25 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगा प्राधिकरण

**भारतीय** विमानपतन प्राधिकरण आधारभूत ढांचे को विकसित कर सुविधाएं बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने तय किया है कि वर्ष 2024-2025 से लेकर 2028-29 तक यानी पांच वर्षो के अंतराल में देशभर में एयरपोर्ट विकास पर 25 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसके तहत देशभर के एयरपोर्ट्स में सुविधाएं बढ़ाने के साथ यात्रियों की सहूलियतों पर ध्यान दिया जाएगा। विकसित भारत के तहत देशभर में साढ़े तीन सौ से चार सौ एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य तय किया गया है, उसे पूरा करने में प्राधिकरण आगे बढ़ेगा।

## सरवन कुमार अध्यक्ष व प्रवेश बने उपाध्यक्ष

**कृषि विवि के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण संघ की कार्यकारिणी गठित**

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण संघ ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। कर्मचारियों की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, समस्याओं को प्रशासन के समक्ष उठाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेगी।

सरवन कुमार अध्यक्ष, प्रवेश कुमार उपाध्यक्ष, सतीश कुमार महासचिव एवं कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार प्रेस सचिव शामिल हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी में कमल कुमार, राजेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, संसार चंद, सिमरो देवी, कमला देवी, मदन लाल और मेहर चंद को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी कर्मचारियों ने नई टीम को बधाई दी और संगठन की प्रगति की कामना की।

## बरसात में अब तक 41 की गई जान, दो लोग अभी भी लापता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में इस बार बरसात का कहर जारी है। डेढ़ माह से अधिक समय से जिले में बरसात के दौरान अभी तक 41 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, निजी और सार्वजनिक संपत्ति को भी 43.39 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। इसके अलावा दो लोग अभी भी लापता हैं। पिछले 24 घंटों की बात करें तो इस दौरान जिले में फतेहपुर उपमंडल में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान रुमालो पुत्र गुरदित्ता निवासी सिहल उपरली फतेहपुर के रूप में हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में नौ मकानों सहित सात गोशालाओं को नुकसान हुआ है। इन घटनाओं में 9.95 लाख के नुकसान का आकलन किया गया है। जिले में अभी तक कुल 401 घरों और 419 गोशालाओं को भी नुकसान हो चुका है। 20 जून से अब तक कुल 155 पशुधन की हानि हुई है। इसमें 21 गाय, 2 खच्चर, 1 बैल, 9 भैंस, 112 बकरियां और 10 भेड़ें शामिल हैं। 20 जून से 12 अगस्त तक जिले में बरसात से कुल मिलाकर 43.39 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान दर्ज किया गया है।

**43.39 करोड़ रुपए का नुकसान**

## बरसात का कहर: आधा दर्जन स्लाइडिंग जोन में खिसक रही जमीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बारिश** ने धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। आधा दर्जन के करीब एक्टिव स्लाइडिंग जोन में बड़े स्तर पर भूस्खलन व जमीन खिसक रही है। जमीन खिसकने से दर्जनों पेड़ सड़कों पर आ रहे हैं।

धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया खड़ा डंडा मार्ग वाहनों के लिए बंद हो चुका है। वहीं, सर्किट हाउस धर्मशाला का डंगा भी धंस गया है। मैक्लोडगंज-धर्मकोट रोड पर जमीन खिसकने से पेड़ सड़कों पर गिर गए थे, जिन्हें हटाकर मार्ग को फिर से खोला गया है। धर्मकोट की ओर भी कई पेड़ गिरने की कगार पर हैं, जिससे बड़ा खतरा बना हुआ है। धर्मशाला बस स्टैंड से मैक्लोडगंज बाईपास रोड पर भी जमीन धंसने से सड़क और बिजली के खंभे खतरे में हैं। विद्युत तारों को नुकसान के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। लोक निर्माण विभाग धर्मशाला डिविजन को बारिश से अब तक सवा छह करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अधिशाषी अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि मलवा हटाकर सड़कें दुरुस्त की जा रही हैं, लेकिन खड़ा डंडा मार्ग पूरी तरह बंद है। सर्किट हाउस चीलगाड़ी में धंसे डंगे की मरम्मत जल्द की जाएगी। हालात अभी भी गंभीर हैं और सतर्कता जरूरी है।




**खड़ा डंडा मार्ग बंद, सर्किट हाउस धर्मशाला का भी डंगा धंसा**

## कमल को जिला वॉलीबाल एसोसिएशन की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा वॉलीबाल एसोसिएशन की नई टीम का चयन किया गया। कमल कुमार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में सुनील शर्मा, अमित राणा, संतोष कुमार और राजीव कुमार शामिल हैं। इसके अलावा, महासचिव के रूप में संजीव राणा, सहसचिव के रूप में प्रदीप शर्मा और महिंद्र को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नवनिर्वाचित टीम के अन्य सदस्यों में मीडिया समन्वयक विचित्र शर्मा, सदस्य श्याम सुंदर, संजीव डोगरा, मंजू बाला, पवन कटोच, पुनीत महाजन, अमित डोगरा और मनु सूद शामिल हैं।

## हैप्पी बर्थडे



नव्या चौहान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## 27 सितंबर से शुरू होगी वाल्मीकि समाज की यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 27 और 28 सितंबर को हिमाचल प्रदेश से वाल्मीकि तीर्थ स्थान अमृतसर के लिए धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जाएगा। धर्मशाला में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा प्रेसवार्ता में बताया गया कि इस वर्ष यात्रा के लिए 14 बसें रवाना होंगी, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी हैं। समाज के संचालक विजय दानव ने कहा कि वाल्मीकि समाज धर्म और समाज के प्रति अब अधिक सक्रिय हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत करने की भी बात कही।

## आरएस बाली को ऑब्जर्वर नियुक्ति पर बधाई

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली को पंजाब कांग्रेस का ऑब्जर्वर नियुक्त होने पर पूर्व मंत्री स्व. शिवकुमार उपमन्यु के बेटे रंजन उपमन्यु, राजीव उपमन्यु व पौत्र राहुल उपमन्यु ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आरएस बाली हमेशा संगठन में समर्पण के लिए कार्य करते हैं। इनके संगठन कौशल और दक्षता को पहचानते हुए हाईकमान ने यह दायित्व उन्हें दिया है। उन्होंने कहा कि आरएस बाली के कुशल मार्गदर्शन में पंजाब कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

## सरकार कर रही छात्रों से अन्याय : नैंसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एबीवीपी प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने सरकार द्वारा अटल मेडिकल विश्वविद्यालय को नेरचौक से सरकाघाट व बागवानी महाविद्यालय को थुनाग से गौहर स्थानांतरित करने को छात्रों के साथ अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की स्थिति चिंताजनक है और स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति में देरी हो रही है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए केंद्र को राशि जमा न करना शिक्षा उपेक्षा दर्शाता है। नैंसी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिए तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा।

## बाबा बालक रूपी मंदिर में गणेश महोत्सव 27 से

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जय बाबा बालकरूपी मंदिर में गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पंडित शशी शर्मा ने बताया कि 27 अगस्त से लेकर 6 सितंबर तक आलमपुर के साथ बाबा बालक रूपी मंदिर में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कथावाचक पंडित विवेक शर्मा वृंदावन वाले अपने मधुर वचनों से संगत पर अमृत वर्षा करेंगे। 27 अगस्त सुबह 10: 30 बजे मूर्ति परिक्रमा, मूर्ति स्थापना 11: 30 बजे तथा कथा कीर्तन 1:30 बजे दोपहर से सायं 4:30 बजे तक रहेगा।

## बसनूर में बारिश की भेंट चढ़ी गोशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला परिषद सदस्य पंकज और प्रशासन टीम ने किया मुआयना**

**शाहपुर** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बसनूर पंचायत के वार्ड 5 में तेज बारिश के कारण एक गोशाला ढह गई। गोशाला ढहने की सूचना मिलने पर प्रशासन ने मौके का मुआयना किया।

जानकारी के अनुसार, बसनूर के वार्ड पांच निवासी कविंद्र भारद्वाज की गोशाला ध्वस्त हो गई है। सूचना मिलने पर चड़ी वार्ड से जिला परिषद सदस्य पंकज कुमार पंकु ने प्रशासन के साथ मुआयना किया। उन्होंने बताया कि राजस्व अधिकारी द्वारा ध्वस्त हुई गोशाला का निरीक्षण किया है तथा जिसकी रिपोर्ट तैयार की गई है। प्रभावित परिवार को राहत मेन्यूल के तहत मुआवजा प्रदान किया जाएगा।



बसनूर में बारिश से ढही गोशाला।

## पठानकोट में उज्ज व जलालिया दरिया उफान पर, कई गांवों में भरा पानी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट जिले के भोआ विधानसभा क्षेत्र में उज्ज और जलालिया दरिया के उफान के कारण बमियाल क्षेत्र के 7-8 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। जैदपुर, मनवाल, मंगवाल, झरोली, छानी, आन्याल, बामियाल और बीएसएफ पोस्ट जैदपुर में पानी भर गया है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने उज्ज दरिया पर पहले ही तटबंध बना दिए थे, जिससे नुकसान कम हुआ। मंत्री ने बीएसएफ और सेना की सहायता की भी सराहना की। उन्होंने जिला प्रशासन को नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।



पंजाब के मंत्री लाल चंद ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

## मच्छिंद्रनाथ मंदिर में लगाया भंडारा सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



मूमता स्थित मच्छिंद्रनाथ मंदिर में लगाए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**मूमता** स्थित मच्छिंद्रनाथ मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। रविवार को सुबह 11 बजे से देर शाम तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पूर्व शनिवार रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया। मच्छिंद्रनाथ मंदिर एवं मच्छियाल सुधार सभा के संयोजक सुमित्र सिंह मसंद ने बताया कि मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य जोर-शोर से जारी है। शीघ्र ही मंदिर परिसर में अखंड धूने के पास मंदिर को जागृत करने वाले बाबा गंभीर गिरी जी की भव्य प्रतिमा प्रतिष्ठापित की जाएगी, जिसे जयपुर के कारीगर विशेष रूप से तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में पिछले 35 वर्षों से धार्मिक अनुष्ठान होते आ रहे हैं। वहीं, पिछले छह वर्षों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और शिवरात्रि पर विशाल जागरण का आयोजन अब परंपरा बन चुका है।

## धर्मशाला में बेसहारा पशु को बचाते बाइक दुर्घटना में 1 व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते बाईपास रोड में बेसहारा पशु को बचाते हुए बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में पंजाब केव्यक्ति की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, पंजाब से 4 बाइकों पर सवार 8 लोगों का एक समूह कांगड़ा जिले के मंदिरों के दर्शनों के लिए निकला था। शनिवार देर रात तक अधिकांश मंदिरों और मैक्लोडगंज घूमने के बाद यह समूह वापस लौट रहा था। इस दौरान उनके समूह का एक बाइक सवार सदस्य धर्मशाला बाईपास रोड़ मैक्लोडगंज के निजी अस्पताल के पास आते मैक्लोडगंज बाईपास कैंट रोड के पास एक बेसहारा पशु को बचाते समय दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना के कारण चालक और पीछे बैठे दोनों व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें जोनल अस्साल धर्मशाला लाया गया, जहां डॉक्टर ने बाइक सवार राहुल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की पुष्टि एएसपी वीर बहादुर ने की है।

## सकरी पंचायत में मिला आई लव पाकिस्तान लिखा संदिग्ध गुब्बारा

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां से सटी पंचायत सकरी में रविवार देर शाम स्थानीय निवासी निर्मला देवी के खेतों में संदिग्ध 'आई लव पाकिस्तान' लिखा हुआ एक गुब्बारा मिला।




इसकी सूचना तुरंत थाना हरिपुर को दी गई, जिस पर थाना प्रभारी मनजीत सिंह मनकोटिया और एएसआई अनूप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। सकरी पंचायत के उपप्रधान रामस्वरूप शर्मा ने लोगों से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध वस्तु नजर आए तो तुरंत पंचायत या पुलिस को सूचित करें। देहरा के एसपी मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि की और सतर्कता बरतने का आग्रह किया है।

## मुसीबत: एक किलोमीटर तक सड़क गड्ढों में तब्दील, दो फुट तक पड़े गहरे गड्ढे

# करियाडा-कुंदलीहार मार्ग पर जरा संभलकर

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** करियाडा-कुंदलीहार सड़क अपनी बदहाली की कहानी खुद सुना रही है। बरसात के दिनों में करीब एक किलोमीटर तक हिस्सा गड्ढों का दलदल बन चुका है। हालात ऐसे हैं कि सड़क कम और तालाब ज्यादा नजर आती है।

रविवार सुबह इस मार्ग से एक दंपती और उनका छोटा बच्चा बाइक पर सवार होकर गुजर रहे थे कि अचानक कीचड़ से भरे गहरे गड्ढे में बाइक फिसल गई और तीनों गिर गए। ग्रामीणों ने उन्हें बचाया, लेकिन यह मंजर देखकर लोग दहशत में आ गए। उधर, लोक निर्माण विभाग देहरा के एसडीओ राजेंद्र बग्गा का कहना है कि बरसात का मौसम ठीक होते ही उपरोक्त सड़क को रिपेयर किया जाएगा।



करियाडा-कुंदलीहार सड़क पर पड़े गड्ढों में भरा बारिश का पानी।

### वर्षों से नहीं ली सड़क की सुध

**स्थानीय** निवासी निरंजन दास शर्मा, प्रकाश चंद, अश्विनी शर्मा, सतपाल शर्मा आदि ने कहा कि वर्षों से इस सड़क की सुध नहीं ली गई। आज हालत इतनी खराब है कि अगर तत्काल मरम्मत न हुई तो यह रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाएगा। इस सड़क की बदहाली ने न सिर्फ विकास के दावों की पोल खोली है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि कागजों पर सड़कें चमचमा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में लोग खतरों से जूझ रहे हैं।

### विभाग की लापरवाही बनी हादसों का कारण

**ग्रामीणों** का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही ने इस सड़क को मौत का जाल बना दिया है। गड्ढों की चौड़ाई पांच से सात फुट तक और गहराई दो फुट से ज्यादा हो चुकी है। ऊपर से कीचड़ और बारिश का पानी भर जाने से इनकी पहचान भी मुश्किल है। बाहरी वाहन चालक अचानक फंस जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि यह मार्ग केवल ग्रामीणों के लिए ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक नाग मंदिर तक पहुंचने का मुख्य रास्ता भी है। हर रोज सैकड़ों श्रद्धालु और पर्यटक इस मार्ग से गुजरते हैं और हादसों की आशंका झेलते हैं।

## षड्यंत्र के तहत मुझे व मेरे परिवार को किया प्रताड़ित : कुलदीप



व्यापारी वर्ग ने सोशल मीडिया पर मामले को फैलाने वालों के खिलाफ पत्रकार वार्ता की।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ के व्यापारी कुलदीप सोनी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच में षड्यंत्र का खुलासा हुआ है। इस संदर्भ में व्यापारी वर्ग ने उक्त व्यक्ति और सोशल मीडिया पर मामले को फैलाने वाले लोगों के खिलाफ मानहानि का दावा करने को लेकर रविवार को पत्रकार वार्ता की।

कुलदीप ने बताया कि एक षड्यंत्र के तहत उन्हें और उनके परिवार को प्रताड़ित किया गया, जबकि पुलिस जांच में मामला उनके खिलाफ गलत पाया गया। पुलिस अधिकारियों और मीडिया कर्मियों का आभार भी जताया गया, जिन्होंने मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह मामला बीते कुछ दिनों पहले कार रोककर लड़की से कथित छेड़छाड़ और मारपीट का था, जो पुलिस जांच में झूठा निकला। शिकायत में बताए गए बोलेरो कैंपर की गाड़ी नंबर भी गलत साबित हुआ। पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार उर्फ फांदी के खिलाफ मारपीट, रास्ता रोकने, अपमानित करने और शांति भंग करने के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी घटना के दिन से पंजाब फरार है। पत्रकार वार्ता में रविंद्र बिट्टू, मिलाप राणा, रमेश चड्ढा, शैलभ अवस्थी समेत कई लोग मौजूद थे।

## महंगाई भत्ता न मिलने पर पेंशनरों में गहरा रोष

# सरकार को चेताया, 20 सितंबर तक मांगें न मानीं तो होगा उग्र आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**स्वतंत्रता** दिवस पर मुख्यमंत्री सुक्खू की ओर से पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता व लंबित संशोधित वित्तीय लाभों की घोषणा न करने पर पेंशनर्स में गहरा रोष है। प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर और महासचिव भूपराम वर्मा ने सरकार की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर 20 सितंबर तक देनदारियों के भुगतान की घोषणा नहीं हुई, तो पेंशनर्स सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

**कहा- स्वतंत्रता दिवस पर कोई घोषणा न कर की अनदेखी**

**110 माह का बकाया महंगाई भत्ता लंबित**

सुरेश ठाकुर, जो प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि संघर्ष समिति के अंतर्गत आने वाले 15 संगठनों की आपात बैठक जल्द बुलाई जा रही है। इंद्र पाल शर्मा इसके लिए तैयारियों में जुटे हैं।

उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 60 फीसदी संशोधित वित्तीय लाभों-ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट और कम्युटेशन का भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही 110 महीने का बकाया महंगाई भत्ता और वर्तमान में 13 फीसदी महंगाई भत्ते की देनदारी लंबित है।

पिछले दो वर्षों से पेंशनरों के करोड़ों रुपए के चिकित्सा बिल भी विभागों में अटके हैं। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार शीघ्र बातचीत कर ठोस कदम नहीं उठाती, तो विधानसभा घेराव सहित आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द पेंशनरों की संघर्ष समिति और पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के शिष्टमंडल को बातचीत के लिए बुलाए और उपरोक्त मांगों को पूरा करने के लिए अधिसूचना जारी करें, नहीं तो संघर्ष समिति आंदोलन शुरू करेगी। इस दौरान शिमला में प्रदर्शन के साथ विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा।

# लालिमा से लबालब बागान, पर मंडियों में मायूसी

## औसतन दाम 63.55 फिर भी प्रीमियम किस्मों की हालत खराब, तुर्की सेबों की आमद ने घटाई कीमत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की वादियों में इस साल सेब ने रंग खूब भरे हैं। बगीचों के माथे पर लटकती रॉयल, गाला और रेड गोल्डन की लाली दूर से ही चमकती है। पैदावार संतोष देती है, पर मंडियों की नब्ज उखड़ी हुई है। मांग मौजूद है, फिर भी भाव ठहरते नहीं, एक ही दिन अलग-अलग मंडियों में कीमतें इतना बदलती हैं कि बागवान का हिसाब डगमगा जाता है। फल की संख्या बढ़ी, पर कमाई की रेखा पतली हो गई।

जानकारी के अनुसार हिमाचल की मंडियों में इस सीजन में एक करोड़ के आसपास बॉक्से पहुंच चुके हैं। औसतन भाव 63.55 प्रति किलो दर्ज हुआ है। रॉयल डिलिशियस जैसे प्रीमियम फल की हालत विरोधाभासी है। इस असमानता ने बागवान की जेब में छेद और चिंता दोनों गहरे कर दिए हैं। ऊपर से तुर्की से आया सेब 1. 20 लाख मीट्रिक टन, जो भारत के कुल आयात का लगभग 23 प्रतिशत है। अब हिमाचल की मेहनत को और भी सस्ता साबित कर रहा है।

बरसात ने इस बार सिर्फ खेत नहीं, रास्ते भी तोड़े। रोहड़ू-ठियोग-ननखड़ी, रामपुर की धुरी हो या सेरी- जुब्बल, कोटखाई के पहाड़ी मोड़, जगह-जगह धंसान और कीचड़ ने ट्रकों की रफ़्तार बांध दी। देर से पहुंचा फल नमी से थक जाता है। चमक दबती है, सतह पर हल्की चोटें उभरती हैं, साइज उम्मीद से छोटा रह जाता है। मंडी में वही थकावट दामों पर भारी पड़ती है। खरीदार गुणवत्ता का बहाना लेकर भाव नीचे खींच देते हैं।

कागज़ पर योजनाएं हैं, ज़मीन पर सहारा कम। नियंत्रित-वायु भंडारण सीमित। छोटे बागवान के पास फल रोककर बेहतर दिन देखने की क्षमता नहीं। कमीशन एजेंट और बिचौलिये कीमत की दिशा तय कर लेते हैं। ऊपर से आयातित सेबों की आमद घरेलू बाज़ार पर छाया डालती है। दरवाजा खुला हो तो पहाड़ी मेहनत की पहचान धुंधला जाती है। ई-नीलामी और पारदर्शिता की बातें अभी पहाड़ की ढलानों तक पूरी तरह पहुंची नहीं, सूचनाओं की दूरी भी दामों में दूरी बनाती है। रॉयल की चमक, गाला की ताजगी, रेड गोल्डन की पुरानी शान तीनों की थाल भरपूर है, फिर भी भाव लहरों की तरह उठते-गिरते हैं। अच्छे बगीचे से निकला चुना हुआ फल भी सड़क की मार और देर की कीमत चुका देता है। एक तरफ उपभोक्ता कहते हैं, 'गुणवत्ता चाहिए' दूसरी तरफ बागवान पूछता है 'किस रास्ते से पहुंचा दूं कि वह गुणवत्ता सलामत रहे?' जवाब सड़कों की मरम्मत और तेज़, भरोसेमंद ढुलाई में छिपा है।

बागवान का दर्द सीधा है 'फल है, खरीदार हैं, दाम क्यों नहीं?' शासन से आग्रह भी उतना ही साफ पहाड़ के लिए सड़कें सिर्फ रास्ते नहीं, जीवन-रेखा हैं; भंडारण सिर्फ गोदाम नहीं, समय पर मिला सहारा है; और आयात पर नीति सिर्फ व्यापार नहीं, घरेलू मेहनत की मर्यादा है। यदि यही अनसुनी चलती रही तो हिमाचल की सेब-अर्थव्यवस्था की दीवारों में महीन दरारें चौड़ी होती जाएंगी।

### फार्म-टू-टेबल मॉडल से बढ़े उपभोक्ताओं तक सीधी पहुंच

**समाधान** दूर नहीं। बरसाती महीनों से पहले संवेदनशील मार्गों की मरम्मत, ढुलाई के लिए समय-बंधा कॉरिडोर, छोटे उत्पादकों के लिए समूह आधारित सीए-स्टोर की सुविधा, और मंडियों में पारदर्शी बोली, ये चार कदम बागवान का मन लौटा सकते हैं। साथ ही, फार्म-टू-टेबल मॉडल से सीधे उपभोक्ता तक पहुंच बढ़े तो बिचौलियों की पकड़ ढीली पड़ेगी। नीति, सड़क और सूचना तीनों का सुर एक साथ मिला तो लाल सेब की शान फिर से सिर उठाकर चलेगी।

### व्यवस्था की लय से लौटेगा भरोसा



**यहां** की ढलानों पर झूमता सेब सिर्फ फल नहीं, यह पहाड़ की मेहनत, आशा और पहचान का दूसरा नाम है। मौसम ने साथ दिया है। अब बारी रास्तों, नीतियों और बाज़ार की है। जब व्यवस्था लय पकड़ लेगी, तभी यह लाली थाली नहीं, रोजगार के खातों में भी भरोसे का रंग भरेगी।

# मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्थानांतरण पर सियासत

## किसान सभा ने सीएम पर जनता को आपस में उलझाने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

**हिमाचल** किसान सभा के उपाध्यक्ष जोगिंद्र वालिया ने स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को बल्ह (नेरचौक) से सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा की कड़ी निंदा की है। किसान सभा ने इस फैसले को राजनीतिक स्वार्थों से प्रेरित बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है।

शिमला से प्रेस को जारी एक बयान में वालिया ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी मंडीवासियों के वर्षों के संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने याद दिलाया कि धूमल सरकार के समय मंडी में निजी मेडिकल कॉलेज खोलने और मंडी अस्पताल को भी निजी हाथों में सौंपने की कोशिश की गई थी, जिसका जनता ने कड़ा विरोध किया। उसी जन-आंदोलन के दबाव में मजबूर होकर ईएसआईसी की मदद से नेरचौक में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा हुई थी। बाद में 2016 में ईएसआईसी के पीछे हटने के बाद इसे प्रदेश सरकार ने अपने खर्च पर चलाया, और 2019 में इसे अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित किया गया।

जोगिंद्र वालिया ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुखु पर मंडी जिला की जनता को आपस में लड़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले बल्ह, फिर सुंदरनगर और अब सरकाघाट में यूनिवर्सिटी को स्थानांतरित करने की घोषणाएं केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए की जा रही हैं। किसान सभा का मानना है कि जब पिछले सात वर्षों में कोई भी सरकार इस यूनिवर्सिटी को पूरी तरह से स्थापित नहीं कर पाई, तो अगले दो-ढाई साल में यह संभव नहीं है।

### किसान सभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**किसान** सभा ने स्पष्ट किया है कि सरकाघाट में भी विकास होना चाहिए, लेकिन मेडिकल यूनिवर्सिटी को नेरचौक में ही रहने दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकाघाट में कोई अन्य बड़ा संस्थान, जैसे एयरपोर्ट, स्पोर्ट्स कॉलेज या नर्सिंग संस्थान स्थापित किया जा सकता है। वालिया ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस घोषणा को वापस नहीं लिया तो हिमाचल किसान सभा अन्य जन-संगठनों के साथ मिलकर एक बड़ा जन-आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी।



नेरचौक में मेडिकल यूनिवर्सिटी बनाए रखने की मांग

# डिग्री कॉलेज चायल कोटी में एंटी-रैगिंग पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में एंटी-रैगिंग सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक किया गया। सप्ताह की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार से नए छात्रों को मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना नहीं देंगे। सप्ताह के दौरान रैगिंग के खतरों और कानूनी पहलुओं पर आधारित वृत्तचित्र दिखाया गया। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने रैगिंग के दुष्परिणामों पर विचार रखे। समापन अवसर पर स्लोगन लेखन और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने रचनात्मक ढंग से संदेश दिया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# आवारा कुत्तों को पहनाए जाएंगे क्यूआर व जीपीएस आधारित पट्टे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए राहत की उम्मीद : चौहान**

**शिमला** नगर निगम ने आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए नई योजना तैयार की है। मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि अब शहर के आवारा कुत्तों को क्यूआर और जीपीएस आधारित पट्टे पहनाए जाएंगे। इसके जरिए न केवल उनकी वास्तविक संख्या और लोकेशन पर नज़र रखी जा सकेगी, बल्कि नागरिक भी मोबाइल स्कैनिंग से किसी कुत्ते की जानकारी प्राप्त कर पाएंगे। इस पहल को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत तकनीक से जोड़कर एक मॉडल योजना के रूप में लागू किया जाएगा।



मेयर ने बताया कि आवारा कुत्तों के कारण आए दिन पर्यटकों और स्थानीय लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार सड़क हादसे और काटने की घटनाएं भी सामने आती हैं। ऐसे में यह प्रणाली शहरवासियों को सुरक्षा प्रदान करने में मददगार होगी। चौहान ने कहा कि इस तकनीक से कुत्तों की गिनती, स्वास्थ्य स्थिति और टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

### नगर निगम की जनता से अपील और सहयोग

**नगर** निगम ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि कचरा खुले में न डालें, ताकि कुत्तों को भोजन के लिए सड़कों पर भटकना न पड़े। साथ ही, स्थानीय एनजीओ और पशु कल्याण समितियों के साथ मिलकर शेल्टर होम और स्टरलाइजेशन प्रक्रिया को भी तेज किया जाएगा। मेयर चौहान का कहना है कि तकनीक और सामूहिक प्रयासों के मेल से ही शिमला को आवारा कुत्तों की समस्या से राहत दिलाई जा सकेगी।

# चियोग स्कूल में पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत सूबेदार मेजर लाइक राम चंदेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और विद्यार्थियों के आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। विद्यालय परिवार ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया। समारोह में केंद्र प्राथमिक पाठशाला और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिवांश ने कविता के माध्यम से देशप्रेम की भावना जगाई, जबकि अंकित, यशस्विनी और श्रद्धा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर विचार रखे। प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष रमेश वर्मा, सेवानिवृत सैनिक, शिक्षक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षण संस्थानों से खिलवाड़ बंद करे सरकार: अभाविप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर शिक्षा संस्थानों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने हाल में अटल मेडिकल विश्वविद्यालय को नेरचौक से सरकाघाट और बागवानी महाविद्यालय को थुनाग से गोहर स्थानांतरित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल रहे हैं और राजनीतिक स्वार्थ के लिए लिए जा रहे हैं।



नैंसी अटल ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय राजनीतिक फैसलों और अस्थाई व्यवस्थाओं के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौणी विश्वविद्यालय में कुलपति चयन पर विवाद चल रहा है, जबकि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को साढ़े तीन साल बाद स्थायी कुलपति मिला। इसके अलावा, पालमपुर विश्वविद्यालय दो साल से और तकनीकी विश्वविद्यालय अतिरिक्त प्रभार पर चल रहे हैं, जो दिखाता है कि सरकार शिक्षा को मजबूत करने की बजाय सिर्फ काम चलाऊ व्यवस्थाओं पर निर्भर है।

### सीयू का मुद्दा

**एबीवीपी** ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि सरकार ने धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए केंद्र को 30 करोड़ रुपये की राशि भी जमा नहीं कराई है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि सरकार शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दे रही है।

### आंदोलन की चेतावनी

**एबीवीपी** ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उसने तुरंत स्थायी और पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू नहीं कीं और स्थानांतरण जैसे फैसले वापस नहीं लिए, तो परिषद पूरे प्रदेश में जोरदार आंदोलन करेगी। नैंसी अटल ने साफ शब्दों में कहा है कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नोहा मेले में टपरोली की टीम बनी कबड्डी विजेता



नोहा मेले में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** मशोबरा ब्लॉक की नोहा पंचायत में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर पारंपरिक ग्रामीण मेले का आयोजन किया गया। मेले में कबड्डी प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही, जिसमें शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों की दस टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल में टपरोली क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नोहा टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया।

मेले का शुभारंभ एपीएमसी ढली किन्नौर के अध्यक्ष देवानंद वर्मा ने ध्वजारोहण कर किया। युवा क्लब नोहा और महिला मंडल लखोटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेले में स्कूली बच्चों व महिला मंडल की महिलाओं ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर अतर सिंह ठाकुर व ध्रुव मंहत विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, महिला मंडल प्रधान रीना राणा और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बिलासपुर कॉलेज में पीटीए कार्यकारिणी गठन टला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 17 अगस्त को प्रस्तावित अध्यापक-अभिभावक संघ (पीटीए) की कार्यकारिणी का गठन कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दिया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि अब कार्यकारिणी का गठन 14 सितंबर को किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों की कम उपस्थिति पर चिंता जताई और अपील की कि वे आगामी बैठक में अधिक संख्या में भाग लें, ताकि विद्यार्थियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा सके। इस अवसर पर पीटीए के प्रधान नईम मोहम्मद, सचिव डॉ. जसवाल आदि उपस्थित रहे।

# संजीव वात्स्यायन बने रोटरी क्लब के प्रधान




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** संजीव वात्स्यायन बने रोटरी क्लब बिलासपुर के नए प्रधानबिलासपुर के युवा व्यवसायी संजीव वात्स्यायन को रोटरी क्लब बिलासपुर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। होटल पंचवटी में आयोजित समारोह में रोटरी इंटरनेशनल के गवर्नर रोहित ओबराय ने उन्हें कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा। इस मौके पर धर्मेंद्र राणा सहित कई गणमान्य रोटेरियन मौजूद रहे। वहीं, चेतन ठाकुर को कोषाध्यक्ष, संजीव शारदा और हरिकृष्ण गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश गुप्ता को उपाध्यक्ष व भीष्म शर्मा को सह सचिव बनाया गया। संजीव वात्स्यायन ने सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने और जरूरतमंदों को कृत्रिम टांग उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने अपील की कि सहायता की जरूरत होने पर क्लब से संपर्क करें। कार्यक्रम में निदेशक मंडल के 12 सदस्यों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# कुठेड़ा पंचायत ने दो होनहार किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा (बिलासपुर)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर पंचायत कुठेड़ा (बिलासपुर) में दो युवा प्रतिभाओं को पंचायत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कुठेड़ा गांव के अंशुल सोनी, जो हाल ही में केनरा बैंक आगरा में सहायक मैनेजर नियुक्त हुए हैं और साडग गांव की पायल, जो राजगढ़, सिरमौर में टीजीटी मेडिकल के पद पर कार्यरत है, उनको यह सम्मान प्रदान किया गया। पंचायत प्रधान ज्योति प्रकाश ने दोनों को शुभकामनाएं दीं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभिभावक, वार्ड सदस्य अशोक कुमार और निशा कुमारी भी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त पेंशनर्स की देनदारियों पर चर्चा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की इकाई पंजगाईं के पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस पर पंचायत घर में ध्वजारोहण किया। इसके बाद पंचायत के पूर्व प्रधान स्व. सुनील धीमान की प्रतिमा के अनावरण पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी स्मृति में अर्जुन और रुद्राक्ष के दो पौधे लगाए गए। इसके बाद एसोसिएशन की बैठक यूनिट प्रधान एवं राज्य उपप्रधान अश्विनी शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं विशेषकर जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनर्स की देनदारियों और संगठन की एकता तथा पेंशनर्स के प्रति सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान लेख राम कौंडल, जिला प्रधान जगदीश दिनेश और जिला महासचिव नरोत्तम धीमान तथा सदर खंड प्रधान जय कृष्ण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## भारतीय शैली कुश्ती संघ हिमाचल इकाई का किया गठन

# सुरेश प्रधान व दिनेश बने महासचिव




घुमारवीं में रविवार को भारतीय शैली कुश्ती संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**घुमारवीं** शहर के निजी होटल में रविवार को भारतीय शैली कुश्ती संघ हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव गौरव सचदेवा ने की। बैठक में प्रदेश स्तर पर भारतीय शैली कुश्ती संघ के गठन एवं मिट्टी की कुश्ती को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रधान पद की कमान सुरेश कुमार गांव मैहतपुर जिला ऊना को सौंपी गई।

महासचिव दिनेश कुमार (लक्की) जिला बिलासपुर, कोषाध्यक्ष विशाल महाजन जिला बिलासपुर तथा कार्यकारी प्रधान पद पर जोगेंदर सिंह चंदेल को जिम्मेदारी सौंपी गई। राष्ट्रीय महासचिव गौरव सचदेवा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिकार पत्र प्रदान किए और संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के लिए उन्हें अधिकृत भी किया। वहीं, सभी कुश्ती प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि हिमाचल प्रदेश में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे और युवा पहलवानों को अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव गौरव सचदेवा, ध्यान चंद ओलंपियन अवॉर्डी ज्ञान सिंह, सलाहकार राजेश कुमार हांडा, सह सचिव सत्य नारायण, राकेश ठाकुर, विनोद सोनी कमल आदि मौजूद रहे।

# झंडूता क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा शिविर आज से

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** झंडूता क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर 18 से 23 अगस्त तक चलेंगे। संयोजक आकाश चंदेल ने बताया कि शिविर सोमवार को पंचायत बडोल (गांव तनयूर), मंगलवार को डाहड़, बुधवार को दाढ़ी भाडी (रछेड़ा), वीरवार को समोह, शुक्रवार को बाला और शनिवार को विजयपुर में लगाए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवा वितरण की सुविधा मिलेगी।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव धाम पन्याला में भजन-कीर्तन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव धाम पन्याला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान कृष्ण और राधा की सुंदर झांकी भी निकाली गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म क्षण पर जयकारों से पूरा शिव धाम प्रांगण भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी भक्तों के लिए विशेष रूप से केक वितरित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।

# 3 सितंबर को आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा 3 सितंबर को बिलासपुर में हिंदी पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर, बिलासपुर में होने वाले इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं में हिंदी भाषण, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी शामिल हैं। प्रतिभागियों को निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा, जैसे भाषण में लिखित सामग्री का प्रयोग वर्जित रहेगा। निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी के लिए समय सीमा एक घंटे की होगी। भाग लेने के लिए प्रविष्टियां 25 अगस्त तक ईमेल या कार्यालय में जमा करनी होंगी। विजेताओं को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# बरयाही के लोगों ने अडानी समूह का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अडानी समूह द्वारा जमथल पंचायत क्षेत्र में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए बरयाही पालंगरी के ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है। बरयाही वार्ड की सदस्य निर्मला देवी सहित ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा कंक्रीट फुटपाथ निर्माण, स्कूलों में वाटर कूलर सुविधा, गर्मियों में जल संकट दूर करने के लिए टैंकर सेवा, बच्चों के लिए स्कूल आने-जाने की व्यवस्था और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जैसी सुविधाओं की सराहना की। ग्रामीणों ने अडानी समूह और प्रबंधन का धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी समस्याओं के समाधान की आशा जताई है।

# वैदिक संस्कृति अपनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी टाउनशिप, जमथल में वैदिक सप्ताह का आयोजन चार दिन तक हवन, पौधरोपण, वैदिक प्रश्नोत्तरी और संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता के साथ संपन्न हुआ। प्रधानाचार्या ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम का शुभारंभ किया और छात्रों को वैदिक संस्कृति अपनाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वैदिक प्रश्नोत्तरी एवं संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम से केवल छात्रों में भारतीय संस्कृति की जागरूकता बढ़ी, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। पूरे विद्यालय परिवार ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता: बोहटी क्लब बना विजेता



**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, दधोल।** उपतहसील भराड़ी के तहत डुमेहर बैडमिंटन क्लब की ओर से सीनियर पुरुष वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 18 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें बरठीं, पट्टा, जाहू, भोरंज, डुमेहर, चमोह, गलोड़, बोहटी और बम्म क्लब की टीमें शामिल रहीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्त कर्नल राकेश वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बोहटी और बरठीं क्लब की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बोहटी की टीम ने खिताब अपने नाम किया, जबकि बरठीं की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत औहर के पूर्व प्रधान देशराज शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और आयोजन समिति को प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि भेंट की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार मौजूद रहे।

# आशीष ठाकुर की अगुवाई में युवाओं ने किया मुख्यमंत्री सुक्खू का स्वागत



मंडी भराड़ी पुल पर मुख्यमंत्री से बात करते पूर्व युकां जिलाध्यक्ष आशीष ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पूर्व** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष ठाकुर की अगुवाई में युवाओं ने मंडी भराड़ी पुल पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत किया। इस मौके पर आशीष ने मुख्यमंत्री का युवाओं को रोजगार के नए अवसर मुहैयार करवाने के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो बार लगातार भयानक आपदा आने के बाबजूद मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयत्नों से प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में आपदा की वजह से लगभग 14000 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है, लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से जितनी मदद मिलनी चाहिए थी, उससे प्रदेश सरकार वंचित है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि प्रदेश को जल्द आपदा में राहत मुहिया करवाई जाए। प्रदेश की जनता ने सभी सांसद भाजपा के जिताकर लोकसभा में भेजे हैं, वे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और ज्यादा से ज्यादा मदद केंद्र सरकार से दिलवाएं। इस अवसर पर नरेश कुमार, विशाल कुमार, कर्ण ठाकुर, रविंद्र परमार, अरुण परमार, राम मूर्ति ठाकुर आदि युवा उपस्थित रहे।

# विवेक ने समोह में सुनीं जनसमस्याएं सड़क निर्माण का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र की समोह पंचायत के वार्ड नंबर-2 में कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रदेश महासचिव विवेक कुमार ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने सड़क की समस्या को उठाया, जिस पर विवेक कुमार ने एक साल के भीतर सड़क निर्माण का आश्वासन दिया।

उन्होंने बताया कि लगभग 50 से 60 परिवार अभी भी सड़क सुविधा से वंचित हैं और इस कार्य पर 10 से 15 लाख रुपए खर्च होंगे। विवेक ने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। किसानों के लिए मक्की, गेहूं व हल्दी का समर्थन मूल्य तय किया गया है। वहीं, दूध का मूल्य भी बढ़ाया गया है, जिससे पशुपालकों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया और भाजपा पर केवल भाषणबाजी और धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। इस मौके पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



समोह पंचायत के वार्ड नंबर-2 में समस्याएं सुनते पूर्व प्रदेश महासचिव विवेक कुमार।

# कांग्रेस नेत्री निर्मला राजपूत को मातृ शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव और पंचायत नौणी की प्रधान निर्मला राजपूत को मातृ शोक हुआ है। उनकी माता गुरुदेई का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थीं। गुरुदेई जिला बिलासपुर की एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता भी रहीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत नौणी के शमशानघाट में किया गया। कैबिनेट मंत्री राजेश धर्मानी, हिमुडा डायरेक्टर जितेंद्र चंदेल, पूर्व विधायक तिलक शर्मा, कांग्रेस नेता संदीप संख्यान, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा आदि ने निर्मला राजपूत से भेंटकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# प्रीणा में भारी बारिश से सड़क मार्ग अवरुद्ध, आवाजाही ठप

## कार्य के दौरान डंगा धंसने से बाल-बाल बचा जेसीबी चालक

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



**ग्राम** पंचायत प्रीणा में लगातार भारी बारिश के चलते सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। प्रीणा रोड पर कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ था, जिसे साफ करने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई थी, लेकिन फिर भी मार्ग को सुचारू रूप से खोलना संभव नहीं हो सका।

खानहा नामक स्थान पर रविवार सुबह जेसीबी मशीन कार्यरत थी, तभी डंगा पूरी तरह धस गया। इस हादसे में जेसीबी ड्राइवर बाल-बाल बचा। स्थानीय लोग और पंचायत प्रधान ठाकुर राम ने बताया कि प्रशासन को पहले भी कई बार डंगे और ब्रेस्ट वाल लगाने के लिए अवगत कराया गया था, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। डंगा धसने के

### स्थानीय लोगों ने सरकार से की तत्काल कार्रवाई की मांग

कारण यह प्रमुख जनसंपर्क मार्ग बंद हो गया है। इस वजह से स्थानीय लोगों को खाने-पीने और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में कठिनाई हो रही है। कई परिवार सड़क मार्ग बंद होने के कारण अपने रोजमर्रा के कामों में बाधा का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोग और पंचायत प्रधान ने सरकार से आग्रह किया है कि उनकी समस्या को शीघ्रता से हल किया जाए। उन्होंने कहा कि खानहा में डंगे का निर्माण तुरंत करवाया जाना चाहिए, ताकि जनजीवन सुचारू रूप से फिर से चल सके और भविष्य में भूस्खलन से सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# भरमौर एवं मणिमहेश प्रवेश द्वार पर पत्रोंदु मेले का शुभारंभ



**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर** और मणिमहेश की प्रवेश द्वार कही जाने वाली ग्राम पंचायत खनी में प्रसिद्ध पत्रोंदु मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पंचायत के सभी गांवों से युवक और युवतियों ने अपनी पुरानी भेष-भूषा में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। मेले में भाग लेकर अपनी संस्कृति को जीवित रखने में युवाओं और समुदाय का योगदान सराहनीय रहा।

मेला कमेटी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत को बचाने और उसे नए सिरे से जीवंत करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले जिस गद्दी संस्कृति को आधुनिकता की होड़ में नजरअंदाज किया जाता था, आज वही संस्कृति पूरे प्रदेश और आसपास के राज्यों में लोकप्रिय हो चुकी है।

ललित ठाकुर ने कहा कि चोला, डोरा, लुआंचडी, चिड़ी, चंद्रहार जैसे पारंपरिक गहनों और पोशाकों को पहनने में अब लोग गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने भरमौर के युवाओं से आग्रह किया कि वे आधुनिकता के साथ-साथ अपनी पुरानी संस्कृति और भेष-भूषा को वैश्विक पहचान दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर इंदौर ठाकुर, शिव कुमार ठाकुर, शाम सिंह, रोशन लाल, गोपाल ठाकुर, रेखा ठाकुर और संजय कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विधायक के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

## लक्की ठाकुर की अनोखी पहल, युवाओं ने दिया समाजसेवा का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**सदर** चंबा के विधायक नीरज नैय्यर के जन्मदिन को इस बार एक नए और अनूठे अंदाज़ में मनाया गया। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव एवं जिला जन शिकायत निवारण समिति के सदस्य लक्की ठाकुर ने इस अवसर पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर समाजसेवा का संदेश दिया।

लक्की ठाकुर ने कहा कि युवाओं को रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों की ओर प्रेरित करना ही इस शिविर का उद्देश्य था। रक्तदान किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे बड़ा उपहार है, क्योंकि यह सीधे किसी की ज़िंदगी बचाने से जुड़ा है। शिविर के बाद लकी ठाकुर चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। वहाँ उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना, उन्हें मानसिक हौसला दिया और फल वितरित किए। साथ ही उन्होंने अस्पताल में चल रहे इलाज और व्यवस्थाओं को लेकर मरीजों एवं परिजनों से बातचीत की। उनकी कोशिश रही कि जिन चुनौतियों और समस्याओं का सामना मरीजों को करना पड़ रहा है, उन्हें विधायक नीरज नैय्यर के समक्ष रखा जा सके, ताकि उनका उचित समाधान निकाला जा सके।

# 'नारी मन की संवेदना' भाग-4 शृंखला का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महिला साहित्यकार संस्था हिमाचल प्रांत की जिला चंबा इकाई द्वारा 'नारी मन की संवेदना' भाग-4 शृंखला का आभासी माध्यम से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिमला से सुप्रसिद्ध समाजसेविका राज सूद उपस्थित रहीं। विशिष्ट वक्ता के रूप में ऊना की लेखिका स्वपना जसवाल और शिमला की लेखिका सुदर्शना पटियाल ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन इकाई अध्यक्षा डॉ. कविता बिजलवान ने किया और शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे कवयित्री रेखा गखखड़ ने प्रस्तुत किया।

# जन्माष्टमी पर काली माता मंदिर कंदारा में लगा भंडारा व जागरण



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**काली** माता मंदिर कमेटी कंदारा ने इस जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे और विशाल जागरण का आयोजन धूमधाम से किया। 20वें आयोजन में सभी कमेटी मेंबर और भक्तजन सक्रिय रूप से शामिल रहे।

मुख्य गायिका भावना, कुमार मनु, प्रदीप दीपी, चिराग साउंड, रोहित झाकी और न्यू राइस बैंड ने कार्यक्रम में मनोरंजन और भक्तिपूर्ण माहौल बनाए। जागरण में उपस्थित सभी भक्तजन नृत्य और भक्ति में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को और भी जीवंत बनाए। प्रधान रविंद्र कुमार ने सभी कमेटी मेंबर और भक्तजनों का दिल से धन्यवाद किया और काली माता से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद सदैव सभी पर बना रहे।

उन्होंने कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करते हुए हर साल जन्माष्टमी के जागरण और भंडारे को सफल बनाने का यही उत्साह बने रहना चाहिए। कमेटी के अन्य पदाधिकारी- सचिव अजय शर्मा, उपप्रधान अशोक कुमार, संयुक्त सचिव किशोरी लाल और वित्त सचिव संजीव कुमार भी इस आयोजन में सक्रिय रहे।

# चंबा का गौरव—सदियों पुराना चिनार खतरे में

## राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने जताई चिंता

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** वीरता पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने सराहन रोड (चंबा-साहू हाईवे) पर बदलते पर्यावरण और उपेक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि संगेरा क्षेत्र में आई हालिया बाढ़ ने प्राकृतिक संतुलन को गहरी चोट पहुंचाई है और इसी का असर अब चंबा के गौरव— सदियों पुराने विशाल चिनार पेड़ पर दिखाई दे रहा है।

नवनीत चौफला ने कहा कि यह चिनार केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि चंबा की पहचान, संस्कृति और इतिहास का जीता-जागता प्रतीक है। लेकिन बाढ़ की तबाही और लापरवाही की मार झेलता यह वृक्ष जैसे खुद कह रहा हो 'बचाओ मुझे, मैं पुकार रहा हूं।'

उन्होंने कहा कि न तो प्रशासन और न ही संबंधित विभाग इस धरोहर के संरक्षण की दिशा में कोई ठोस कदम उठा रहे हैं। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां सिर्फ इसकी कहानियां ही सुनेंगी।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यह चिनार सिर्फ ऑक्सीजन देने वाला हरा प्रहरी नहीं, बल्कि चंबा के गौरव का प्रतीक भी है। मगर अब यह प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय उपेक्षा की चपेट में है।



### थिंक ग्रीन, एक्ट ग्लोबल से जुड़ी पहल

**नवनीत** चौफला ने न केवल इस चिनार को बचाने की अपील की है बल्कि वह स्वयं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय योगदान देते रहे हैं। उन्होंने अपने हाथों से चंबा में कई चिनार के पेड़ रोपे हैं और हमेशा थिंक ग्रीन, एक्ट ग्लोबल जैसे अभियानों को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं।

### समाजसेवियों और प्रशासन से की अपील

**उन्होंने** पर्यावरणविदों, समाजसेवियों और प्रशासन से आग्रह किया कि इस धरोहर को बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। नवनीत चौफला का कहना है कि अगर अब भी कदम नहीं उठाए गए तो चंबा की पहचान माने जाने वाले इस चिनार के साथ-साथ पूरी पारिस्थितिकी को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

# भरमौर के कुगती में लैंडस्लाइड से डेढ़ सौ भेड़-बकरियां दफन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के कुगती के डुगी धार में रविवार को लैंडस्लाइड के चलते डेढ़ सौ भेड बकरियां दफन हो गई है। इस लैंडस्लाइड में एक भेड़ पालक भी घायल हुआ है। भेड़ पालक को चोटें आई हैं। जबकि दूसरा भेड़ पालक बाल बाल बच गया है। प्रशासन मौके पर टीम को भेज दिया है। उसके बाद ही सारी जानकारी मुहैया हो पाएगी।

लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक कुगति गांव से लगभग 7 किलोमीटर दूर भारी लैंडस्लाइड के चलते भेड़ पालक की डेढ़ सौ बकरियां लैंडस्लाइड की चपेट में आकर दफन हो गई है।

एसडीएम भरमौर अभिषेक मित्तल ने कहा है कि प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक लैंडस्लाइड के चलते भेड़ पालक की डेढ़ सौ भेड बकरियां लैंडस्लाइड में दफन होने की सूचना मिली है। टीम को मौके पर भेज दिया है।

# मेडिकल कॉलेज चंबा में 60 ताज महल सरु प्रजाति के लगाए पौधे



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पर्यावरण** संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के नए भवन परिसर में रविवार को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में 60 ताज महल सरु प्रजाति के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज चंबा के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता तथा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के ज़ोनल महात्मा दूनी चंद ने स्वयं पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर फाउंडेशन के संचालक भीम राज वर्धन, शिक्षक पवन कुमार, सेवादल के भीम चौहान, राजिन्द्र अहीर, अजय कुमार, केवल कुमार, कर्ण अहीर सहित मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षण डॉक्टरों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

आयोजन का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित पर्यावरण का निर्माण करना और स्थानीय लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखभाल कर उन्हें हरा-भरा बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# वरिष्ठ सहायक राकेश को मिला सम्मान

## स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के सफल क्रियान्वयन में निभाई अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, चंबा**



वरिष्ठ सहायक राकेश को सम्मानित करते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

**जिला** स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस बार चंबा के लिए विशेष रहा। समारोह के मंच से जिला रोजगार कार्यालय चंबा के वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार को उद्योग मंत्री संसदीय कार्य मंत्री श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान अपने हाथों ने अपने हाथों से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना 2023 को सफलतापूर्वक ज़मीनी स्तर पर लागू करने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रदान किया गया।

मंत्री ने कहा कि राकेश कुमार जैसे निष्ठावान और कर्मठ अधिकारी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में वास्तविक धुरी साबित हो रहे हैं। उनके अथक परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण ने चंबा जिला के सैकड़ों युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित किया है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला प्रशासन के अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी राकेश कुमार को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे चंबा जिला के गौरव का प्रतीक है।

# पांगी जनजातीय भवन की तर्ज पर छात्रावास निर्माण का निर्णय

## चुराह घाटी कल्याण संघ की बैठक में सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास पर हुई व्यापक चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**चुराह** घाटी कल्याण संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के जिला कार्यालय, होम स्टे तड़ोली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष वेदव्यास ठाकुर ने की।

बैठक का शुभारंभ औपचारिक स्वागत और परिचय सत्र से हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में चुराह घाटी से जुड़ी सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर हाल ही में हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र में हुई भारी वर्षा से हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की गई और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। चुराह घाटी में पांगी जनजातीय भवन की तर्ज पर छात्रावास निर्माण का निर्णय लिया गया और इसके लिए जिलाधीश एवं राज्य सरकार से आग्रह किया जाएगा।

उपमंडल तहसील का स्थानांतरण नकरोड़ से टिकरीगढ़-देहराग के लिए प्रस्तावित किया गया, ताकि अधिक पंचायतों और जनता को सीधा लाभ मिल सके। साथ ही मलून (पंचायत दयोला) निवासी कर्म सिंह शर्मा को संघ का प्रेस सचिव नियुक्त किया गया, ताकि संघ की गतिविधियों को प्रेस और मीडिया के माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचाया जा सके।

सुल्तानपुर क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान हेतु जिलाधीश एवं जलशक्ति विभाग से शीघ्र आग्रह करने का निर्णय लिया गया। संघ ने आगामी समय में चंबा एवं आसपास के क्षेत्रों में निवासरत परिवारों, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों की सहभागिता से चुनाव मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने वार्षिक शुल्क 500 रुपए जमा कराने का संकल्प लिया, जिसका लेखा-जोखा संघ अध्यक्ष के संरक्षण में रखा जाएगा।

बैठक में अध्यक्ष वेदव्यास ठाकुर के साथ हेमसिंह खन्ना, प्रेम सिंह ठाकुर राजन, कमला चांदला, ओम प्रकाश, हेम सिंह, शेर सिंह, धीरज सिंह, कर्म सिंह शर्मा, नीरज सिंह ठाकुर और वीरेंद्र उपस्थित थे।

# उपमंडल सदर मंडी के सभी शिक्षण संस्थान आज रहेंगे बंद: कौर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसडीएम सदर मंडी रूपिन्दर कौर ने उपमंडल सदर मंडी में 18 अगस्त को सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों और आगनबाड़ी केन्द्र बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। मंडी जिला में भारी वर्षा और भूस्खलन जैसी परिस्थितियों के चलते स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी के बच्चों की आवाजाही सुरक्षित नहीं हो सकती है। आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए शिक्षण संस्थानों को 18 अगस्त को एक दिन के लिए बंद किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सार्वजनिक सुरक्षा का मामला है, अतः इन संस्थानों के प्रमुख आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

### सूडोकु नवताल- 7525 (✱✱✱✱ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7524 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 18 अगस्त 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** दशमी (05:24) : **नक्षत्र** मृगशिरा (02:06), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** हर्शाण (10:59), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:51)। **राहुकाल** (07:29-09:08)।

### विशेष दिन

- 18 अगस्त राष्ट्रीय युगल दिवस आज।
- 19 अगस्त अजा एकादशी व्रत कल।

**मेषः** आवास निवास की समस्या का समाधान होगा। परिणय प्रयास सफल रहेंगे। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। भागदौड़ अधिक होगी।

**वृषः** नौकरी में भाग्योन्नति के योग बन रहे हैं। संभल कर कार्य करें, सफल रहेंगे। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी। धन लाभ होगा। आज चांदी की कोई वस्तु जरूर खरीदें।

**मिथुनः** आपकी कार्य पद्धति से अधिकारी खुश होंगे। संतान के कार्यों से तनाव, चिंता बढ़ सकती है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कर्कः** जो भी करें बहुत होशियारी और समझदारी से करें। कई लोगों की नजर आप पर है। बकाया वसूली होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**सिंहः** अध्ययन में रुचि न होने से परिवारजनों से अनबन हो सकती है। अचानक हानि संभव है। व्यावसायिक नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे।

**कन्याः** परिजनों के साथ तीर्थाटन संभव है। बाहरी जनों से सहयोग मिलेगा। मनवांछित कार्य की सिद्धि होगी। भवन निवेश शुभ रहेगा। मस्तिष्क पीड़ा संभव है। आज नए वस्त्रों की खरीदारी करेंगे।

**तुलाः** आपके व्यवहार के कारण लोग आपकी तारीफ करेंगे। वाहन-मशीनरी, अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। गलत मार्ग पर जाकर जोखिम न लें।

**वृश्चिकः** संगत के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शासन-प्रशासन से सहयोग मिलेगा। परिणय संबंध के लिये की गई यात्रा सफल रहेगी।

**धनुः** निवेश करने में जल्दबाजी न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यावसायिक उन्नति होगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। विवाद न करें। यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मकरः** घर के काम काज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक-पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे। निवेशादि शुभ रहेगा। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**कुंभः** आप बोलते कुछ हैं, करते कुछ हैं। निर्णय लेने में कमजोर रहेंगे। आपका मन अत्यंत चंचल है। दूसरों के झंझटों में न पड़ें। शरीर सुस्त रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मीनः** आकस्मिक धन लाभ होगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष की चिंता रहेगी। तबीयत खराब कर सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

# मुकुल के जन्मदिन पर दिखा जनसेवा का जज्बा, 40 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**पीडब्ल्यूडी** रेस्ट हाउस सुंदरनगर में जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मुकुल शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनसेवा की भावना के साथ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

रक्तदान शिविर मंडी स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किया गया, जिसमें लगभग 40 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। स्वास्थ्य शिविर में आठ डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण एवं उपचार किया, जो पूरी तरह निःशुल्क रहा। शिविर में सामान्य जांचों के साथ-साथ बीपी, शुगर, हड्डी रोग, त्वचा रोग आदि से संबंधित परामर्श भी दिया गया। भारी बारिश के बावजूद लोगों में उत्साह देखने लायक था और क्षेत्रवासियों ने शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुकुल शर्मा का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया, जहां उपस्थित लोगों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भागीदारी सराहनीय रही। इस अवसर पर मुकुल ने कहा कि जनसेवा ही उनका मूल उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे।

# खजान सिंह को करसोग-2 की कमान

## भीष्म कुमार को 36 मतों से हराया, चुनाव प्रक्रिया में 146 शिक्षकों ने लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**शिक्षा** खंड करसोग-2 की कमान खजान सिंह को मिल गई है। रविवार को चुराग में हुए चुनाव में खजान सिंह ने भीष्म कुमार को 36 मतों से हराया। चुनाव प्रक्रिया में खंड के 146 शिक्षकों ने हिस्सा लिया, जिसमें खजान सिंह को 91 जबकि भीष्म को 55 मत पड़े। इसके अलावा हेत राम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हुमेश शर्मा को महासचिव, देशराज को महालेखाकार जबकि किशोरी लाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। रोशनी देवी को महिला विंग के अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। संघ की शेष कार्यकारिणी के विस्तार के लिए अध्यक्ष को अधिकृत किया गया।

# कुंडी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर भव्य जागरण

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नवयुवक मंडल वसु कुंडी द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस विशाल जागरण में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य कलाकार हिमाचल की शान सुनील राणा और बहादुर भारद्वाज ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री चंबा विनोद ठाकुर उपस्थित रहे। इसके अलावा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# भूस्खलन की चपेट में चौक ब्राड़ता पंचायत का मच्छलाणा गांव

## ब्राड़ता-जाजर सड़क का नामोनिशान मिटा, 6 घर पूरी तरह खतरे में दूसरों के घरों में ली शरण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**सरकाघाट** उपमंडल की ग्राम पंचायत चौक ब्राड़ता का मच्छलाणा गांव बीती रात भारी भूस्खलन की चपेट में आ गया। इस प्राकृतिक आपदा में गांव के 6 घर पूरी तरह खतरे में आ गए हैं। प्रभावित परिवारों में सरवण कुमार, मुंसी राम, खेम राज, बालम राम, सुनील और प्रोमिला देवी शामिल हैं। अचानक हुए भूस्खलन से गांव का माहौल दहशत से भर गया है।

भूस्खलन के कारण ब्राड़ता-जाजर सड़क का नामोनिशान तक मिट गया और कुकैण गांव का सम्पर्क पूरी तरह कट गया। स्थिति गंभीर होने पर एसडीएम स्वाति डोगरा मौके पर पहुंचीं और प्रशासन ने सभी प्रभावित परिवारों को घर खाली करने के आदेश दिए। इनमें तीन परिवारों को ब्राड़ता स्कूल में शिफ्ट किया गया, प्रोमिला देवी को फॉरेस्ट हट में और अन्य तीन परिवारों को पड़ोसियों के घरों में अस्थायी तौर पर शरण लेनी पड़ी प्रशासन ने राहत सामग्री के तौर पर राशन किट और तिरपाल भी वितरित किए।

कांग्रेस नेता पवन ठाकुर भी मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बारिश से पहले से ही भूस्खलन की आशंका बनी हुई थी और बीती रात इसने भयावह रूप ले लिया। फिलहाल गांव में दहशत और अनिश्चितता का माहौल है।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं,** जगदीश चंद पुत्र अनंत राम निवासी गांव सिहोटी, डाकघर एवं तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र अनिरुद्ध शर्मा व उसकी पत्नी ऊषा शर्मा मेरे कहने से बाहर हैं । अतः मैं उन्हें अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके साथ किसी भी तरह का लेनदेन रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

एक व्यक्ति को वही स्वप्न देखना चाहिए, जो पूरा हो, क्योंकि सपने टूटने या पूरा न होने पर दुख अधिक होता है। –तुलसीदास जी

## संपादकीय

# विभाजन की स्मृति और राजनीति

भारत का विभाजन बीसवीं सदी की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक था, जिसने न केवल लाखों परिवारों को उजाड़ा, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप की राजनीति, सामाजिक संरचना और विदेश नीति को भी गहरे स्तर पर प्रभावित किया। आजादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर जब एनसीईआरटी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के संदर्भ में एक विशेष मॉड्यूल जारी किया, तो यह एक बार फिर से राजनीति का विषय बन गया। मॉड्यूल में स्पष्ट रूप से तीन पक्षों–मोहम्मद अली जिन्ना, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और तत्कालीन वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन को विभाजन का जिम्मेदार ठहराया गया। इस व्याख्या ने राजनीतिक गलियारों में नया तूफान खड़ा कर दिया है। भाजपा जहां इसे ऐतिहासिक सच्चाई बताकर सही ठहरा रही है, वहीं कांग्रेस इस पर आपत्ति जताते हुए इसे इतिहास के साथ छेड़छाड़ और संस्थानों के राजनीतिकरण की साजिश करार दे रही है।

सवाल यह है कि क्या इतिहास को राजनीतिक चश्मे से देखने से हम विभाजन की वास्तविकता और उससे उपजे सबक को सही मायने में समझ पाएंगे? 1940 में मुस्लिम लीग की ओर से पारित 'लाहौर प्रस्ताव' ने भारत में दो अलग राष्ट्रों की परिकल्पना रख दी। जिन्ना ने हिंदू और मुसलमानों को दो अलग सभ्यताओं का प्रतिनिधि बताते हुए साथ-साथ रहने को असंभव ठहराया। दूसरी ओर, कांग्रेस ने अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण की जल्दबाजी में विभाजन के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और अंततः लॉर्ड माउंटबेटन ने, समयसीमा को संक्षिप्त कर, इस विभाजन को लागू कर दिया। निस्संदेह, इन तीनों कारकों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन इसके साथ-साथ उस दौर की अन्य राजनीतिक शक्तियों–हिंदू महासभा, आरएसएस और क्षेत्रीय दलों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं थी। विभाजन के लिए केवल तीन व्यक्तियों या संस्थाओं को दोषी ठहराना इतिहास को एकांगी दृष्टिकोण से देखना है। कांग्रेस का कहना है कि विभाजन की जिम्मेदारी केवल मुस्लिम लीग या कांग्रेस पर नहीं डाली जा सकती। उसके अनुसार हिंदू महासभा और लीग के बीच हुए राजनीतिक लेन-देन ने सांप्रदायिक राजनीति को हवा दी, जिसके चलते विभाजन की जमीन तैयार हुई। साथ ही, कांग्रेस भाजपा और आरएसएस पर आरोप लगाती है कि वे संस्थागत ढांचे में दखल देकर इतिहास को अपने मुताबिक गढ़ना चाहते हैं। भाजपा दूसरी तरफ यह तर्क रखती है कि जिन्ना की मांग, कांग्रेस की स्वीकृति और माउंटबेटन की जल्दबाजी ही विभाजन की जड़ थे। भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस इस सच्चाई को स्वीकारने की बजाय दोषारोपण की राजनीति कर रही है। इतना ही नहीं, भाजपा ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उनकी सोच को जिन्ना की सोच से जोड़ दिया। मूल प्रश्न यह है कि क्या विभाजन जैसे संवेदनशील विषय को केवल राजनीति की दृष्टि से देखा जाना चाहिए?

इतिहास की व्याख्या हमेशा विवादास्पद रही है, क्योंकि यह केवल तथ्यों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि उन तथ्यों की व्याख्या भी है। विभाजन से उपजे सबक कहीं गहरे हैं। यह घटना बताती है कि सांप्रदायिक राजनीति किस प्रकार समाज को बांट सकती है; यह दिखाती है कि सत्ता के लालच और राजनीतिक असहमति का परिणाम किस हद तक विनाशकारी हो सकता है। एनसीईआरटी के मॉड्यूल में एक और महत्वपूर्ण बात कही गई है कि विभाजन के बाद कश्मीर एक नई समस्या के रूप में सामने आया। सच है कि 1947 के बाद कश्मीर भारत की विदेश नीति का स्थायी संकट बन गया। पाकिस्तान ने विभाजन के तुरंत बाद ही वहां हस्तक्षेप कर भारत की संप्रभुता को चुनौती दी। यदि विभाजन न हुआ होता तो संभवतः कश्मीर समस्या का स्वरूप अलग होता। यह आज तक भारत की सुरक्षा, राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अहम मुद्दा बना हुआ है। किसी भी ऐतिहासिक घटना की तरह विभाजन भी एक जटिल प्रक्रिया थी। जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन निश्चित रूप से मुख्य खिलाड़ी थे, लेकिन उन्हें 'अपराधी' ठहराना क्या न्यायसंगत होगा? शायद नहीं। वे इतिहास की धारा में भूमिका निभाने वाले पात्र थे, जिन्होंने अपने-अपने हितों और सोच के आधार पर निर्णय लिए। असल सवाल यह होना चाहिए कि इन निर्णयों से समाज और राष्ट्र ने क्या सीखा। आज जब देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है, तो जरूरत इस बात की है कि हम उस त्रासदी से सबक लें, न कि उसे राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर तौलें। हमें यह स्वीकार करना होगा कि विभाजन ने लाखों परिवारों को विस्थापित किया, लाखों निर्दोष मारे गए और आज भी विभाजन की स्मृतियां पीढ़ियों को पीड़ा देती हैं।

राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि इतिहास का इस्तेमाल केवल मतों के ध्रुवीकरण के लिए करना समाज को और विभाजित करेगा। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में इतिहास को संतुलित दृष्टिकोण से पढ़ाया जाए, ताकि युवा पीढ़ी घटनाओं को समझे और उनसे सीख ले। एनसीईआरटी का यह मॉड्यूल एक गंभीर विमर्श को जन्म दे सकता था, लेकिन दुर्भाग्यवश यह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का हथियार बन गया है। सच्चाई यह है कि विभाजन कई कारकों का परिणाम था और इसे केवल कुछ व्यक्तियों तक सीमित कर देना ऐतिहासिक अन्याय होगा। यदि हम वास्तव में विभाजन की स्मृति को सार्थक बनाना चाहते हैं, तो हमें यह देखना होगा कि कैसे सांप्रदायिक नफरत और राजनीतिक स्वार्थ समाज को बांटते हैं। और यह भी कि आज के भारत में हम उस गलती को दोहराने से कैसे बच सकते हैं। इतिहास को राजनीति का मोहरा बनाने के बजाय, हमें इसे समाज के लिए एक दर्पण बनाना होगा—जो हमें अपनी कमजोरियों, गलतियों और त्रासदियों का आईना दिखाए, ताकि भविष्य अधिक मजबूत, समावेशी और एकजुट हो सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भाजपा की प्रसिद्ध महिला नेत्री

**निर्मला** सीतारमण भारतीय राजनीति का एक परिचित नाम है। यह दक्षिण पंथी विचारधारा की नेत्री हैं और एक लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के अंतर्गत कार्य कर रही हैं। 2014 के लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के जीतने के बाद इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट में स्थान दिया। देश के कैबिनेट में शामिल होने के साथ ही सीतारमण भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता के पद पर भी हैं। भारतीय जनता पार्टी में ये तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से हैं। 2014 में इन्होंने रक्षा मंत्री का कार्यभार बहुत ही बेहतरीन तरीके से संभाला था। 2019 में इन्हें वित्त मंत्रालय की कमान सौंपी गई है, जो बहुत ही अहम् मंत्रालय है। इसके पूर्व 2014 में यह मंत्रालय अरुण जेटली के द्वारा संभाला जा रहा था। इनके पिता का नाम नारायण सीतारमण और माता का नाम सावित्री देवी है। इन्होंने तिरुचिरापल्ली के सीतालक्ष्मी कॉलेज से बीए की डिग्री हासिल की। इसके बाद इन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से वर्ष 1980 में अर्थशास्त्र में एमए की डिग्री हासिल की। इसके बाद इन्होने यहीं से एमफील की डिग्री भी हासिल की। ■



निर्मला सीतारमण
जन्म : 18 अगस्त, 1959



कविता

## सच्चा प्यार

प्रवीण कुमार, बाड़ां दा घाट, लेहड़ी सरेल, घुमारवीं, जिला बिलासपुर

*फूल, चॉकलेट आदि भेंट करना, महंगे उपहार देना।*
*महंगे शॉपिंग मॉल में शॉपिंग कराना, नए निराले सरप्राइज देना।*
*खाने के लिए बाहर बड़े-बड़े रेस्तरां में ले जाना।*
*वर्ल्ड टूर पर घूमाने ले जाना, क्या यही प्यार है।*
*क्या ये प्यार के लक्षण हैं,*
*दोस्तों अफसोस मगर यह प्यार नहीं।*
*प्यार है निस्वार्थ त्याग, प्यार है पूर्ण समर्पण।*
*एक अनकही फिक्र, एक दिलों का अनूठा आकर्षण।*
*जहां प्रदर्शन का नितांत अभाव है।*
*एक ऐसा विचित्र अहसास जिसकी, पूर्णता में ईश्वरता का भाव है।*
*यही सच्चा प्यार है, प्यार से सुंदर, मधुर,मोहक।*
*जग में न कोई अहसास है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वोट चोरी पर उठते सवाल और लोकतंत्र की कसौटी




देश की राजनीति इन दिनों एक विचित्र मोड़ पर खड़ी है। संसद से लेकर सड़क तक हर जगह एक ही सवाल गूंज रहा है–क्या भारत में वाकई वोट चोरी हुई है? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जबसे वोट चोरी की आशंकाएं जाहिर की हैं, तब से पूरा सियासी माहौल ही बदल गया है। ये आरोप महज चुनावी बयानबाजी नहीं हैं, बल्कि इसमें ठोस साक्ष्यों और महीनों की मेहनत का दावा है। राहुल गांधी ने इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार जनादेश से नहीं, बल्कि वोट चोरी की वजह से सत्ता में आई है।

आरोप गंभीर हैं और इसके बाद राजनीतिक माहौल भी गंभीर हो गया है। संसद के भीतर विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन और संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकालने की कोशिश ने देश को हिला दिया है। सरकार ने मार्च रोक दिया, 300 से अधिक सांसद हिरासत में ले लिए गए। सत्ता पक्ष ने इसे महज राजनीतिक नाटक कहा, लेकिन विपक्ष का कहना है कि यह लड़ाई अब पीछे मुड़कर देखने वाली नहीं है। लंबे समय बाद विपक्ष के भीतर एकजुटता का ऐसा नजारा देखने को मिला है।

**राहुल की रणनीति और विपक्ष की ऊर्जा:** राहुल गांधी पर अक्सर आरोप लगता रहा है कि वे मुद्दों को समय रहते पकड़ नहीं पाते, या फिर उन्हें आधे-अधूरे तरीके से उठाकर छोड़ देते हैं, लेकिन इस बार तस्वीर अलग है। राहुल ने 15 महीने तक अध्ययन किया, छह महीने तक वोटर लिस्ट की बारीकियों की जांच की और तब जाकर मंच से आवाज बुलंद की। बेंगलुरु की महादेवपुरा विधानसभा सीट का उदाहरण पेश किया, जहां कथित तौर पर एक लाख फर्जी वोटरों के नाम शामिल किए गए। ऐसे में विपक्षी दलों को भी लगा कि उनके पुराने आरोप बेवजह नहीं थे।

तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एनसीपी, आम आदमी पार्टी–सभी ने कभी न कभी वोटर लिस्ट पर सवाल उठाए हैं। किसी ने हलफनामा दिया, किसी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया, मगर चुनाव आयोग ने कार्रवाई नहीं की। अब राहुल की पहल ने विपक्षी खेमे को फिर से संगठित कर दिया है। अखिलेश यादव ने खुद बैरिकेड फांदकर अपने समर्थकों का हौसला बढ़ाया। तृणमूल सांसदों ने आक्रामक नारे लगाए। जो विपक्ष अक्सर ईडी और सीबीआई की कार्रवाई से टूट जाता था, वह इस मुद्दे पर एकजुट नजर आया।

**हरियाणा, महाराष्ट्र में गड़बड़ी का मसला:** लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भी गड़बड़ी का मुद्दा उठाया था। हरियाणा में कई सीटों पर वोटर लिस्ट में नाम दो-दो जगह दर्ज पाए गए। महाराष्ट्र में भी मतदाता सूचियों में कटौती और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर सवाल उठे। बिहार में तो मामला और गंभीर है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया कि 65 लाख नाम काटे गए, लेकिन सूची उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। सवाल उठता है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में नाम कैसे गायब हो गए और अगर सब प्रक्रिया के तहत हुआ तो सूची देने में डर क्यों?

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की पीडीएफ फाइल को चुनाव आयोग ने अचानक वेबसाइट से हटा दिया और फिर उसे ऐसी स्कैन कॉपी में बदला, जिसे पढ़ना मुश्किल हो। इससे विपक्ष का शक और गहरा गया। अगर सब कुछ पारदर्शी था तो पारदर्शिता दिखाने से परहेज क्यों?

**यथार्थ**



समरजीत

**चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और संवैधानिक कसौटी :** भारत का चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत स्थापित एक स्वतंत्र संस्था है। उसका दायित्व है कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी हों। आयोग की साख दशकों से इतनी मजबूत रही कि दुनिया इसे आदर्श मानती रही। इतिहास उठाकर देखें तो चुनावों में धांधली के आरोप नए नहीं हैं। एक दौर था जब बाहुबली अपने गुर्गों के दम पर बूथ कैप्चरिंग करते थे। चुनाव आयोग ने धीरे-धीरे सख्ती दिखाई, ईवीएम और वीवीपैट जैसे उपाय अपनाए, और लोकतंत्र को अपेक्षाकृत सुरक्षित बनाया, लेकिन आज जब आरोप खुद आयोग पर लग रहे हैं कि उसने फर्जी वोटरों को बचाने और वोट चोरी को संभव बनाने का रास्ता तैयार किया, तब स्थिति कहीं अधिक गंभीर हो जाती है और एक किस्म से सवालों के जवाब देना चुनौतिपूर्ण हो जाता है।

आयोग ने राहुल गांधी से कहा कि यदि उनके पास सबूत हैं तो शपथपत्र दायर करें। यह कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है, लेकिन सवाल यह भी है कि जब इतने गंभीर आरोप लगे हैं तो आयोग खुद से जांच क्यों नहीं कर रहा? क्यों यह जिम्मेदारी विपक्ष पर डाली जा रही है? लोकतंत्र में संस्थाओं की निष्पक्षता तभी बनी रहती है जब वे संदेह की स्थिति में खुद को पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत करें।

**न्यायपालिका अंतिम सहारा :** भारत की न्यायपालिका हमेशा से चुनावी विवादों में अंतिम सहारा रही है। चाहे 1975 में इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त करने का मामला हो या हाल के वर्षों में ईवीएम पर उठते सवाल, सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बार भी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर हैं। अगर विपक्ष वोट चोरी के आरोपों के साथ याचिका दायर करता है तो सुप्रीम कोर्ट को यह तय करना होगा कि चुनाव आयोग की जवाबदेही किस हद तक तय की जाए। सवाल यह भी है कि क्या ईवीएम और वोटर लिस्ट की स्वतंत्र जांच हो सकती है? क्या डेटा जनता के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है? अगर आयोग पारदर्शी है तो उसे डर किस बात का?

**कई देशों में चुनावी धांधली के आरोप :** दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में चुनावी धांधली के आरोप उठे हैं। अमेरिका में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया, लेकिन वहां की न्यायपालिका और चुनाव अधिकारियों ने खुलकर जवाब दिया और पारदर्शिता दिखाई। परिणामस्वरूप, भले ही ट्रंप समर्थकों में असंतोष रहा, लेकिन संस्थाओं की साख कायम रही।

बांग्लादेश का हालिया उदाहरण और भी कठोर है। वहां चुनाव धांधली के आरोप में पूर्व और वर्तमान चुनाव आयुक्त और यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्री तक गिरफ्तार किए गए। पाकिस्तान में भी चुनावी प्रक्रिया को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं और सेना के हस्तक्षेप की चर्चा होती रही है। इन देशों से तुलना करते समय भारत को यह ध्यान रखना होगा कि उसकी लोकतांत्रिक परंपरा कहीं अधिक मजबूत और पुरानी है। इसलिए यहां पारदर्शिता और जवाबदेही का स्तर भी ऊंचा होना चाहिए।

**मीडिया और जनता की भूमिका :** लोकतंत्र केवल सरकार और विपक्ष तक सीमित नहीं है। मीडिया चौथा स्तंभ है और उसकी जिम्मेदारी है कि वह ऐसे गंभीर सवालों को जनता तक पहुंचाए, लेकिन विडंबना यह है कि कई बड़े चैनल इस मुद्दे को गौण कर रहे हैं। वे मनोरंजन और छोटे विवादों में उलझाकर असली मुद्दे से ध्यान हटाते हैं। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। जनता का विश्वास तभी कायम रहेगा जब मीडिया ईमानदारी से ऐसे संवेदनशील मुद्दों को उठाए। जनता की भूमिका भी अहम है। अगर नागरिक उदासीन रहेंगे तो संस्थाएं कमजोर होंगी। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि जनता सवाल पूछे और सत्ता जवाब दे।

**स्वतंत्र और पारदर्शी जांच जरूरी :** आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत का लोकतंत्र वोट चोरी से सुरक्षित है? अगर राहुल गांधी और विपक्ष के आरोप सही हैं तो यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा अपराध है। अगर ये आरोप राजनीतिक हैं तो विपक्ष को बेनकाब करना सरकार और आयोग की जिम्मेदारी है। दोनों ही स्थितियों में जांच जरूरी है। लोकतंत्र की आत्मा मतदाता का विश्वास है। अगर यह विश्वास टूटा तो संस्थाएं केवल नाम की रह जाएंगी। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह तत्काल स्वतंत्र और पारदर्शी जांच कराए, ताकि सच सामने आए। सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष के सवालों से भागने की बजाय उनका लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दे।

विपक्ष को चाहिए कि वह आरोपों को केवल राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करने की बजाय उन्हें प्रमाणित करने की दिशा में गंभीर प्रयास करे। भारत का लोकतंत्र बार-बार अपनी मजबूती साबित करता आया है। इस बार भी उसे यह साबित करना होगा कि चाहे कितने भी गंभीर आरोप लगें, पारदर्शिता और जवाबदेही के जरिए लोकतंत्र की कसौटी पर खरा उतरा जा सकता है। यही लोकतंत्र की असली जीत होगी। भारत का लोकतंत्र कई तूफानों से गुजरा है। आपातकाल, भ्रष्टाचार, जातिगत समीकरण, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण–हर दौर में इसे चुनौतियां मिलीं, लेकिन इन सबके बीच चुनाव आयोग की छवि अपेक्षाकृत साफ रही। आज जब उस पर ही शक की सुई घूम रही है, तब उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वह न केवल खुद को बेदाग साबित करे, बल्कि जनता का भरोसा भी बहाल करे। लोकतंत्र की सुंदरता इसी में है कि जनता सवाल पूछे, नेता जवाब दें और संस्थाएं पारदर्शी रहें। अगर वोट चोरी के आरोप सही हैं तो यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा अपराध है और अगर यह आरोप गलत हैं तो विपक्ष पर जवाबदेही है कि वह जनता से माफी मांगे। दोनों ही स्थितियों में जांच जरूरी है। बिना जांच के न तो सरकार की साख बच सकती है, न ही चुनाव आयोग का सम्मान और न ही लोकतंत्र की गरिमा।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# साहित्य और सत्ता की तस्वीरें: रसूख, दिखावा या फिर कुछ और

सोशल मीडिया के इस दौर में तस्वीरें केवल यादें नहीं, बल्कि संदेश भी होती हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और ट्विटर (अब एक्स) पर रोजाना सैकड़ों ऐसी तस्वीरें दिखाई देती हैं, जिनमें कोई लेखक या लेखिका मुख्यमंत्री, मंत्री, सत्तारूढ़ दल के नेता, किसी उच्चाधिकारी या किसी अन्य प्रभावशाली व्यक्ति को अपनी पुस्तक भेंट कर रहा होता है। इन तस्वीरों में अक्सर एक पैटर्न दिखता है—नेता या अधिकारी के चेहरे पर औपचारिक, हल्की-सी कारोबारी मुस्कान, कभी-कभी उकताहट या झल्लाहट भी और लेखक के चेहरे पर उत्साह, विनम्रता और कृतज्ञता का मिश्रण।



डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि,स्वतंत्र पत्रकार

यह दृश्य जितना सरल लगता है, उतना ही जटिल है। सवाल यह नहीं कि किसी को पुस्तक भेंट करना सही है या गलत—यह तो लेखक का अधिकार है। सवाल यह है कि जब इस भेंट को मंच, मीडिया और प्रचार का रूप दिया जाता है, तब इसके पीछे असली उद्देश्य क्या होता है? क्या सचमुच उम्मीद है कि वह प्रभावशाली व्यक्ति पुस्तक पढ़ेगा? या फिर यह रस्म केवल निकटता, पहचान और संभावित लाभ बढ़ाने की रणनीति है? साहित्य और सत्ता का रिश्ता नया नहीं है। इतिहास गवाह है कि कवि, लेखक और कलाकार सदियों से राजाओं, नवाबों, सामंतों और साम्राज्य के शक्तिशाली केंद्रों के करीब रहे हैं। मुगल दरबार के कवि, अकबर के नवरत्न, विक्रमादित्य के आश्रित कवि—यह सब उदाहरण हैं कि सत्ता और साहित्य का एक सहजीवी संबंध रहा है। अंतर बस इतना है कि तब यह संबंध खुला और स्पष्ट था। राजा या शासक कवि को संरक्षण देते थे, बदले में कवि दरबार की प्रशंसा में रचनाएं लिखते थे।

आज लोकतंत्र में संरक्षण का रूप बदल गया है—अब सरकारी पुरस्कार, संस्कृति परिषद् की समितियां, साहित्यिक यात्राएं और संपादकीय बोर्ड नए दरबार हैं। जब कोई लेखक प्रभावशाली व्यक्ति को पुस्तक भेंट करता है और उस क्षण की तस्वीर सोशल मीडिया पर डालता है, तो यह केवल यादगार लम्हा नहीं होता। यह एक प्रतीक होता है—एक संदेश, कि लेखक सत्ता के नजदीक है। जनता के लिए यह संकेत होता है कि उसकी पहचान बड़े लोगों से है। सत्ता के लिए यह इशारा कि वह उनके दायरे में है, और साहित्यिक समाज के लिए यह घोषणा कि उसके पास ऐसे संपर्क हैं, जो औरों के पास नहीं। इस प्रक्रिया में दोनों पक्षों का मनोविज्ञान भी दिलचस्प है। लेखक चाहता है कि उसका काम देखा जाए, सराहा जाए, और जहां संभव हो,



पुरस्कार या सम्मान के रूप में मान्यता मिले। सत्ता के निकट होने से यह रास्ता छोटा लगता है। दूसरी ओर, नेता या अधिकारी को ऐसे अवसर पब्लिक रिलेशन के काम आते हैं।

तस्वीर से यह संदेश जाता है कि वह साहित्य और संस्कृति प्रेमी हैं, भले ही पुस्तक का पहला पन्ना भी न पढ़ा गया हो। दुखद यह है कि दोनों पक्ष जानते हैं कि पुस्तक पढ़ी नहीं जाएगी, फिर भी यह नाटक चलता है—एक औपचारिक मुस्कान, एक झुकी हुई कृतज्ञता, और कैमरे की क्लिक। अगर कोई लेखक निजी मुलाकात में, बिना प्रचार के, अपनी पुस्तक किसी को भेंट करता है—यह स्वाभाविक, सादगीभरा और सम्मानजनक कार्य है। इसमें कोई संदेह या आलोचना की गुंजाइश नहीं। समस्या तब शुरू होती है जब भेंट का मंच सजाया जाता है, समारोह का आयोजन किसी ऐसे सूत्र के माध्यम से होता है जो सत्ता के नज़दीक है, हर कोण से तस्वीरें ली जाती हैं और अगले ही घंटे सोशल मीडिया पर 'पुस्तक भेंट' की पोस्ट डाल दी जाती है। इस पल से यह साहित्यिक घटना नहीं, बल्कि पब्लिक रिलेशन इवेंट बन जाती है। यथार्थ यह है कि सत्ता से नजदीकी कभी-कभी ठोस लाभ देती है—साहित्यिक पुरस्कारों में नामांकन और चयन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष आमंत्रण, सरकारी प्रकाशन या अनुदान, समितियों और बोर्डों में पद। सत्ता की कृपा पाने की चाहत अक्सर आलोचना की धार को कुंद कर देती है। जो लेखक पहले व्यवस्था पर सवाल उठाता था, वह अब सावधानी से शब्द चुनने लगता है, ताकि कहीं दरबार नाराज न हो जाए। यह स्थिति न केवल लेखक को, बल्कि साहित्य को भी कमजोर करती है, क्योंकि साहित्य का असली काम है—समाज का आईना बनना, सच कहना और सत्ता से सवाल करना। इतिहास बार-बार हमें यह सिखाता है कि साहित्य की उम्र सत्ता से लंबी होती है।

तुलसीदास ने अपनी रचनाएं मुगलों और राजाओं के दरबार में जाकर नहीं, बल्कि समाज में रहकर लिखीं। प्रेमचंद ने सत्ता से टकराने का जोखिम लिया, इसलिए उनके शब्द आज भी जिंदा हैं। दूसरी ओर, ऐसे भी कवि रहे जिन्होंने केवल राजा की प्रशंसा में काव्य लिखा—उनका नाम और कृति, दोनों समय की धूल में दब गए। साहित्यकार की असली ताकत उसके शब्दों की ईमानदारी में है, न कि उसके संपर्कों में। हर लेखक का पहला और आखिरी फर्ज पाठकों के प्रति है। पुस्तक छपने के बाद उसका जीवन पाठकों के हाथों में होता है, न कि नेताओं की अलमारियों में। अगर पुस्तक सचमुच मूल्यवान है, तो उसे प्रचार की जरूरत नहीं, पाठक ही उसे आगे बढ़ाएंगे। अगर पुस्तक केवल सत्ता के दरबार में भेंट होने के लिए है, तो वह वहीं धूल खाएगी और लेखक की पहचान भी उतनी ही सतही रह जाएगी।

लेखक को चाहिए कि वह अपने लेखन का सम्मान बनाए रखे, पुस्तक भेंट निजी स्तर पर करे, बिना कैमरे और प्रचार के। सत्ता के साथ संबंध साहित्यिक चर्चा पर आधारित हों, न कि पब्लिक रिलेशन पर। उसकी छवि पाठकों के बीच बने, न कि सत्ता के करीब। एक तस्वीर एक दिन में वायरल हो सकती है, लेकिन एक अच्छी किताब सदियों तक पढ़ी जाती है। सत्ता से निकटता क्षणिक लाभ दे सकती है, लेकिन साहित्य की ताक़त दीर्घकालिक होती है। अगर लेखक सचमुच अपने शब्दों पर विश्वास रखता है, तो उसे अपना मूल्य नेताओं की मुस्कान से नहीं, पाठकों की आंखों से मापना चाहिए। आज जरूरत है ऐसे साहित्यकारों की, जो सत्ता से स्वतंत्र रहकर लिखें—चाहे इसके लिए उन्हें मंच पर पुस्तक भेंट करने वाली तस्वीरों की चमक छोड़नी पड़े।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सिकल सेल से मुक्ति: केंद्र सरकार की बड़ी पहल

भारत के आदिवासी समुदाय, जो कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत हैं, राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण वाहक हैं, किंतु दशकों से वे सिकल सेल जैसी आनुवांशिक बीमारी से जूझते रहे हैं, जिसने उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक विकास पर गहरा असर डाला। भौगोलिक अलगाव और स्वास्थ्य सुविधाओं तक सीमित पहुंच ने समस्या को और गंभीर बना दिया।

इस आवश्यकता को देखते हुए भारत सरकार ने जुलाई 2023 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (NSCAEM) शुरू किया। इसका उद्देश्य 2047 तक इस रोग के आनुवंशिक संचरण को समाप्त करना और पीड़ितों को समग्र देखभाल उपलब्ध कराना है।



जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुधार का कार्यक्रम है, बल्कि आदिवासी समुदायों के सम्मान और समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। सिकल सेल रोग में लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है, जिससे ऑक्सीजन वहन करने की क्षमता घटती है और मरीज को लगातार दर्द, संक्रमण और अन्य गंभीर समस्याएं होती हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (2021) के अनुसार, भारत में हर वर्ष लगभग 82,500 बच्चों का जन्म इस बीमारी के साथ होता है। इसका प्रभाव सबसे अधिक ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात में देखने को मिलता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के आधार पर, केंद्रीय बजट 2023 में इस मिशन की घोषणा हुई। इसका लक्ष्य 2025-26 तक 40 वर्ष से कम आयु के 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग करना है। दो वर्षों में ही उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। 31 जुलाई 2025 तक 6.07 करोड़ लोगों की जांच की गई। इनमें 2.16 लाख मरीज और 16.92 लाख वाहक चिन्हित हुए। 95 प्रतिशत मामले सिर्फ पांच




राज्यों तक सीमित पाए गए। छत्तीसगढ़ की मीना जैसी कई युवतियां इस मिशन का लाभ उठाकर न केवल स्वस्थ जीवन जी रही हैं, बल्कि जागरूकता फैलाने में भी मददगार बन रही हैं। शुरुआत में सिर्फ 3, अब 30 से अधिक पॉइंट-ऑफ-केयर डायग्नोस्टिक उपकरण उपलब्ध हैं। इससे परीक्षण की लागत 100 रुपए से घटकर मात्र 28 रुपए रह गई। प्रमुख दवा हाइड्रॉक्सीयूरिया को राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची में शामिल कर उपस्वास्थ्य केंद्रों तक उपलब्ध कराया गया है। अब तक 2.62 करोड़ आनुवंशिक स्टेटस कार्ड वितरित हो चुके हैं, जो परामर्श और रोकथाम में उपयोगी साबित हो रहे हैं। मिशन के अंतर्गत 15 मेडिकल कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र बनाया गया है, जहां प्रसवपूर्व निदान और जटिल मामलों का प्रबंधन किया जाता है। स्वास्थ्य पेशेवरों के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

इस पहल को "Whole-of-Government" दृष्टिकोण से लागू किया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ जनजातीय कार्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय, शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की भी भागीदारी है। मिशन अब जन-जागरूकता, आनुवंशिक परामर्श और अनुसंधान पर विशेष ध्यान दे रहा है। सामुदायिक मंचों का उपयोग यह सुनिश्चित करेगा कि हर मरीज तक इलाज और सहायता पहुंचे। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन आशा की एक किरण है। यह केवल एक आनुवंशिक रोग से लड़ाई नहीं, बल्कि हाशिए पर खड़े समुदायों के लिए समानता और स्वास्थ्य अधिकार की गारंटी है। 2047 तक इस रोग को समाप्त करने का लक्ष्य भारत को एक स्वस्थ और समावेशी राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी-पठानकोट एनएच पर भूस्खलन से यातायात ठप

## चौंतड़ा में विशाल पेड़ गिरा, घटासनी-उरला में मलबा जमा व एनएचएआई टीमों की त्वरित कार्रवाई से मार्ग हुआ बहाल

अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर



**प्रदेश** में लगातार हो रही भारी बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। रविवार सुबह मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर चौंतड़ा के समीप लदरहीं में एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। इससे यातायात कई घंटों तक बाधित रहा। वहीं घटासनी, उरला और सुका नाला के पास भूस्खलन से भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया, जिससे मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह रुक गई। कई यात्री और वाहन बीच रास्ते में फंसे रहे।

सूचना मिलते ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीमें सक्रिय हुईं। मशीनरी की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर हटाया गया और मलबा साफ कर मार्ग को फिर से यातायात योग्य बनाया गया। इस त्वरित कार्रवाई से फंसे हुए वाहनों को राहत मिली और यातायात बहाल कर दिया गया।

साइट अभियंता अंकित गिल ने बताया कि मानसून के दौरान इस राजमार्ग पर भूस्खलन और पेड़ गिरने की घटनाएं आम हो जाती हैं। वहीं, एनएचएआई अधिकारी विकास सूरजेवाला ने लोगों से अपील की है कि वे बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें और बरसात में नदी-नालों के किनारे जाने से बचें।

## छाब नाला के पास हुए भूस्खलन ने तोड़ा कनोग गांव संपर्क

अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर

**मंडी** जिले के जोगिंदरनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत खड़िहार के गदयाडा-खड़िहार-रकतल सड़क मार्ग पर छाब नाला के पास हुए भूस्खलन ने कनोग गांव का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह तोड़ दिया है। यह मार्ग गांव का एकमात्र सड़क संपर्क है, जिसके बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि हालात से जूझते हुए स्थानीय निवासियों ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बांस की लकड़ियों से मिलकर एक अस्थायी रास्ता तैयार किया, जिससे आवागमन आंशिक रूप से संभव हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि यह अस्थायी रास्ता फिलहाल उनकी जरूरतों को पूरा कर रहा है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है और जोखिम भरा भी है।



**ग्रामीणों ने बांस से बनाया अस्थायी रास्ता**

स्थानीय निवासी सुरेश चंदेल, रूप लाल और चंद्रमणि ने बताया कि सड़क बंद होने से दैनिक जरूरतें पूरी करना कठिन हो गया है। आपातकालीन स्थिति में तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सड़क मार्ग बहाल करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यह सड़क गांव की जीवन रेखा है और इसे शीघ्र दुरुस्त करना जरूरी है।

## पंचायत में तिरंगे की अनदेखी से नाराजगी, लोगों ने उठाए सवाल

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंदरनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र की कथोन पंचायत में स्वतंत्रता दिवस के बाद तिरंगे की अनदेखी से लोगों में गहरी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को पंचायत भवन के बाहर ध्वजारोहण हुआ था, लेकिन 17 अगस्त तक भी झंडा वहीं पर लटकता रहा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि झंडे को समय पर उतारकर उचित तरीके से संरक्षित नहीं किया गया, जो राष्ट्रध्वज का अपमान है।

गांववासियों ने आरोप लगाया कि कई बार घरों और संस्थानों में लगाए गए झंडे लापरवाही के चलते पैरों तले आ जाते हैं या कूड़े में मिलते हैं। उनका कहना है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि तिरंगा केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि देश की शान और करोड़ों भारतीयों की आस्था का प्रतीक है।



सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि ध्वज संहिता का उल्लंघन सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रध्वज के सम्मान और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की। लोगों का कहना है कि तिरंगा केवल उत्सव का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता और बलिदान की याद दिलाने वाला ध्वज है।

## अपनी भूमि पर डंगा न लगने से आक्रोशित ग्रामीण ने गाड़ी व पत्थर रखकर बंद किया कुफरी-बटाहर मार्ग

कविता, अनंत ज्ञान

**पधर।** खील गांव में कुफरी-बटाहर मार्ग पर रविवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब गांव के ही निवासी मोहन सिंह पुत्र स्व. तवारसू राम ने अपनी निजी भूमि से निकाले गए इस मार्ग को गाड़ी खड़ी कर व पत्थर रखकर बंद कर दिया।

इस कारण आम लोगों की आवाजाही बाधित हो गई और आपातकालीन वाहन भी प्रभावित हुए। सूचना मिलते ही पधर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि वाहन नंबर एचपी29ए-8909 मार्ग पर खड़ा किया गया है। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन मालिक मोहन सिंह गाड़ी हटाने के लिए तैयार नहीं हुए। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गाड़ी को कब्जे में

**आपातकालीन वाहन फंसा पुलिस ने गाड़ी कब्जे में ली**

लिया और आरोपी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इसकी पुष्टि डीएसपी पधर देवराज शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सड़कों को अवरुद्ध करना गैरकानूनी है और ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मोहन सिंह ने बताया कि उक्त सड़क विभाग द्वारा उनकी निजी भूमि से बिना उचित अनुमति के निकाली गई है। इस निर्माण से उनकी लगभग डेढ़ बीघा जमीन सड़क मार्ग में चली गई है। उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग को लिखित रूप से अवगत कराया कि उनके घर के समीप डंगा (रिटेनिंग वॉल) लगाया जाए, अन्यथा बरसात के समय उनकी करीब 15 बीघा खेती योग्य भूमि भूस्खलन की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। उनका कहना है कि विभाग वर्षों से टेंडर निकालने की बातें करता रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। पंचायत व विभाग दोनों ने उनकी मजबूरी को नजरअंदाज किया है। उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि यदि डंगा नहीं लगाया गया तो वे मार्ग को बंद करने के लिए विवश होंगे।

मोहन ने कहा कि मैं किसी की परेशानी नहीं चाहता, लेकिन जब मेरी जमीन व घर को खतरा है तो मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। वहीं मार्ग अवरुद्ध होने से रविवार को एक आपातकालीन वाहन, जो जच्चा-बच्चा को छोड़ने जा रहा था, भी फंस गया।

## तरमेहर में बरसात के मौसम में भी बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** छोटाभंगाल घाटी की लोआई पंचायत के तरमेहर वार्ड नंबर-1 के ग्रामीण बरसात के मौसम में भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके नलों में या तो पानी आता ही नहीं और यदि कभी सप्लाई चालू होती भी है, तो उसमें मटमैला और गंदा पानी निकलता है।

लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक ठाकुर ने बताया कि इस समस्या को लेकर शिकायतें बार-बार जलशक्ति विभाग के कार्यालय और लोहारडी बाजार स्थित शिकायत कक्ष में दर्ज करवाई गईं, लेकिन विभाग की ओर से कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय कर्मचारी और कनिष्ठ अभियंता फोन तक नहीं उठाते या फिर संतोषजनक

**नलों से आ रहा मटमैला पानी प्राकृतिक स्रोतों का सहारा लेने को मजबूर ग्रामीण**

जवाब नहीं देते। वार्ड में रहने वाले 12 परिवारों को मजबूरी में प्राकृतिक जल स्रोतों और लंबाडग नदी का पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक-दो दिन में समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से जलशक्ति विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

इस बारे में जलशक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार वर्मा ने कहा कि उन्हें अभी समस्या की जानकारी मिली है और इसे हल करने के लिए कर्मचारियों को भेज दिया गया है।


## राधा-कृष्ण की शोभायात्रा से गूंजा सुंदरनगर

### सात मटकियों के फोड़ने के साथ संपन्न हुआ जन्माष्टमी महोत्सव

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**ललित** कला एवं सामाजिक विकास मंच सुंदरनगर द्वारा आयोजित दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन मंच के सदस्यों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा सूरजकुंड मंदिर से आरंभ होकर घाड़ा स्थित एमएलएसएम कॉलेज मार्ग से होते हुए ललित चौक तक निकली। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुजन शोभायात्रा के दर्शन कर भावविभोर होते रहे।

यात्रा के दौरान परंपरा के अनुसार मंच के सदस्यों ने निर्धारित सात स्थानों पर मटकियां फोड़कर उल्लासपूर्ण वातावरण बना दिया। इस अवसर पर नगरभर में उत्सवमयी माहौल देखने को मिला। मंच के प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव मंच के



मटकी फोड़ते हुए युवा।

लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि मंच का गठन सन 2000 में जन्माष्टमी के ही दिन हुआ था। तब से अब तक मंच निरंतर हर वर्ष दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन करता

**ललित कला एवं सामाजिक विकास मंच ने जन्माष्टमी महोत्सव के 25 वर्ष पूरे किए**

**सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया**

आ रहा है। इस वर्ष यह आयोजन और भी खास रहा क्योंकि मंच ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि ललित कला एवं सामाजिक विकास मंच का मुख्य उद्देश्य समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है, जिससे समाज में एकता, सौहार्द और भाईचारे की भावना प्रबल हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### 12 से घटाकर 8 वर्ष किया जाए कांट्रेक्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश में पंचायतों के माध्यम से कार्यरत जल रक्षक लंबे समय से यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें नियमित कांट्रेक्ट पर लाने की अवधि को 12 वर्षों से घटाकर 8 वर्ष किया जाए। जल रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जवालु राम ने कहा कि राज्य में कोई भी आपदा हो, भारी बारिश, बर्फबारी, सर्दी या गर्मी जल रक्षक हर परिस्थिति में सरकार के साथ खड़े रहते हैं और अपने कार्य को समय पर पूरा करते हैं। इसके बावजूद उनकी यह प्रमुख मांग वर्षों से लंबित है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जल रक्षकों के महत्त्वपूर्ण योगदान को देखते हुए उन्हें जल्द से जल्द 8 वर्ष की सेवा के बाद कांट्रेक्ट पर लाया जाए और उनके वेतनमान में भी उचित बढ़ोतरी की जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानजनक तरीके से कर सकें।

### आपदा से नुकसान, विधायक ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र में हुई भारी बारिश और फ्लैश फ्लड ने कई गांवों में तबाही मचाई है। स्थानीय विधायक पूर्ण चंद ने इस प्राकृतिक आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत, उचित मुआवजा और पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर तुरंत कार्रवाई करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पूर्ण चंद ने बताया कि टकोली, पनारसा, थलौट, उतरशाल के आरंग और बथेरी गांव विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। खेत-खलिहान, मकान, गोशालाएं और ग्रामीण ढांचा भारी नुकसान झेल चुके हैं। पनारसा में कई वाहन बह गए, जबकि औट पंचायत के सात परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्होंने जिला प्रशासन मंडी से शीघ्र सर्वे कर मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

### जोगिंद्रनगर को मिले उच्च शिक्षा संस्थान: धरवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में संस्थानों का निर्धारण राजनीतिक स्वार्थ से किया गया, जिससे कई क्षेत्रों की उपेक्षा हुई। उन्होंने मांग उठाई कि थुनाग से सुंदरनगर शिफ्ट किया गया कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री जोगिंद्रनगर लाया जाए। डॉ. धरवाल ने कहा कि जोगिंद्रनगर उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए उपयुक्त स्थल है। यह नगर तीन जल विद्युत परियोजनाओं के चलते विद्युत शहर के नाम से प्रसिद्ध है और पर्यटन दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहां से बीर-बिलिंग, बरोट घाटी, पराशर झील और कुल्लू-मनाली जैसे प्रमुख स्थल निकट हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों का वितरण राजनीतिक हितों से परे होकर भू-राजनीतिक संतुलन और प्रदेश की वास्तविक जरूरतों के आधार पर होना चाहिए।

### माप-तोल उपकरणों का होगा सत्यापन आज से

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों के माप-तोल उपकरणों का सत्यापन इस माह निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। विभागीय कार्यक्रम के अनुसार 18, 19 और 20 अगस्त को जोगिंद्रनगर बाजार के दुकानदारों के माप-तोल उपकरणों की जांच और सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 21 से 24 अगस्त तक पार्किंग ग्राउंड स्थित ऋतु रंगमंच स्टेज पर व्यापारियों के उपकरणों का सत्यापन संपन्न होगा।व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने उपकरण समय पर निर्धारित स्थल पर लाकर सत्यापन अवश्य करवाएं। उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया कि तय तिथियों के भीतर अपने उपकरणों की जांच करवा कर किसी भी असुविधा से बचें।

## आपदा राहत में संत रणजीत सिंह के 2 करोड़ के योगदान के लिए परिषद करेगी सम्मानित : चमन राही

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि परिषद द्वारा संत



रणजीत सिंह ढंडरियां वाले, गुरुद्वारा परमेश्वर द्वार, पटियाला (पंजाब) को आपदा राहत में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संत रणजीत सिंह ने हिमाचल प्रदेश में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के लिए दो करोड़ रुपए की राहत राशि दी है, जो कि मानवता की एक अनूठी मिसाल है।

चमन राही ने कहा कि विशेष बात यह है कि हिमाचल में आपदा से प्रभावित अधिकांश लोग हिंदू समुदाय से हैं, फिर भी एक सिख संत ने बिना भेदभाव के इतने बड़े पैमाने पर सहायता दी है।

**हिमाचल के मंदिरों की संपत्ति गरीबों के लिए लगाने की मांग**

यह योगदान न सिर्फ सामाजिक समरसता का प्रतीक है बल्कि सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों के लिए एक प्रेरणा भी है। उन्होंने कहा कि जब एक सिख संत इतना बड़ा योगदान कर सकते हैं, तो हिमाचल के मंदिरों में पड़ी करोड़ों-अरबों की संपत्ति भी आपदा पीड़ितों और गरीबों के उत्थान के लिए प्रयोग में लाई जानी चाहिए। चमन राही ने सुक्खू सरकार से आग्रह किया कि ऐसा कानून बनाया जाए, जिससे मंदिरों की अचल संपत्ति व नकदी का एक हिस्सा सामाजिक सेवा और आपदा राहत में इस्तेमाल हो सके। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय संसाधनों का सही उपयोग ही सच्ची भक्ति और सेवा है। सरकार को भी चाहिए कि वह इस दिशा में गंभीरता से विचार करे और ठोस कदम उठाए, ताकि जरूरतमंदों को वास्तविक मदद मिल सके।

## मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्थानांतरण से आपस में ही उलझे कांग्रेसी: माकपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सीएम सुक्खू द्वारा मेडिकल यूनिवर्सिटी को बल्ह (नेरचौक) से सरकाघाट शिफ्ट करने की घोषणा अब विवादों में घिर गई है। माकपा ने कहा कि इस फैसले से न केवल विपक्ष बल्कि कांग्रेस पार्टी के ही वरिष्ठ नेता प्रकाश चौधरी और सोहनलाल ठाकुर भी नाराज हैं। पार्टी का कहना है कि यूनिवर्सिटी के अस्थायी स्टाफ का काम महज क्लेरिकल है, जिससे क्षेत्र को अपेक्षित विकास नहीं मिलेगा।

माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि सरकाघाट में बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने आधा-अधूरा फैसला लेकर जनता को उलझन में डाल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि यहां मेडिकल यूनिवर्सिटी की बजाय केंद्रीय विद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज या सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जैसे बड़े संस्थान खोले जाने चाहिए। माकपा का आरोप है कि सरकार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, इसलिए नए संस्थान स्थापित करने के बजाय केवल स्थानांतरण की राजनीति हो रही है।

## जयराम ठाकुर ने छीना था सरकाघाट का सम्मान, सीएम सुक्खू ने लौटाया : आजाद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. जय कुमार आजाद ने वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा सरकार में अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे सरकाघाट के सम्मान को उचित दर्जा प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक कदम बताते हुए कहा कि भाजपा राज में सरकाघाट के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग गया था। यहां पर आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में आजाद ने कहा कि जयराम सरकार के समय में सरकाघाट की पूर्ण रूप से अनदेखी हुई और सारे दफ्तर एक-एक करके यहां से शिफ्ट कर दिये गये थे। यहां के वर्षों पुराने एचआरटीसी डिपो की बसें तक ले गये थे। नया दफ्तर तक खोलना तो दूर बागवानी विभाग का वर्षों पूराना एसएमएस दफ्तर भी शिफ्ट कर दिया था। सरकाघाट अस्पताल को



पंगू बना दिया था और विकास के सारे रास्ते लगभग बंद कर दिए थे। आजाद ने अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को सरकाघाट में स्थापित करने की मुख्यमंत्री की घोषणा सरकाघाट को आने वाले समय में जिला बनाने की दिशा में एक कदम बताते हुए इसे सरकाघाट के साथ भाजपा राज में हुए अन्याय की भरपाई की दिशा में मील पत्थर बताया और भाजपा द्वारा बिना वजह इसका विरोध करना उसकी सरकाघाट विरोधी सोच को दर्शाता है।

## आपदा में राहत के बहाने चुनावी शंखनाद मदद को लेकर सियासी आरोप-प्रत्यारोप

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**माकपा** नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने भाजपा को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि धर्मपुर में आपदा से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने दौरे के बहाने आगामी विधानसभा चुनावों का शंखनाद कर दिया।

चोलथरा में भाजपा नेत्री व जिला पार्षद बंदना गुलेरिया के घर से शुरू हुआ यह दौरा धर्मपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन तक जारी रहा, जहां भाजपा की ओर से डेढ़ दर्जन प्रभावित परिवारों को चार लाख रुपये के चेक बांटे गए। लेकिन सम्मेलन में यह दावा किया गया कि अब तक प्रभावितों को मिली लगभग 60 लाख की वित्तीय सहायता भाजपा द्वारा की गई है, जबकि यह सहायता सैंकड़ों सामाजिक संस्थाओं, महिला मंडलों, पूर्व सैनिकों, स्कूली बच्चों व आम लोगों द्वारा दी गई थी।

**भूपेंद्र ने 60 लाख की मदद को भाजपा की बताकर श्रेय लेने पर जताई आपत्ति**

इस पर माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कड़ी आपत्ति जताते हुए भाजपा पर आपदा में भी राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूछा कि केंद्र में भाजपा की सरकार होते हुए भी अब तक बेघर परिवारों को भूमि आवंटित क्यों नहीं की गई। उन्होंने वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन कर ऐसी आपदाओं की स्थिति में भूमि आवंटन का अधिकार देने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार व कांग्रेस विधायक की निष्क्रियता की भी निंदा की कि डेढ़ माह बाद भी प्रभावितों को जमीन नहीं मिल पाई है। एनएच निर्माण से हो रहे भूस्खलन पर भाजपा की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए।

## आपदा के जख्मों पर धर्मपुर भाजपा ने मंच सजाकर लगाया मरहम : विकास

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** युवा कांग्रेस नेता विकास राही ने कहा कि 30 जून को धर्मपुर में आई भीषण आपदा ने लोगों के घर और जन-धन को बुरी तरह प्रभावित किया। सीएम सुक्खू अगले ही दिन मौके पर पहुंचे, हालात का जायज़ा लिया और पीड़ितों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बेघर परिवारों को 5000 रुपए प्रति माह किराया सहायता का निर्णय तत्काल लिया गया। इसके बाद वरिष्ठ मंत्री भी प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में जुटे।

राही ने भाजपा पर तंज कसा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और धर्मपुर से 32 साल सत्ता का सुख भोग चुके नेता महेंद्र सिंह ठाकुर प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने में लापरवाह रहे। वहीं, भाजपा के मंच से चेक बांटे गए, जिससे यह सवाल खड़ा होता है कि क्या आपदा राहत भी राजनीतिक रंग में रंगी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और मुख्यमंत्री ने मानवता के नजरिए से तुरंत राहत दी, जबकि भाजपा के नेता केवल राजनीतिक दिखावा करते दिखे।

## ऑपरेशन सिंदूर के वीर नायक सतीश कुमार को वीर चक्र मिलने पर गांव में उमड़ा जनसैलाब

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**उपमंडल** के बुरला भरयाडा पंचायत घर में वीरता, गर्व और देशभक्ति से सराबोर माहौल देखने को मिला। ऑपरेशन सिन्दूर में शौर्य का परिचय देते हुए देश का मान बढ़ाने वाले वीर नायक नायब सूबेदार सतीश कुमार (4 डोगरा) को वीर चक्र से सम्मानित किए जाने पर ग्रामीणों द्वारा विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने वीर नायक सतीश कुमार के माता-पिता को हार पहनाकर सम्मानित किया।



कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने नायक सूबेदार सतीश कुमार के माता-पिता को सम्मानित किया।

इस दौरान गांववासियों ने भी उन्हें फूलमालाओं से सम्मानित किया और भारत माता की जय व जय हिंद के गगनभेदी नारे लगाए। जीवन ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि नायब सूबेदार सतीश कुमार ने वीरता और साहस का जो परिचय दिया है, वह पूरे देश और विशेषकर जोगिंद्रनगर क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल सतीश कुमार का है बल्कि पूरे क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ा है। ठाकुर ने वीर जवान के माता-पिता को प्रणाम करते हुए कहा कि ऐसे सपूत को जन्म देना वास्तव में क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। समारोह में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण, युवा और महिलाएं मौजूद रहीं। सभी ने वीर सपूत पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि ऐसे क्षण उन्हें भी देश सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

## जोगिंद्रनगर अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी

### मरीजों की बढ़ती संख्या, लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद खाली

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**प्रदेश** सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़े दावे करती है, लेकिन जोगिंद्रनगर उपमंडल की जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश करती है। सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में डॉक्टरों की भारी कमी से स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं। रोजाना करीब 250 से 300 मरीज इलाज की आस में यहां पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें मात्र तीन डॉक्टरों पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में कुल 19 पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल तीन डॉक्टर ही सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं, जबकि मेडिसिन, ऑर्थो, शल्य चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ, ईएनटी,

**स्थानीय जनता में आक्रोश सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग**

रेडियोग्राफर और अन्य विशेषज्ञ पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। दो डॉक्टर पधर अस्पताल से प्रतिनियुक्ति पर लगाए गए हैं, मगर वे भी सप्ताह में केवल एक दिन ही मरीज देखते हैं। हालात और खराब तब हुए जब कुछ माह पहले प्रभारी व एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र उच्च शिक्षा के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज चले गए।

इस लापरवाही का खामियाजा सीधे-सीधे आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अधिकांश मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उनका आर्थिक बोझ और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉक्टरों के अभाव में न तो बेहतर परामर्श मिल पा रहा है और न ही गंभीर मरीजों का सही इलाज।

हाल ही में प्रदेश सरकार ने बड़ी संख्या में नए डॉक्टरों की नियुक्ति की है, लेकिन जोगिंद्रनगर को एक भी डॉक्टर न मिलना लोगों के लिए निराशाजनक है। जनता का आरोप है कि सरकार व जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन तक सीमित हैं। उपमंडलवासी अब यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब उनकी सुध ली जाएगी। उन्होंने मांग की है कि तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित कर उपमंडल की बड़ी आबादी को राहत दी जाए।

**मेहनत** | सरकाघाट में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को कामयाब बनाने में निभाई अहम भूमिका

## डीसी मंडी ने पहाड़ जैसी चुनौतियों को पार कर रचा इतिहास

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित करवाने में डीसी मंडी अपूर्व देवगन की सबसे अहम भूमिका रही है, जिस स्कूल ग्राउंड में यह समारोह आयोजित करवाया जाना था वह बिल्कुल भी मार्च पास्ट और परेड के काबिल नहीं था। सिर्फ 13 दिनों की दिन रात मेहनत में उन्होंने इसके लिए विस्तृत प्लान बनाकर ग्राउंड को न सिर्फ मार्च पास्ट और परेड के काबिल बनाया, बल्कि मुख्यमंत्री से लेकर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए बैठने वाले मंच भी लगातार हो रही बारिश के बीच तैयार करवा दिए। कार्यक्रम में कोई कमी ना रहे इसके लिए जिलाधीश मंडी लगातार सरकाघाट और मंडी के दौरे करते रहे।



डीसी मंडी अपूर्व देवगन दिशा-निर्देश देते हुए। (फाइल फोटो)

यहां तक की जनता का काम ना रुके इसके लिए सरकाघाट में कैंप ऑफिस बनाकर वह काम भी निपटाते रहे।

गौरतलब है कि 1 अगस्त को डीसी अपूर्व देवगन और एएसपी सचिन हिरमेठ के अचानक सरकाघाट स्कूल पहुंचने और ग्राउंड और बास्केटबाल स्टेडियम का दौरा करने बाद सरकाघाट में राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाए जाने की तैयारी शुरू हुई थी, क्योंकि यह कार्यक्रम सरकाघाट में आयोजित करवाने को लेकर चार दिन पहले कांग्रेस नेता पवन ठाकुर की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ता शिमला मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे और उन्होंने हामी भी भर दी थी। 3 अगस्त को जिलाधीश अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सभी विभागों की जिला स्तरीय बैठक हुई, रूपरेखा तैयार की गई। लगातार हो रही भारी बारिश में चुनौतियां पहाड़ जैसी थी, परंतु युवा डीसी अपूर्व देवगन ने जबरदस्त अनुभव दिखाया। सभी विभागों की टीमें बना कर काम बांट दिए, जिस भी विभाग को जो जिम्मेवारी दी गई उसने पूरी निष्ठा से निभाई। अगर एक चुनौती दूर की जाती तो बारिश में और समस्या पैदा हो जाती, परंतु इरादे बुलंद थे।

### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

**राज्य** स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने में सबसे अहम योगदान पुलिस, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, इलेक्ट्रिसिटी, राजस्व विभाग, जल शक्ति और नगर परिषद का रहा। जिलाधीश मंडी अपूर्व देवगन, एएसपी सचिन हिरेमठ, एडीसी गुरसिमर सिंह, एसी टू डीसी कुलदीप पटियाल, एडीएम मदन कुमार, एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, एसडीएम धर्मपुर जोगिन्दर पटियाल, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, एसएचओ रजनीश ठाकुर, कमान्डेंट होमगार्ड भूपेंद्र कंवर, पीओ गोपी चन्द पाठक, नगर परिषद के ईओ एवं तहसीलदार सरकाघाट मुनीश कुमार, बीएमओ डॉ. अनिल कुमार, सुबेदार एचपी एनसीसी बटालियन मंडी पूरण चंद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अनिल शर्मा, जल शक्ति विभाग से विपिन हाजिरी, इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट से राजकुमार गुप्ता का भी अहम योगदान रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन विभिन्न घटनाओं में तीन लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई तीन घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। अंब उपमंडल के कैलाश नगर, जिला मुख्यालय के समीप अरनियाला रेलवे गेट और अंब थाना क्षेत्र की पंचायत अंदौरा लोअर में ये घटनाएं घटित हुई हैं। पुलिस ने सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है। उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत कैलाश नगर के समीप एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान वीरेंद्र लोकेश पुत्र गुरदेव राम निवासी गोंदपुर बनेहड़ा वार्ड नंबर-4 तहसील घनारी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं जिला मुख्यालय ऊना से सटे अरनियाला रेलवे गेट नंबर-9 पर ड्यूटी के दौरान लाइनमैन की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रवेश कुमार पुत्र बनारसी दास निवासी नंगड़ा के रूप में हुई है। ड्यूटी के दौरान अचानक सीने में दर्द होने से वह अचेत हो गया। क्षेत्रीय अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ऊना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना अंब के तहत अंदौरा लोअर पंचायत में सर्पदंश से एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान चमन लाल पुत्र राम रक्खा निवासी वार्ड-2 अंदौरा लोअर के रूप में हुई है। शुक्रवार को खेतों में घास काटते समय सांप ने उन्हें काट लिया था। पहले सिविल अस्पताल अंब और फिर होशियारपुर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई।

### रविदास मंदिर में करवाया भजन कीर्तन

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर के ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ में महीने की हर संक्रांति की तरह शनिवार देर शाम को भादो महीने की संक्रांति के अवसर पर कीर्तन करवाया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रचारक गुरु रविदास मिशन पंजाब के संत बलराम सिंह भवानीपुर वालों ने धार्मिक शब्दों सुनाकर संगत को नाम की बाणी से जोड़ा कर माहौल को भक्तिमय में कर दिया। बाबा बलराम व उनके साथियों को सभा ने सरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरु रविदास धार्मिक सभा के प्रधान अधिवक्ता कुलविंद्र बैंस, कोषाध्यक्ष अशोक बसन, सुरजीत सिंह, बलराम महे, तरसेम लाल बसन, गुरदेव सिंह,मदन लाल, नरेश कुमार सिंघा, सुलिंद्र चोपड़ा, नवीन महे, महेश सेहजल, रिंकू सिंघा, सुरिंद्र बसन, पंकज चोपड़ा, तवीन, रूपा सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### बारिश के बाद साफ-सफाई पर नगर निगम का फोकस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारी वर्षा के उपरांत ऊना नगर निगम क्षेत्र में नालियों से गाद हटाने का कार्य दोबारा तेजी से शुरू किया गया है। वर्षा के कारण पुनः जमा हुई सिल्ट को हटाने के लिए निगम ने विशेष सफाई अभियान छेड़ा है। नगर निगम का लक्ष्य है कि बरसात के बाद नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो और शहर की समस्त व्यवस्थाएं शीघ्र सुचारु रूप से बहाल की जा सकें। नगर निगम के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेन्द्र पाल गुर्जर ने बताया कि बरसात से पूर्व ही नालियों की डीसिल्टिंग की जा चुकी थी, लेकिन भारी वर्षा के कारण उनमें दोबारा गाद भर गई। इस स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मशीनरी तथा जनशक्ति लगाई गई है और प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सफाई कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को वार्ड 1, लोअर अरन्याला और टक्का रोड क्षेत्र में तीन जेसीबी मशीनों तथा श्रमिकों की सहायता से नालियों की पुनः डीसिल्टिंग करवाई गई। यह कार्य नगर निगम के एसडीओ अंकुश राणा, जूनियर इंजीनियर शिवानी ठाकुर तथा सैनिटरी सुपरवाइजर विजय कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। ज्वाइंट कमिश्नर मनोज ने स्वयं मौके पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

### स्वतंत्रता दिवस पर किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इको फ्रेंड्स क्लब संतोषगढ़ ने प्रकृति संरक्षण की ओर एक सराहनीय पहल करते हुए पौधरोपण किया। क्लब के सदस्यों ने पुरानी कन्या विद्यालय की खाली पड़ी भूमि पर स्वच्छता अभियान चलाया और उसके बाद वहां 15 पौधे लगाए। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष गौतम राम सैनी, यशबीर (टोनी), अश्वनी सैनी, गोल्डी कल्याण सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधों की देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मनाई जन्माष्टमी



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान बड़ूही।** जन्माष्टमी का पावन पर्व शनिवार शाम को नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जोल (बगलाना) में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर को फूलमालाओं के साथ चारों तरफ से सजाया गया। कलाकारों द्वारा नंद बाबा का रूप धारण कर नन्हे कान्हा को पालकी में डालकर मंदिर तक लाया गया। तदोपरांत समस्त कृष्ण भक्तों श्रद्धा भाव से नन्हे कान्हा को माखन मिश्री का भोग लगाकर भक्तिमय कार्यक्रम का आगाज किया। भक्तजनों को प्रसाद व फलाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पंच शारदा रानी देवराज किशन चंद विपन वर्मा, पवन, मनीष कुमार सहित कृष्ण भक्त और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक ने गोगा जाहरवीर मंदिर भिंडला में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गांव भिंडला में स्थित गोगा जाहरवीर मंदिर में गोगा नवमी के अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने माथा टेका। गोगा नवमी जिसे जाहरवीर गोगा जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन भक्तजन गोगा जी की पूजा करते हैं जो सांपों के देवता है के रूप में माने व पूजे जाते हैं और उनसे सर्पदंश से सुरक्षा की कामना करते हैं। गोगा नवमी के दिन विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने गोगा मंदिर भिंडला में जाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर कमेटी के पुजारी वीर सिंह एवं सदस्यों द्वारा उन्हें गोगा जी की चुनरी देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी भक्तों को गोगा नवमी की शुभकामनाएं दी और सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक सलाहकार राजेश गौतम, पूर्व उप प्रधान सुपिंदर सिंह, रुमेल सिंह, सुषमा देवी, सीता राम तलवार, कुलदीप कुमार लोहिया, गोगा पुजारी वीर सिंह, सतीश कुमार एवं अन्य लोग शामिल रहे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में संदीप को मिला सम्मान



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के डूहल बंगवाल पंचायत के निवासी संदीप कुमार को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है इस मौके पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, सतपाल सिंह रायजादा, विधायक विवेक शर्मा एससी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। संदीप कुमार ने चिंतपूर्णी के आसपास के विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता, पौधरोपण अभियान और स्थानीय समुदाय में जन जागरूकता अभियानों का आयोजन करके उल्लेखनीय योगदान दिया है।

# करलू गांव में तेंदुए की दहशत

## वन विभाग की टीम ने गांववासियों के साथ की गश्त, अधिकारियों ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत छपरोह के करलू गांव में रविवार को तेंदुए की मौजूदगी की सूचना ने ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही वन विभाग ऊना की टीम ने तत्काल गांव का रुख किया और क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी।

वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। हालांकि कई घंटों की तलाशी और गश्त के बावजूद तेंदुए का सुराग हाथ नहीं लग पाया।

सूचना मिलते ही डीएफओ ऊना सुशील राणा ने खुद मामले की गंभीरता को देखते हुए एक्शन लिया और टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया। डीएफओ ने कहा कि बरसात के मौसम में अक्सर तेंदुए जंगल से बाहर की ओर रुख कर लेते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उनके दिखने की आशंका बढ़ जाती है। इसीलिए वन विभाग पूरी सजगता के साथ गांव में गश्त कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते दिन रात को कुछ लोगों ने गांव के पास तेंदुए की आहट सुनी थी और मवेशियों के खलिहान के पास पैरों के निशान भी देखे गए थे। इसी आधार पर उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वन विभाग की टीम लगातार इलाके में डटी हुई है और समय-समय पर गश्त कर रही है। बरसात के इन दिनों में जंगलों में घास और झाड़ियां काफी घनी हो गई हैं। यही वजह है कि जंगली जानवरों का पता लगाना मुश्किल हो रहा है।



ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की कि बिना हथियारों के वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुटी हुई है, जो कहीं न कहीं उनके लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

### स्थिति को देखते हुए लगाया जाएगा गांव में पिंजरा

**डीएफओ** ऊना सुशील राणा ने बताया कि फिलहाल टीम मौके पर मौजूद है और गश्त जारी है। यदि स्थिति की मांग हुई तो गांव में पिंजरा लगाया जाएगा और विशेष टीम को भी बुलाया जाएगा जो तेंदुए को सुरक्षित पकड़ सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग को दें। ग्रामीणों ने सूचना मिलते ही विभाग ने तत्काल कार्रवाई की और गांव में पहुंचकर स्थिति संभालने का प्रयास किया। तेंदुए की मौजूदगी की खबर से करलू गांव सहित आसपास के क्षेत्र में लोगों में डर का माहौल है।

### वन विभाग की टीम लगातार कर रही गश्त

**विभागीय** सूत्रों के अनुसार, इसका प्रमुख कारण जंगलों में भोजन और पानी की कमी है। ऐसे में जंगली जानवर अकसर बस्तियों का रुख कर जाते हैं। वन विभाग का कहना है कि ग्रामीणों को डरने की जरूरत नहीं है। विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है और हालात पर पूरी नजर रखे हुए है। यदि तेंदुआ आसपास हुआ तो उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। करलू गांव में तेंदुए की सूचना भले ही अभी तक सिर्फ आशंका साबित हुई हो, लेकिन इसने ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। वन विभाग की फुर्ती और तत्परता से गांव में लोगों का भरोसा कायम हुआ है। अब सभी की नजरें वन विभाग की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं, ताकि जल्द से जल्द स्थिति स्पष्ट हो सके और ग्रामीण चैन की सांस ले सकें।

# बाबा बाल आश्रम कोटला कलां में मनाया जन्माष्टमी का पर्व



बाबा बाल आश्रम कोटला कलां ऊना में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विधायक विवेक शर्मा समेत अन्य को आशीर्वाद देते बाबा बाल जी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के आश्रम में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विधायक विवेक शर्मा समेत पंजाब के नेता राणा केपी सिंह ने माथा टेका। हजारों की संख्या में लोगों ने आश्रम पहुंचकर बाबा बाल से आशीर्वाद लिया।

वृंदावन के कलाकारों ने रास लीला का मंचन किया। शनिवार देर रात तक भजन गायक बुआ दत्ता ने श्रद्धालुओं को अपने भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कृष्ण जन्म की झांकी भी दिखाई गई। कार्यक्रम में माधवानंद के अलावा किशोरी लाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, डॉ. राकेश अग्निहोत्री, विवेक मिंका, संजीव सैनी और कई संत उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी पूरे उत्तर भारत के प्रख्यात संतों में एक हैं।



श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते संत बाबा बाल जी।

उन्होंने कहा कि उनके आशीर्वाद से ही वे पहली दफा विधायक बने थे और अब तक उनका आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद उनके परिवार के साथ है और संतों के आदेश का वह पालन करते आ रहे हैं।

# किसानों के लिए मोदी हमेशा खड़े रहेंगे : बिहारी लाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु व्यवस्था बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने लिया। यह बैठक जिला ऊना के अध्यक्ष शाम मिन्हास की अध्यक्षता में संपन्न हुई, इस बैठक में वरिष्ठ नेता ऊना के विधायक सतपाल सती उपस्थित रहे।

बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि पार्टी की संगठनात्मक कार्यशाला जिला ऊना के जिला कार्यालय में 24 अगस्त 2025 को आयोजित की जा रही है, जिसमें नवनियुक्त 171 मंडल अध्यक्ष, 17 जिला अध्यक्ष, 68 विधायक एवं विधायक प्रत्याशी भाग लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि भारत, नए भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के मॉडल पर काम कर रहा है और इस बढ़ते भारत का नेतृत्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।




कार्यशाला में जानकारी देते हुए बिहारी लाल शर्मा व साथ हैं अन्य।

प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था का सीधा लाभ किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को मिल रहा है। दूध, दलहन और जूट उत्पादन में विश्व स्तर पर पहले नंबर पर। चावल, गेहूं, कपास, फल और सब्जियों में दूसरे नंबर पर। कृषि निर्यात अब 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है। प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय अंतराल को और कम करने के लिए 100 सबसे पिछड़े कृषि जिलों को ध्यान में रखते हुए पीएम धन्य धान्य कृषि योजना की भी घोषणा की।

# सड़क पर भूस्खलन होने से लोग परेशान, हो समाधान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में गांव डूहल भटवाला में शिव पार्वती व बाबा बाड़ी मंदिर (चोला बस्ती) के समीप सड़क के किनारों की भूमि नाले का रूप धारण कर रही है । जिस कारण अधिक मात्रा में भूस्खलन हो रहा है और सड़क के समीप मकानों के लिए भी खतरा बढ़ चुका है। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर इस बात पर गौर नहीं किया गया तो किसी भी समय कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

स्थानीय लोगों बीरबल शर्मा, श्याम सुंदर ने बताया कि वह इस भूस्खलन के बारे में लोक निर्माण विभाग अभियंता भरवाई के कार्यालय में गए तब कार्यालय के अधिकारियों ने उन्हें यह कहा कि यह इलाका अब गगरेट लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है।

विभागीय खींचातानी के कारण क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है और विभागीय लेटलतीफी के कारण कोई अप्रिय खतना भी हो सकती है । लोगों ने विधायक सुदर्शन बबलू से इस समस्या से ठीक करने की अपील की है।

पंचायत के उपप्रधान आशीष शर्मा ने विभाग से आग्रह किया है कि इस बारे में जल्द से जल्द कोई कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# श्री हीरा आत्म आश्रम से निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, अंब।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री हीरा आत्म आश्रम से एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। यह शोभा यात्रा जब पंजोआ बाजार पहुंची, तो वहां सर्व हितकारी सभा की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। सभा के सदस्यों ने पुष्पवर्षा, आरती और प्रसाद वितरण के माध्यम से यात्रा का अभिनंदन किया। वहीं ग्राम पंचायत प्रधान बलविंदर सिंह बिल्ला ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों सहित भाग लिया। प्रधान ने स्वामी नारायण पूरी जी का स्वागत किया व सर्वहितकारी संस्था के साथ प्रसाद वितरण किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में राज्य स्तरीय खेलकूद का शुभारंभ




मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिरों की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर चिंतपूर्णी, जिला ऊना में हुआ।

मुख्यातिथि अशोक कुमार ने कहा कि विद्या भारती समाज को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभा रही है और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने से भारत खेलों में विश्व का अग्रणी देश बन सकता है। मुख्यवक्ता सुरेश कुमार कपिल ने कहा कि विद्या भारती देश भर में भारतीय विचारों के आधार पर शिक्षा देने का कार्य कर रही है और विद्यार्थियों का पंचकोषीय विकास कर रही है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी योग्यता और क्षमता के साथ आगे बढ़ने और संस्कारों को जीवन में बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### खिलाड़ियों को अपनी योग्यता के साथ आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह में पधारे मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# गरीब परिवार पर गिरा बरसात का पहाड़

**अनंत ज्ञान, अंब।** ग्राम पंचायत पोलिया पुरोहिता के एक गरीब परिवार पर बरसाती पानी ने कहर बरपा दिया है। पंचायत के वार्ड निवासी तरसेम लाल, उनकी पत्नी संतोष कुमारी और पुत्र जीत कुमार का कच्चा मकान इन दिनों चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है।

पीड़ित संतोष कुमारी ने बताया कि हमारे मकान के साथ कुछ लोगों ने खेतों का पानी हमारी ओर मोड़ दिया है। कई बार पंचायत से मदद मांगी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदारी कौन लेगा? हमारा परिवार गरीब है और बीपीएल श्रेणी में आता है, लेकिन आज कोई सुविधा नहीं मिली। पंचायत प्रधान मंजू कुमारी ने बताया कि परिवार के घर में हर साल पानी भरने की समस्या आती है। पानी इस मकान के अंदर से निकल रहा है उसका समाधान इनको खुद करना होगा ओर कुछ घरों और खेतों का पानी इस ओर मुड़ रहा है। पंचायत इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कदम उठाएगी। ग्रामीणों और प्रभावित परिवार ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और राहत व स्थायी समाधान उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# बारिश से प्रभावित क्षेत्रों को जल्द मिलेगी आर्थिक सहायता : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आने वाले पनेड और बीहडू आदि गांव का दौरा कर वहां पर खराब हुए रास्तों का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची एवं पक्की सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा है।



विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि बरसात से हुए नुक़सान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और इसे सरकार को भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित क्षेत्रों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि पनेड और बीहडू में क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत व नए निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किए जाएंगे। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। विवेक शर्मा ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें ही जीवन रेखा का काम करती हैं, क्योंकि इन्हीं रास्तों के जरिए लोग अपने खेतों, अस्पतालों, स्कूलों और बाज़ारों तक पहुंच पाते हैं। इसलिए सरकार का पहला दायित्व यही है कि लोगों की यह मूलभूत जरूरत समय पर पूरी हो।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य कुटलैहड़ क्षेत्र की जनता की समस्याओं का घर-द्वार पर ही समाधान करना है। उन्होंने बताया कि पिछले 14 महीनों से वे लगातार क्षेत्र के विकास कार्यों में जुटे हुए हैं और यही कारण है कि लोगों का विश्वास सरकार और जनप्रतिनिधियों में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनसेवा केवल चुनाव के समय तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। इसी सोच के साथ वे हर छोटे-बड़े गांव का दौरा कर रहे हैं, ताकि लोगों की समस्याएं प्रत्यक्ष रूप से सुनी जा सकें और त्वरित समाधान निकल सके।

### विधायक ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**विधायक** विवेक शर्मा के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याएं भी रखीं। इनमें पेयजल आपूर्ति की दिक्कतें, विद्युत आपूर्ति में रुकावटें और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। विवेक शर्मा ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए। बंगाणा और आसपास के क्षेत्रों में बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सड़कों के टूटने से स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**मांग** सीड ग्रेडिंग गेहूं बिक्री में सैकड़ों किसानों के करोड़ों रुपए फंसे

# भुगतान में देरी से बिगड़ी किसानों की हालत

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** जिला भर के सैकड़ों किसान उस समय गहरे संकट में आ गए जब सीड ग्रेडिंग गेहूं की बिक्री के बदले में उन्हें भुगतान समय पर नहीं मिल पाया।

करोड़ों रुपए अटके होने के कारण किसानों की आर्थिक हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

**किसानों की आर्थिक हालत दिन-ब-दिन हो रही है बदतर**

बताया जा रहा है कि किसानों ने अपनी मेहनत की उपज गेहूं, जो बीज के रूप में ग्रेड किया गया था विभिन्न सरकारी एजेंसियों और सहकारी समितियों को बेचा। लेकिन महीनों बीतने के बाद भी किसानों को उनका भुगतान नहीं मिल पाया है।

### भुगतान में देरी पर किसानों ने जताई नाराजगी

किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर खेत में मेहनत की, समय पर गेहूं की फसल काटकर ग्रेडिंग के लिए जमा की, लेकिन अब जब पैसे की सबसे ज्यादा जरूरत है, तब सरकार और एजेंसियों की उदासीनता उनके लिए जानलेवा साबित हो रही है। वहीं विनोद कुमार द्विवेदी, बंटू प्रधान हम्बोली, विपिन हाकम नक्की, अश्वनी कुमार चक्क, नियामत अली, बशीर मुहम्मद, रामस्वरूप किसानों ने बताया लगभग 70 फीसद किसानों को पैसे मिलने बाकी है। इन किसानों ने कहा हमें कहा गया था कि बिक्री के 15 दिनों के भीतर भुगतान हो जाएगा, लेकिन अब तीन से चार महीने बीत चुके हैं। जिसका आज दिन तक भुगतान नहीं हुआ है। उधारी बढ़ती जा रही है, घर चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की फीस, खाद-बीज की खरीद और रोजमर्रा के खर्च सब रुके पड़े हैं।

### कृषि विशेषज्ञों की राय, अगली बुआई पर पड़ेगा असर

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिला तो अगली बुआई पर भी असर पड़ेगा, जिससे उत्पादन में गिरावट आ सकती है।


### स्वीकृति मिलते ही कर दिया जाएगा भुगतान : धीमान

**डिप्टी** डायरेक्टर भूषण धीमान ने बजट की देरी, प्रक्रिया संबंधी तकनीकी कारण और उच्च स्तर पर स्वीकृति की प्रक्रिया का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि सीड ग्रेडिंग खरीद जिला ऊना में दो केंद्रों पर होती है। जिसमें कुछ किसानों का भुगतान करवा दिया गया था, शेष किसानों का कुल ब्यौरा तैयार करके सरकार के पास भेज दिया है वहां से स्वीकृति मिलते ही भुगतान कर दिया जाएगा।

### किसानों की सरकार से मांग

**इन** किसानों और राष्ट्रीय किसान मोर्चा ने सरकार से तुरंत हस्तक्षेप कर लंबित भुगतानों को जारी करने की मांग की है, साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति न बने इसके लिए स्पष्ट और पारदर्शी भुगतान नीति लागू करने की भी मांग की गई है।

# मंडली सेवकों ने गुग्गा जाहरवीर की अनुपम महिमा का किया गायन



गुगा नवमीं पर मूल मंदिरों में लौटी मंडलियां।

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** आस्था, श्रद्धा और लोकपरंपरा के दिव्य संगम में सिद्ध श्री बाबा गरीबनाथ जी की मंडली साभव (अंदरौली) कोलका ने इस वर्ष भी श्री गुग्गा जाहरवीर जी की पावन सेवा में अपनी संपूर्ण निष्ठा और भक्ति समर्पित की।

नौ दिनों तक गांव-गांव, घर-घर जाकर मंडली के सेवकों ने गूगा जाहर पीर की अनुपम महिमा का गायन किया, जिससे पूरा क्षेत्र धर्म-भक्ति और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियों से गूंजता रहा। मंडली ने स्वर्गीय चेला जगन्नाथ जी के आदर्श मार्ग और परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज में वही आस्था, वहीं अनुशासन और वही सेवा-भाव बनाए रखा।

उनके नक्शे कदम पर चलते हुए, चेला सुनील कुमार टीटू पाला रागी जत्था, विजया, कुंदन, राजेंद्र (कोलका वाला), शमी संधू एंड पार्टी तथा अंदरौली वालों ने मिलकर तन-मन से सेवा निभाई। इन नौ दिनों की यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे, एकता और भक्ति की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम रही। इस सेवा में मंडली के सभी सदस्य समर्पण, अनुशासन और उत्साह के साथ जुड़े रहे।

# इस बार कई मायनों में खास रहा जनजातीय उत्सव

## जनजातीय संस्कृति, सामाजिक एकजुटता व पर्यावरणीय जिम्मेदारी का सशक्त संदेश दे गया

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**केलांग।** अपनी अनूठी व पुरातन संस्कृति के लिए प्रसिद्ध शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के केलांग में इस बार भी जनजातीय उत्सव मनाया गया, लेकिन इस वर्ष का यह उत्सव कई मायनों में खास रहा और यह सब संभव हुआ डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना की बेहतरीन सोच से और उनके मार्गदर्शन में सभी के सहयोग से। तीन दिवसीय यह उत्सव केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जनजातीय संस्कृति, सामाजिक एकजुटता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का सशक्त संदेश भी बनकर उभरा। साथ ही जनजातीय जिले को एक पर्यावरण-प्रेमी संस्कृति का केंद्र और जनजातीय कला-संस्कृति के संरक्षण के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में स्थापित कर गया।

यह उत्सव क्षेत्र की अनूठी आदिवासी पहचान को उजागर कर गया। इसमें स्वदेशी कला, संगीत, नृत्य, स्थानीय खेल, पारंपरिक व्यंजन और शिल्प का प्रदर्शन किया गया। उत्सव में पूरी व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से तैयार की गई थी। वहीं, मेले में पहली बार जनजातीय क्वीन, किंग तथा गृहलक्ष्मी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें स्थानीय युवाओं और महिलाओं ने भाग लेकर कला, संस्कृति और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। स्थानीय निकाय, व्यापार मंडल, होटल संघ, महिला एवं युवा क्लब, कला मंच और बड़ी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय लोगों की भागीदारी ने इस उत्सव को सफल व यादगार बना दिया।



जनजातीय उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना का स्वागत करती अन्य अधिकारी।

### 10 दिन पूर्व शुरू हुई थी गतिविधियां

**उत्सव** से 10 दिन पूर्व ही विभिन्न गतिविधियां शुरू हो गई थीं। जिनमें योग सत्र, कविता प्रतियोगिता, बुनाई प्रतियोगिता, पौधरोपण अभियान और स्थानीय खेल सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

### इको फ्रेंडली व जीरो वेस्ट उत्सव

**हिमाचल** प्रदेश का पहला जीरो वेस्ट जनजातीय यह ऐतिहासिक उत्सव न केवल क्षेत्र की जीवंत जनजातीय विरासत का उत्सव रहा, बल्कि राज्य में अन्य उत्सवों के दौरान पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का एक नया मानदंड भी स्थापित करने का संदेश दे गया। इस उत्सव में जहां परंपरा और स्थायित्व के समन्वय की झलक दिखी। वहीं, हिमाचल के पहले इको फ्रेंडली व जीरो वेस्ट उत्सव की ऐतिहासिक पहल भी लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन द्वारा की गई।

### डीसी के अनूठे प्रयासों से हुआ संभव

**इस** उत्सव के पीछे की परिकल्पना लाहौल-स्पीति की पहली महिला डीसी और जनजातीय उत्सव समिति की अध्यक्ष किरण भड़ाना की कुछ अलग व अनूठा करने की सोच और उनके प्रयासों और बेहतर तालमेल से संभव हुआ। उन्होंने न केवल जनजातीय जिल में जीरो वेस्ट उत्सव की पहल की, बल्कि समावेशी विकास, महिला सशक्तिकरण और जलवायु-अनुकूल शासन को प्राथमिकता दी है।

# रमेश ठाकुर के नाम रही जनजातीय उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या

# बिमला देवी के सिर सजा मिसेज गृह लक्ष्मी का ताज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। जनजातीय उत्सव की तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या वायस ऑफ हिमालय रहे चुके एवं कुल्लू के प्रसिद्ध कलाकार रमेश ठाकुर के नाम रही। रमेश ठाकुर ने कुल्लवी लोभ लगा तेरा गे बांकी पड़ोसने, छात्ता भूलू तेरे घौरे रे टाले, सैंज म्हारा होटल, भाई साब जी केलंगसेल सहित कुल्लवी, लाहौल और फिल्मी गीतों से दर्शकों को झुमने पर विवश किया।

समारोह की सांस्कृतिक संध्या का आगाज महिला मंडल गोशाल की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ। एनजेडसीसी, पालदेन, फुर्बु चुक्सा नेगी की प्रस्तुति ने सांस्कृतिक रंगत को और बढ़ाया। अभया बैंड, बिरबल किन्नौरा, पद्मा डोलकर की ऊर्जा से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने समापन कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में डीसी किरण भड़ाना मुख्य ातिथि रही। डीसी ने उत्सव के समापन अवसर पर अपने संबोधन में इस मेले को लाहौल की सांस्कृतिक आत्मा और पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल बताते हुए, आयोजन में लगे सभी विभागाध्यक्षों, एसडीएम आकांक्षा शर्मा, सहायक आयुक्त सह पीओ आईटीडीपी कल्याणी तिवाना, डीएसपी रश्मि शर्मा और उनकी पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने इस आयोजन को जनजातीय समुदायों की समृद्ध विरासत का सम्मान और पर्यावरण के प्रति सजगता का प्रतीक माना। मेले में पहली बार जनजातीय क्वीन, किंग तथा गृहलक्ष्मी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें स्थानीय युवाओं और महिलाओं ने भाग लेकर कला, संस्कृति और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। मिसेज गृह लक्ष्मी प्रतियोगिता की विजेता बिमला देवी रही, जबकि अनीता फस्ट रनर अप और मानदासी सेकेंड रनर अप रही। उत्सव में अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ ही ट्राइबल किंग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल्लू के तन्मय भारद्वाज विजेता रहे। ट्राइबल क्वीन ब्यूटी प्रतियोगिता का ताज सिक्किम की डाडेन भूटिया के सिर सजा। वहीं, छेरिंग फस्ट और आवंशिका सेकेंड रनर अप रही।



ट्राइबल क्वीन ब्यूटी प्रतियोगिता की विजेता के साथ फर्स्ट व सेकेंड रनरअप।

## न्यूज ब्रीफ

### लापता मासूम को ढूंढने के लिए एसआईटी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति पुलिस ने उदयपुर उपमंडल के मड़ग्रां गांव की रहस्यमई परिस्थितियों में गुम हुई मां व बेटी मामलों की छानबीन तेज कर दी है। परिजनों ने 13 अगस्त को पुलिस स्टेशन उदयपुर में महिला और उसकी 3 साल 6 महीने की बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस दिन देर रात को उक्त महिला का शव पंजाब के रूपनगर जिले में बरामद हुआ था, जबकि बेटी का अभी तक कोई पता पता नहीं चल पाया है। सपना उम्र 28 वर्ष पत्नी सुरेश कुमार व अदविका उम्र 4 वर्ष पुत्री सुरेश कुमार ग्राम रामबस्ती मड़ग्रां तहसील उदयपुर रहस्यमई परिस्थितियों में गुम हो गई थी। डीएसपी केलांग रश्मि ने बताया कि जांच के लिए पुलिस स्टेशन कीरतपुर, जिला रूपनगर (पंजाब) में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में लाहौल-स्पीति पुलिस ने लापता बच्चे का पता लगाने और मामले की आगे की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। मामले की सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गंभीरता से जांच की जा रही है।

### जुआणी महादेव का श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आराध्य देवता जुआणी महादेव के सम्मान में मनाए जा रहे शाउण मेले के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर आकर देवता का आशीर्वाद लिया। सुबह से ही लोगों का मंदिर पहुंचना शुरू हुआ था। लोगों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और भेंट चढ़ाई, जबकि देव समाज से जुड़े लोगों ने उत्सव के दौरान निभाई जाने वाली परंपरा का निर्वहन किया। गौरतलब है कि जुआणी महादेव का सतयुगी पिंडी रूपी मोहरा शनिवार की सुबह 4:30 बजे देव विधि के साथ ऐतिहासिक शिवलिंग पर सुशोभित हुआ है। यह मोहरा शिवलिंग पर पांच दिनों तक विराजमान रहेगा। मुख्य मोहरा शिवलिंग पर सुशोभित होने के बाद हारियानों पर कृषि कार्यों पर विराम लग गया है। इस दौर में घाटी के नौ गांवों में खेत-खलियान में हल चलाने व निराई का काम नहीं होगा और न ही लौहे के औजार से कोई काम खेतों में किया जाएगा। यह देव आदेश हारियानों पर पांच दिन तक रहेगा। उधर, ऐतिहासिक गांव मलाणा में भी शाउण मेले का आयोजन किया जा रहा है। वहां जमलू देवता के सम्मान में उत्सव का आयोजन चल रहा है। यहां शाउण मेला शुक्रवार से शुरू हुआ है, जो तीन दिनों तक चलेगा और इस दौरान यहां की परंपरागत संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है।

### लघु नाटिका के माध्यम से दिखाई कृष्ण लीलाएं

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिले के प्रवेश द्वार में जन्माष्टमी उत्सव मनाया। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ और इस्कॉन कुल्लू ने इसका आयोजन किया। इसमें श्रीकृष्ण रूप सज्जा आयोजित की गई। बच्चों ने सुंदर श्रृंगार किए और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भजन-कीर्तन का दौर जारी रहा। इससे समस्त भुंतर भक्तिमय रहा। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं से श्रद्धालुओं ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर परिचय करवाया और भव्य झांकी निकाली गई। विगत शनिवार की रात 12 बजे महाआरती का आयोजन किया।

### दुर्गा माता मंदिर अखाड़ा बाजार में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय के अखाड़ा बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की और भंडारा ग्रहण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान शहर की महिलाओं ने मंदिर परिसर में एकत्रित होकर भजन-कीर्तन का आयोजन किया। भजनों के माध्यम से माता का गुणगान किया। मंदिर कमेटी के सदस्य सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी के मौके पर मंदिर कमेटी की ओर से हर साल भंडारे के आयोजन किया जाता है। इस बार भी आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में भाग लेकर माता का प्रसाद ग्रहण किया।

# संत निरंकारी मिशन ने वन बिहार में रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, मनाली**





संत निरंकारी मिशन मनाली द्वारा रविवार को वननेस वन अभियान के तहत वन बिहार में 50 पौधे रोपे। संत निरंकारी मिशन की माने तो वननेस वन परियोजना केवल पौधरोपण नहीं, यह प्राकृतिक सेवा की ओर से अस्तित्व का एक जीवंत आंदोलन है।

यह अभियान भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ व समृद्ध वातावरण देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। संत निरंकारी मिशन मनाली की मुखी व ज्ञान प्रचारक मधु बाला ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राज पिता रमित के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा वननेस वन परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन देश भर के 600 से अधिक स्थलों पर पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि अभियान केवल हरियाली फैलाने की पहल नहीं है, बल्कि यह प्राकृतिक से जुड़ाव मानवीय उत्तरदायित्व सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करने का एक समर्पित प्रयास है। सतगुरु की छाया में वननेस वन का यह अभियान सेवा समर्पण व प्रकृति प्रेम की वह साधना है, जो पर्यावरण संरक्षण को एक आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित कर देती है।

# दलदल में तब्दील हुई नग्गर-चचोगी सड़क

## सेब सीजन के चलते सब्जी मंडी तक उत्पाद पहुंचाने में हो रही दिक्कत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

ग्राम पंचायत नग्गर के अंतर्गत आने वाले चचोगी गांव को जाने वाली सड़क इन दिनों दलदल में तब्दील हो गई है।

इस कारण वाहन चालकों सहित राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब सेब का सीजन भी शुरू हो चुका है, ऐसे में गांव वालों को अपनी सेब की फसल को सब्जी मंडी में पहुंचाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालांकि नग्गर-चचोगी सड़क की टारिंग का काम नाबार्ड के तहत 7 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। गांववासी हीरा लाल, जिंदू राम, कृष्ण, गौतम, धनी राम, लाल चंद, भूषण आदि का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सड़क का काम तो शुरू कर दिया गया, मगर अब बरसात के कारण पूरी सड़क दलदल में बदल चुकी है। दलदल होने के कारण हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, अब ठेकेदार सड़क में पड़ी हुई मिट्टी को भी नहीं हटा रहा। इस कारण हमारे सेब सब्जी मंडी भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। हर दिन इस सड़क से गुजरने पर कोई भी हादसा होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व प्रशासन से आग्रह किया है कि ठेकेदार को इस सड़क में पड़ी मिट्टी को हटाने व सड़क को सुचारु रूप से शुरू करने के आदेश दिए जाएं। वहीं, उन्होंने कहा कि यदि अब भी एक सप्ताह के अंदर इस सड़क को ठीक नहीं किया गया, तो हम सभी गांववासी लोक निर्माण विभाग का घेराव करेंगे और विरोध-प्रदर्शन भी किया जाएगा।



दलदल में तब्दील नग्गर-चचोगी सड़क।

> **नग्गर** चचोगी सड़क में आ रही दिक्कतों को लेकर ठेकेदार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जल्द सड़क को ठीक करके यातायात को सुचारु रूप से शुरू किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।
>
> **अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोनिवि कटराई।**

# बिजली महादेव रोपवे निर्माण का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, मनाली।** बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे निर्माण का विरोध जहां लगातार जनमानस कर रहा है। वहीं, देवी-देवता भी गुर के माध्यम से रोपवे निर्माण को लेकर इंकार कर रहे हैं। कुल्लू घाटी के कई देवताओं के बाद अब मनाली के आराध्य देवता कार्तिक स्वामी ने भी बिजली महादेव रोपवे का विरोध किया है। देवता ने गुरवाणी के माध्यम से कहा कि देव स्थलों को छेड़ा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा इसी का परिणाम है। बिजली महादेव मंदिर तक रोपवे बनाने की योजना पर विभिन्न देवी-देवताओं के प्रतिनिधियों ने भी आपत्ति जताई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पर्वतीय क्षेत्रों में देव स्थलों की पवित्रता बनाए रखना आवश्यक है। रोपवे निर्माण से पहले स्थानीय देवी-देवताओं और समुदाय की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। कार्तिक स्वामी के कारदार युवराज सहित देवता कार्तिक स्वामी मंदिर कमेटी के सदस्य व ग्रामीण रोशन ने कहा कि देव आदेश को ध्यान में रखते हुए सरकार को चाहिए कि इस पर फिर से विचार कर, इसे न लगाया जाए।

# खोखन नाले ने फिर दिखाया रौद्र रूप, भुंतर में दुकानों में घुसा मलबा

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

जिला कुल्लू का भुंतर शहर बरसात में खोखन नाले के तांडव से बार-बार प्रभावित हो रहा है। खोखन नाले ने कई बार अपना रौद्र रूप दिखाकर चेताया, लेकिन अभी भी नाले का रास्ता अतिक्रमण से बिलकुल संकरा है।

रविवार सुबह तड़के फिर खोखन नाले ने अपना रौद्र रूप धरा और आसपास में जमकर तांडव किया। बीती रात से लगातार हो रही बारिश के कारण खोखन नाले ने अपना रूद्र रूप धर लिया। इस कारण जहां बाजार से खोखन को जाने वाले सड़क मार्ग को नुकसान हुआ। वहीं, आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचा। पानी व मलबा दुकानों में घुस गया, जबकि पानी के साथ मलबा मुख्य सड़क तक भी पहुंच गया। हालांकि, गत महीनों में प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन मामला फिर से दब गया, अभी तक अवैध कब्जे हटाने के संदर्भ में कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। प्रशासन अवैध कब्जे हटाए या न हटाए, लेकिन खोखन नाला कभी भी रौद्र रूप धारण कर अपना रास्ता बनाएगा और इस तांडव का खामियाजा बहुत लोगों को भगतना पड़ेगा। इसी तरह से लगातार बादल फटने की घटनाओं का दौर जारी है। आने वाले समय में कभी भी खोखन नाला भुंतर बाजार में जमकर तबाही मचा सकता है। इसकी तस्वीरें वीरवार को नजर आई लोग अपनी दुकानों में घुसे मलबे को साफ करते नजर आए। भुंतर शहर की दुकानों में मलबा व पानी भरने की घटना कोई नई नही है। भारी बारिश में इन्हें इस परेशानी से गुजरना पड़ता है। भुंतरवासी इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए डीसी कुल्लू के पास भी जाकर आए हैं, लेकिन खोखन नाले से आने वाले पानी की समस्या आज भी वही खड़ी है, जहां वर्षों पहले थी।





# क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, कुल्लू में 79वां स्वतंत्रता दिवस की खूब धूम रही। इस अवसर पर कॉलेज की एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह, प्राचार्य लाल चंद, पूर्व निदेशक सैमुअल मसीह और सभी अध्यापिकाओं के साथ मिलकर कॉलेज ग्राउंड में ध्वजारोहण किया और ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगान के साथ सभी ने देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

ज्योति मार्या मसीह ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि यह दिन हमें एकता, अनुशासन और सेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने स्टूडेंट्स को देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स ने ढालपुर ग्राउंड, कुल्लू में भी एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसमें उन्होंने देशभक्ति गीत पर मनमोहक नृत्य किया। इस प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह में देशप्रेम की भावना को और प्रबल कर दिया, जिससे कॉलेज का गौरव बढ़ा। ध्वजारोहण के बाद कॉलेज में स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें देशभक्ति के गीत, नृत्य, कविताएं और भाषण शामिल रहे।

कार्यक्रमों में भारत की सांस्कृतिक विविधता, वीरता व एकता की झलक देखने को मिली। बच्चों के जोशीले प्रदर्शन ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में ज्योति मार्या मसीह व प्रिंसिपल लाल चंद ने स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें हमेशा अपने देश के वीर सपूतों के बलिदान को याद रखना चाहिए, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना भारत को स्वतंत्र कराने में योगदान दिया। उन्होंने सभी को देश की सेवा व एकता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन 'जय हिंद' के जयघोष और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।



स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के दौरान क्रिश्चियन संस्थान का स्टाफ।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में ओपन डबल्स में नवल और मनु चौहान प्रथम

**अनंत ज्ञान, सैंज**



सैंज के पार्वती परिसर में स्थानीय बैडमिंटन क्लब द्वारा एक बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में घाटी की 20 टीमों ने भाग लिया। पिछले तीन दिनों से चल रहे इस टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश ने टूर्नामेंट के समापन समारोह में विशेष रूप से शिरकत की। मुख्यातिथि ओम प्रकाश ने खिलाड़ियों व आयोजकों को संबोधित करते हुए युवा खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। मुख्यातिथि ने टूर्नामेंट के आयोजकों को भी बधाई दी। बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने खेल भावना का भरपूर आनंद उठाया। मुख्यातिथि ने टूर्नामेंट में रहे विजेता व उपविजेता को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के परिणाम में कार्तिक ठाकुर प्रथम, अमन कुमार द्वितीय तथा सूर्यांशु तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान गोविंद, द्वितीय स्थान कार्तिक रहे। दूसरी तरफ ओपन डबल्स में प्रथम स्थान नवल व मनु चौहान, द्वितीय स्थान कार्तिक व हेमंत रहे। मुख्यातिथि ने विजेताओं को ट्रॉफी, कैश प्राइज व रैकेट से प्रोत्साहित किया। खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने खेल भावना का भरपूर आनंद उठाया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बैडमिंटन क्लब सैंज को बधाई दी गई।

**परेशानी** एक माह से सड़क बंद, बच्ची की जान गई, दूध और राशन आपूर्ति भी बाधित

# भूस्खलन से बंद पड़ी आनी-टकरासी सड़क

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी से वाया कोठी होकर टकरासी जाने वाली सड़क पिछले करीब एक माह से बंद होने के कारण करीब 5 पंचायत की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत समिति सदस्य पूर्ण ठाकुर, पूर्व जिला परिषद सदस्य रफ्तार ठाकुर, सेवानिवृत्त सूबेदार डोला सिंह चौहान, टकरासी नाग देवता के गुर रमेश कुमार, उत्तम सिंह राणा, रमेश, गुरदयाल, कुमार सिंह, तारा चंद, हीरू राम, राजेंद्र कुमार, गंगा राम, तिलक राज, दीवान चंद, टेक चंद, ओम प्रकाश, पूने राम, नेत्र सिंह आदि क्षेत्र के सैकड़ों बागवानों, दुकानदारों का कहना है कि आनी से टकरासी सड़क मार्ग जगह-जगह भूस्खलन से बाधित है। इसके चलते लोगों को पैदल ही सफर करना पड़ रहा है। हालांकि, बीच-बीच में सड़क को छोटे वाहनों के लिए बहाल किया जाता है, लेकिन हल्की सी बारिश आने पर फिर से मलबा सड़क पर आ जाता है। ग्रामीणों का कहना है सड़क बंद रहने से एक बच्ची को समय पर इलाज न मिलने के कारण अपनी जान भी गंवानी पड़ी। वहीं, इलाके की दुकानों में राशन की गाड़ियां न पहुंचने से कई घरों में राशन भी समाप्त होने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि जीरो प्वॉइंट निनवी से सिनवी तक जिस ठेकेदार के अधीन सड़क है, वह सड़क से मलबा नहीं हटा रहा, जबकि सड़क पर कीचड़ भर गया है और वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। भारी मलबा आने से सड़क लगातार बंद पड़ी है और सफाई कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। फलस्वरूप क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों का दूध भी 5 जुलाई से दूध की गाड़ी न आने के कारण मिल्क प्लांट तक नहीं पहुंचा और लोगों को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा है। टकरासी से डेढ़ किमी दूर शुष की ओर सड़क पर बड़े पैमाने पर मलबा जमा है। इसे हटाने आई जेसीबी मशीन काम पूरा किए बिना लौट गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द प्रभाव से सड़क को बहाल किया जाए, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके। लोगों ने लोक निर्माण विभाग और प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है कि समय रहते सड़क बहाल कर दी जाएगी, ताकि लोगों की मुश्किलें दूर हो सकें। वहीं, इस बारे में लोक निर्माण विभाग के आनी उपमंडल के सहायक अभियंता मनीष ने बताया कि टकरासी सड़क बहाली को लेकर बार-बार मशीन भेजी जा रही है, लेकिन उस क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है और पहाड़ी से मलबा सड़क पर आकर सड़क को बंद कर रहा है, जबकि छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क बहाल कर दी गई है।



टकरासी में भूस्खलन होने से बंद हुई सड़क, जिससे लोगों को मुश्किलों का करना पड़ रहा सामना।

# मनाली में 26 को मनाया जाएगा हरी तालिका तीज



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में 26 अगस्त को हरी तालिका तीज धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव के सफल आयोजन को लेकर रविवार को मनाली के राम बाग में मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज की बैठक अध्यक्ष साइला लामा की अध्यक्षता में हुई।

26 अगस्त को नेपाली मूल की सभी महिलाएं राम बाग में आयोजित होने वाले उत्सव में भाग लेंगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उत्सव को मनाएंगी। साइला लामा ने कहा कि नेपाली समुदाय घर से मीलों दूर भी अपनी संस्कृति को संजोने का प्रयास कर रहा है। साइला लामा ने कहा कि संगठन प्रदेश में रह रहे नेपाली मूल के लोगों की हरसंभव मदद कर रहा है। साइला ने कहा कि मनाली-कुल्लू संगठन में सदस्यों की संख्या 2000 से उपर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बार हरि तालिका तीज 26 अगस्त को मनाली के रामबाग में मनाया जाएगा। उन्होंने नेपाली मूल के समस्त लोगों से आग्रह किया कि हरि तालिका तीज में बढ़ चढ़कर भाग लें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस दिन नशे का सेवन न करें और उत्सव में शांति व्यवस्था बनाए रखें। उपाध्यक्ष रतन लाल, महिला अध्यक्ष विष्णु शर्मा, मुस्कान अत्री, सानुमाया, हरीश कुमार, शेर, कुमार लामा व राम बहादुर ने भी अपने विचार रखे।

## न्यूज ब्रीफ

### पांवटा साहिब में दिनदहाड़े युवक पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में शाम उस वक्त दहशत फैल गई, जब बस स्टैंड के पास कुछ युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सागर नाम का युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर कर दिया गया हे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से सागर पर हमला किया। इस दौरान उसकी टांगों और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। कुछ चश्मदीदों ने हमलावरों द्वारा पिस्टल तानने की बात भी कही है, हालांकि पुलिस की जांच के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इससे इलाके में तनाव का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में अभियान छेड़ दिया है। पुलिस की शुरुआती जांच में यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ लग रहा है। पांवटा साहिब थाना प्रभारी देवी सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए तेजी से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता में झारखंड की टीम विजयी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने गत सायं यहां व्यापार मंडल सोलन द्वारा आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव व मटकी फोड़ कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने इस अवसर पर सभी को जन्माष्टमी महोत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सदैव व बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में कार्यक्रम को अधिक बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे तथा ज्यादा संख्या में टीमें भाग लेंगी। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने बाजी मारी। विजेता टीम को व्यापार मंडल की तरफ से 51 हजार रुपए की राशि तथा उपविजेता टीम नैना टिक्कर को 11 हजार रुपए की राशि इनाम के रूप में दी गई। नगर निगम सोलन की महापौर उषा शर्मा, सेवानिवृत्त कर्नल डॉ. संजय शांडिल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश ठाकुर, जिला शिकायत निवारण समिति की सदस्य संधिरा सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुशल जेठी, प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य शोभित बहल तथा नगर निगम सोलन के पार्षद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने प्रतियोगिता का आनंद उठाया।

### विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सलोगड़ा स्थित विजेश्वर मंदिर में विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला महामंत्री मनीष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष बलवंत भट्टी, मातृशक्ति जिला संयोजिका चंपा ठाकुर, दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका रंजना ठाकुर तथा जिला सेवा दल प्रमुख राजू राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंत्रोच्चारण भी किया गया। जय श्रीराम के उद्घोष के बीच जिला महामंत्री मनीष कुमार और कोषाध्यक्ष बलवंत भट्टी का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मनीष ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद विश्व का सबसे बड़ा हिंदू संगठन है, जो समाज की रक्षा व संगठन के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज संगठित रहा तभी आज श्रीराम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया। साथ ही लव जिहाद के मामलों पर सख्त रुख अपनाने की बात कही और कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने का आह्वान किया। बलवंत ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। मातृशक्ति जिला संयोजिका चंपा ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और संगठन उनकी हर परिस्थिति में रक्षा करेगा। इस अवसर पर राजू राणा, प्रताप ठाकुर और प्रगति सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए और हिंदू समाज की एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन मंत्रोच्चारण के साथ हुआ जिसमें मौके पर मनीष (जिला महामंत्री), बलवंत भट्टी (जिला कोषाध्यक्ष), राजू राणा (जिला सेवा दल प्रमुख), चंपा (जिला संयोजिका मातृशक्ति), विशाल भट्ट, नेक राम, मोहित गुप्ता, मनोज कुमार, अनिल कुमार, प्रताप ठाकुर, पंकज कुमार, हरजीत, जसपाल, विक्रांत धामटा, ललित कुमार, रंजना ठाकुर, भावना राणा, शीश पाल, प्रगति और नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सनातन समाज के लिए कष्ट सहने वाले नवाजे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारत विकास परिषद नाहन इकाई ने बनोग शिव मंदिर नाहन में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सनातन समाज के लिए कष्ट सहने वाले हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी व दो निलंबित पंचायत प्रधान व उपप्रधानों को परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद नाहन इकाई के अध्यक्ष लायक राम शर्मा ने नाहन पंचायत के पूर्व प्रधान जय प्रकाश, बनेठी पंचायत के पूर्व उपप्रधान, राजकुमार एवं हिंदू जागरण मंच के सुमित गुप्ता को सनातन समाज के लिए सहे गए कष्ट व समाज के लिए अक्सर दिए गए सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। हाल ही में दोनों पंचायत जन प्रतिनिधियों को प्रशासन द्वारा उनके संवाधानिक पदों से भी निलंबित कर दिया गया है। सम्मान समारोह में परिषद के महासचिव, जगत राम शर्मा, ओंकार जमवाल, सुमन शर्मा, सत्यम शर्मा प्रदेश पदाधिकारी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सिरमौर के मंदिरों में जन्माष्टमी की रही धूम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के एमईएस राधा-कृष्ण मंदिर में इस बार भी झांकियां निकाली गईं और बस स्टैंड के पीछे विशाल मेले का आयोजन हुआ। भक्तों की भारी भीड़ ने झांकियों के माध्यम से कृष्ण जन्म और बाल लीलाओं का आनंद लिया। सनातन धर्म मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री जगन्नाथ मंदिर, पांवटा साहिब, श्री रेणुका जी और सराहं स्थित मंदिरों में भी यशोदा लाल के पालने सजाए गए। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से झूला झुलाकर आस्था प्रकट की। सैनवाला स्थित मां भद्रकाली मंदिर में इस बार चंदन से बने पालने में यशोदा नंदन को आकर्षक परिधानों से सजाया गया। यहां सीमा, शिवानी, भवानी, दिशा और ईशा सहित अनेक महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ब्रह्मकुमारी केंद्र नाहन में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बहनों ने कृष्ण लीलाओं का मंचन किया। पंडित नितीश भारद्वाज ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म पर डटे रहने, कर्म की महत्ता और प्रेम की शक्ति का संदेश देता है।

# मौसम की बेरुखी से टमाटर उत्पादक किसान निराश

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**



**सोलन।** बरसात के लंबे अंतराल के चलते सोलन-सिरमौर के टमाटर उत्पादक निराश हैं। लगातार हो रही बारिश से तैयार हो रही फसल को खेत से निकालना मुश्किल हो रहा है। साथ ही सड़कों की खस्ता हालत से फसल को मंडी पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। इतना ही नहीं बारिश के कारण टमाटर की फसल खराब होने से किसानों को उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में अभी भी टमाटर उत्पादकों को टमाटर के अच्छे दाम मिलने का इंतजार है।

सोलन स्थित कृषि उत्पाद विपणन समिति (एपीएमसी) में दर्ज फसल की आवक के अनुसार, इस सीजन में टमाटर के व्यापार में भारी गिरावट आई है, क्योंकि पिछले साल की तुलना में इसकी मात्रा और कीमत दोनों में कमी आई है। सोलन सब्जी मंडी में टमाटर के दाम प्रति क्रेट 700 से 1100 रुपए तक चल रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष बरसात के मौसम में टमाटर के दाम 1400 से 2000 प्रति क्रैट चल रहा था। जिले में 5,000 हेक्टेयर से ज़्यादा जमीन पर उगाया जाने वाला टमाटर मुख्य नकदी फसल है, जो पिछले कुछ सालों से किसानों को अच्छी कीमत दिला रहा है।

सोलन एपीएमसी के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि इस सीजन में व्यापार थोड़ा कमजोर है, लेकिन आने वाले दिनों में इसमें तेजी आने की उम्मीद है। टमाटर उत्पादकों का कहना है कि बुवाई के समय शुष्क मौसम और देरी से बुवाई के कारण फसल कम रही। हालांकि, उन्हें कीमतों में तेजी आने की उम्मीद है। कम फसल की शिकायत करते हुए, उत्पादक अजय ने कहा, पहले, शुष्क मौसम के कारण बुवाई में देरी हुई और अब बारिश शुरू होने से मात्रा और उपज, दोनों प्रभावित हो रही हैं क्योंकि फसल पकने के लिए आवश्यक धूप वाले दिन कम हैं। जून में हुई अत्यधिक बारिश ने उपज को प्रभावित किया। पहले, मैं हर तीसरे दिन 60-70 किलो फसल काट लेता था, लेकिन अब मुश्किल से 30-35 किलो ही मिल पा रहा है। लाल सोना की उपाधि प्राप्त इस क्षेत्र में टमाटर की फसल साल में दो बार बोई जाती है। इसे रबी और मानसून के मौसम में फरवरी में बोया जाता है और साल के अंत में काटा जाता है। नवंबर से जनवरी तक टमाटर नहीं उगाया जाता, क्योंकि कम तापमान के कारण फल लगने और फूल आने में दिक्कत होती है। कृषि विपण समिति सोलन के सचिव अधिकारी बीडी शर्मा ने बताया कि एक महीने पहले सीजन की शुरुआत से अब तक एपीएमसी के जरिए कुल 1,34,365 क्रेटों का कारोबार हुआ है, जिनका वजन 3,224,760 किलोग्राम है। एक क्रेट का वजन 24 किलोग्राम है।

यह इस क्षेत्र की प्रमुख नकदी फसल है और इसकी खरीद-फरोख्त 9 जून से शुरू हुई थी। हालांकि, पिछले साल की तुलना में आवक धीमी दिख रही है, क्योंकि पिछले साल इसी अवधि में 5,186,664 किलोग्राम वजन वाले 2,16,111 क्रेटों की खरीद-फरोख्त हुई थी। इस बार यह लगभग 62 प्रतिशत कम है। कीमतों में भी अभी तेजी आनी बाकी है। एक उत्पादक को मिलने वाला औसत मूल्य 2,100 रुपए प्रति क्रेट है, जबकि पिछले साल यह 2,500 रुपए था। पिछले साल अधिकतम मूल्य 6,300 रुपए प्रति क्रेट तक पहुंच गया था, जबकि इस साल यह 3,800 रुपए प्रति क्रेट के आसपास है, हालांकि उत्पादकों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में व्यापार में तेजी आएगी।

# कंडाघाट में गुग्गा माड़ी मेला धूमधाम से संपन्न, हजारों श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**प्रेम कश्यप, अनंत ज्ञान**



**कंडाघाट।** कंडाघाट का प्राचीन गुग्गा माड़ी मेला रविवार को आयोजित किया गया। खंड स्तरीय एकदिवसीय मेला पुराने कोर्ट रोड स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना से शुरू हुआ। हजारों की संख्या में लोगों ने यहां शीश नवाया। बाजार में जगह-जगह भंडारे लगाए गए। मंदिर से गुग्गा महाराज की छड़ी भव्य शोभायात्रा और एक दर्जन ढोल की थाप के साथ मेला स्थान पड़ाव मैदान पहुंची।

इस छड़ी का जगह -जगह स्वागत किया गया। छड़ी पड़ाव मैदान पहुंचने के साथ कुश्ती शुरू हुई। इसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के पहलवानों ने भाग लेकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इसमें बड़ी माली का 31 हजार और छोटी माली का 11 हजार पुरस्कार दिया गया। मेले में कई धार्मिक और संस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। जिला सोलन के प्राचीन मेलों की पंक्ति में आने वाले मेले में देव परंपरा अनुसार दूर-दूर के क्षेत्रों से श्रद्धालू इस धार्मिक आयोजन में शामिल होते हैं। समापन मौके नगर पंचायत कंडाघाट के उपाध्यक्ष मनीष सूद और सोलन कांग्रेस के पूर्व सचिव मनीष शर्मा ने कहा कि यह मेला हमारे क्षेत्र के धार्मिक आस्था और सामाजिक मेल-मिलाप का प्रतीक है। इस संस्कृति को हम सभी को संजोए रखना है। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश संगठक अनुराग शर्मा, मेला कमेटी के प्रधान अतुल सूद व कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# नगर पंचायत में शामिल होने से संगड़ाह का होगा विकास : विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन**



नगर पंचायत में शामिल होने से इस क्षेत्र के विकास को गति प्रदान होगी। यह बात विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने तीन दिवसीय हरियाली मेला संगड़ाह के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि यह मेला प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है इस मेले में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आस-पास के गांव के लोग भी आते हैं और मेले का आनंद उठाते है। उन्होंने कहा कि संगड़ाह तेजगति से विकसित हो रहा है और नगर पंचायत में शामिल होने से यहां के लोगों को स्ट्रीट लाइट, गलियों व नालियों के पानी की निकासी का उचित प्रबंध होने के साथ ही ठोस कचरे के निष्पादन प्रबंधन व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने संगड़ाह को नगर पंचायत में शामिल करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मेले को आयोजित करने तथा युवाओं को खेलकूद के लिए यहां मैदान नहीं है, इसके लिए मुख्यमंत्री खेल योजना के अंतर्गत 15 लाख रुपए की लागत से एक खेल मैदान का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगड़ाह में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए वह प्रयासरत हैं तथा जल्द ही संगड़ाह अस्पताल में नर्सों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने हरियाली मेला कमेटी संगड़ाह को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर मेला कमेटी अध्यक्ष तपेंद्र चौहान ने मुख्यातिथि को टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष विनय कुमार ने इस अवसर पर मांऊट एवरेस्ट फतह करने वाली गत्ताधार निवासी कृतिका शर्मा, अंतरराष्ट्रीय पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पैरा एथलीट विरेंद्र सिंह को उनकी इस उपलब्धि के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर महामंत्री कांग्रेस मंडल रेणुका जी मित्र सिंह तोमर, अध्यक्ष संगड़ाह जोन, कुशल सिंह तोमर, एसडीएम संगड़ाह डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल, बीडीओ संगड़ाह नेहा नेगी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व



कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर प्रस्तुति देते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया।

विद्यालय परिसर को फूलों और झालरों से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान श्रीकृष्ण की वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया और उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 214 ग्राम चरस सहित युवक काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस टीम बस्ती चौक पर गुप्त सूचनाएं एकत्र कर रही थी, तभी सूचना मिली कि देवदत्त नाम का व्यक्ति लंबे समय से चरस बेचने का काम करता है और फिलहाल कांशीवाला सब्जी मंडी के आसपास मौजूद है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताए गए हुलिए के अनुसार युवक को सब्जी मंडी के मुख्य द्वार पर खड़ा पाया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवदत्त निवासी सरेन चौपाल बताया। जांच के दौरान उसके पीठू बैग से 214 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना सदर नाहन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी इस अवैध कारोबार से कब से जुड़ा हुआ था और किन लोगों के साथ ईस धंधे में जुडा हुआ है।

# सामुदायिक भागीदारी से ही संभव हरित हिमाचल का निर्माण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि पौधरोपण को जन अभियान बनाकर व रोपित पौधों की देखभाल सुनिश्चित बनाकर ही पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है।

डॉ. शांडिल महासू मित्र मंडल तथा वन विभाग सोलन के संयुक्त तत्वावधान में महासू वाटिका में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वन महोत्सव व पौधरोपण जैसे कार्यक्रम मानव जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देकर स्वच्छ व हरित हिमाचल के निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने महासू मित्रमंडल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने महासु वाटिका के विकास में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और बाड़बंदी, रखरखाव व हरित क्षेत्र के विस्तार के लिए संगठन व वन विभाग के मध्य सामूहिक प्रयास पर बल दिया। डॉ. शांडिल ने कहा कि मनुष्य के लिए वन, जीवन व प्रकृति के साथ तारतम्य स्थापित करना आवश्यक है। उन्होनें कहा कि विकास व पर्यावरण के मध्य संतुलन बनाकर ही पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा सोलन वन मंडल परिधि में 315 हैक्टैयर भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के दो लाख 67 हजार 475 पौधे रोपित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रोपित पौधों को सुरक्षित रख ही वृक्ष के रूप में आकार दिया जा सकता है।

# जन-जन के जीवन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए सरकार प्रयासरत : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार समावेशी व समग्र विकास के प्रति वचनबद्ध है, ताकि राज्य के जन-जन के जीवन में गुणात्मक सुधार लाया जा सके।

डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र के जौणाजी के सुप्रसिद्ध दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व जौणा जी में भगवान विष्णु के प्राचीन मंदिर तथा पंचमुखी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश व क्षेत्र वासियों के सुख, सम्पन्नता और स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सदैव धर्म के मार्ग के अनुसरण व अधर्म को त्यागने का संदेश दिया तथा हम सभी को इस जीवन सूत्र को आत्मसात करना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने ग्राम पंचायत जौणाजी में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित जन सेवा केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस जन सेवा केंद्र भवन से क्षेत्रवासियों को लोक मित्र केंद्र की तर्ज पर ऑनलाइन सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने जन सेवा केंद्र में शौचालय निर्माण तथा अन्य सुविधाओं के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। डॉ. शांडिल ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी मेले, उत्सव व त्यौहार अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले मनोरंजन के साथ-साथ व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान व सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने का एक बहुआयामी मिश्रण हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू नवीन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सत्त विकास की नींव रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पंहुचाने के लिए प्रयासरत है और इस दिशा में पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोक निर्माण, जल शक्ति, परिवहन, राजस्व विभाग, बिजली बोर्ड, स्वास्थ्य विभागों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित विकास कार्यों को समयबद्ध सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्र के लोगों को कोई समस्या उत्पन्न न हो। ग्राम पंचायत जौणा जी की प्रधान जयवंती, ग्राम पंचायत मशीवर के प्रधान नरेंद्र ठाकुर, पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, पंचायत सेर बनेड़ा की प्रधान हेमंत शर्मा आदि मौजूद रहे।

**समारोह** लोक निर्माण मंत्री ने पांवटा साहिब में 11.48 करोड़ से निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन का किया निरीक्षण

# ड्रग्स के बढ़ते प्रचलन पर जताई चिंता, हर जिले में खुलेंगे रीहैब सेंटर

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जिला सिरमौर के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के दौरान गत दिवस पांवटा साहिब में 11 करोड़ 48 लाख से निर्माणाधीन श्री गुरू गोविंद सिंह राजकीय महाविद्यालय भवन का निरिक्षण किया तथा इसके जल्द निर्माण के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द इसका लाभ मिल सके।

इसके उपरांत विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा खालसा स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल, पांवटा साहिब में 15 से 17 अगस्त तक आयोजित 46वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिशन स्कूल में लगभग 6500 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो भविष्य में देश के विकास में अपना सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि मिशन स्कूल के बच्चे हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके लिए मिशन स्कूल का स्टाफ बधाई का पात्र है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज ड्रग्स का प्रचलन युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप बना हुआ है, जो हम सबके लिए चिंता का विषय है। इसे रोकने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस समस्या से ग्रस्त हो गए हैं, उन्हें बचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने हर जिले में रीहैब सेंटर खोलने का निर्णय लिया है, ताकि इस दलदल में फंसे लोगों को बचाया जा सके। लोक निर्माण मंत्री ने मिशन स्कूल हरिपुर टोहाना में इंटरलोकिंग टाइलों के लिए तथा बास्केटबॉल ग्राउंड नाहन में लाइटिंग की सुविधा के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम के दौरान विधायक नाहन अजय सोलंकी ने लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री का सिरमौर प्रवास के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके प्रवास कार्यक्रम से जिले में लोक निर्माण विभाग के कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने मिशन स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि मिशन स्कूल क्षेत्र में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो भविष्य में देश की उन्नति में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।




मिशन पब्लिक स्कूल में 46वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर विक्रमादित्य सिंह व अन्य गणमान्य।

## भगानी नवघाट से भिमावाला पुल का किया निरीक्षण

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जिला सिरमौर प्रवास कार्यक्रम के दौरान गत दिवस आंजभोज क्षेत्र के टौंरू का दौरा किया। टौंरू पहुंचने पर क्षेत्रवासियों द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्रों सहित बड़ी ही गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यह दुर्गम इलाका है, लेकिन प्रदेश के आखिरी व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। यहां की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमारा प्रयास रहेगा कि इस क्षेत्र का हर संभव विकास सुनिश्चित हो। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सरकार में उन्हें मिली जिम्मेवारी का निर्वहन करने के उद्देश्य से उनके द्वारा समय-समय पर हर क्षेत्र का दौरा किया जाता है, ताकि उन्हें उस क्षेत्र से संबंधित लोगों की समस्याओं की जानकारी मिल सके तथा वह उनका समाधान सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा का सामना किया है। इस वर्ष प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं के कारण आई बाढ़ से बहुत अधिक त्रासदी हुई है। इन क्षेत्रों में जनजीवन को पुनः स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने टौंरू में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा रखी गई मांगों तथा समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों की मांग पर लोक निर्माण विभाग के जेई सेक्शन को पांवटा साहिब डिवीजन में स्थानांतरित करने की घोषणा की तथा लोक निर्माण विभाग का सब डिवीजन कार्यालय खोलने का भी आश्वासन दिया। इससे पूर्व लोक निर्माण मंत्री ने भगानी नवघाट से भिमावाला पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को उत्तराखंड से जुड़ने के लिए यह पुल महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जल्द भूमि अधिग्रहण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि इस पुल के निर्माण के लिए आगामी प्रक्रिया पूरी करके इस पुल का निर्माण कार्य आरंभ किया जा सके तथा क्षेत्रवासी इससे लाभान्वित हो सकें।

# मुख्यमंत्री शगुन योजना, बेटियों के विवाह में खुशियों का आधार

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री शगुन योजना अब गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों के लिए एक संबल बनती जा रही है।

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग देना है, ताकि वे सम्मानजनक तरीके से बेटियों का विवाह कर सकें। इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों को प्रति बेटी 31,000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। इससे बेटियों के विवाह के दौरान होने वाला आर्थिक बोझ काफी हद तक कम हो जाता है। पांवटा साहिब के कुंजा मंत्रालियों पंचायत के निवासी शहजाद खान इस योजना के लाभार्थियों में से एक हैं। 63 वर्षीय शहजाद खान मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनकी दो बेटियां रिहाना और निलारा विवाह योग्य थीं, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते वे उनका विवाह करने में सक्षम नहीं हो पा रहे थे। शहजाद खान ने बताया कि उनके लिए अपनी दोनों बेटियों की शादी का खर्च उठाना असंभव हो गया था। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री शगुन योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी, पांवटा साहिब के कार्यालय से योजना की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन किया। आवेदन के बाद उन्हें मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत दोनों बेटियों के विवाह के लिए 31-31 हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्होंने अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से की और उन्हें कोई कठिनाई नहीं आई। आज उनकी बेटियां अपने ससुराल में खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही हैं। शहजाद खान और उनका पूरा परिवार इस सहायता के लिए प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू का तहे दिल से आभार व्यक्त करता है। उनका कहना है कि यह योजना उन हजारों गरीब परिवारों के लिए वरदान है जो बेटियों के विवाह को लेकर चिंतित रहते हैं। मुख्यमंत्री शगुन योजना वास्तव में एक ऐसी पहल है, जो समाज के कमजोर वर्गों को सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीने का अवसर दे रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्बेला ग्रैंड सोसायटी ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** मार्बेला ग्रैंड सोसाइटी, 82ए, मोहाली की रेसिडेंट वेलफेयर और कम्युनिटी बिल्डिंग कमेटी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े गर्व और उत्साह के साथ किया। समारोह की शुरुआत समाज के वरिष्ठतम रक्षा निवासी, विंग कमांडर मनोहर शर्मा द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इस अवसर पर मार्बेला ग्रैंड सोसायटी के प्रबंध निदेशक दीपक गर्ग अतिथि-विशेष के रूप में उपस्थित रहे। सोसायटी के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें गीत, नृत्य, फैंसी ड्रेस, कविता पाठ और चित्रकला शामिल थे। कार्यक्रम का समापन भारत और उसकी रक्षा सेनाओं के प्रति सामूहिक एकता, गर्व और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति के साथ हुआ।



### अपराधियों के लिए शुरू होगी समाजसेवा की 'सजा'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने न्याय प्रणाली में सुधार के लिए 'सामुदायिक सेवा दिशा-निर्देश, 2025' लागू किए हैं। इसके तहत कुछ मामलों में अपराधियों को जेल भेजने के बजाय समाजोपयोगी कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस नीति का मकसद अपराधों की गंभीरता को कम करना नहीं, बल्कि उन्हें परिवर्तन और सुधार के अवसर के रूप में देखना है। गृह एवं न्याय प्रशासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने रविवार को इन निर्देशों को लागू करने के आदेश जारी किए हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हर अपराध समाज पर एक दाग छोड़ता है, लेकिन यह एक अवसर भी है कि गलती को जनहित में बदला जाए। नई नीति के तहत न्यायाधीशों को विवेकाधिकार होगा कि वे पहली बार अपराध करने वाले पात्र अपराधियों को कारावास की बजाय समाज सेवा का आदेश दें। निर्देशों के तहत मुख्यालय की ओर से समाज सेवाओं को भी चिह्नित किया है। जेलों में बंद कैदी/बंदी नदियों के किनारे पेड़ लगाने, ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों की मदद करने, विरासत (ऐतिहासिक) स्थलों का संरक्षण, सार्वजनिक पार्कों की सफाई और स्वच्छ भारत अभियान जैसे जनकल्याण कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकेंगे। कार्य का चयन अपराधी की उम्र, स्वास्थ्य और कौशल के आधार पर होगा, ताकि यह उनके लिए व्यक्तिगत रूप से सार्थक और समाज के लिए लाभकारी बन सके।

### सिरसा: अढ़ाई किलो अफीम सहित दो कार सवार दबोचे

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए कार सवार दो नशा तस्करों को करीब छह लाख रुपए की अढ़ाई किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर की। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग पर जिला के डिंग क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कार सवार दो अफीम तस्कर सिरसा की तरफ आ रहे हैं। पुलिस ने डिंग के पास नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। कुछ देर बाद फतेहाबाद की तरफ से एक कार आई जिसे पुलिस ने जांच के लिए रोक लिया। डीएसपी सिरसा राज सिंह की मौजूदगी में कार की तलाशी ली तो अढ़ाई किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी पहचान सुमित कुमार व राजेश कुमार निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ डिंग थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### पानीपत के गांव भंडारी में तेंदुए की अफवाह से हड़कंप

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के मतलौडा क्षेत्र के गांव भंडारी में एक तेंदुए से मेल खाता जंगली जानवर देखा गया है। ग्रामीण इसको तेंदुआ बता रहे हैं और ग्रामीणों को चौकन्ना करने के लिए मुनादी भी कराई गई। जिस महिला ने जानवर की वीडियो बनाई है, उसका कहना है कि वह बचपन से खेतों में काम करती आ रही है। उसने गीदड़, तेंदुआ, जंगली बिल्ली आदि जानवरों को कई बार खेतों में देखा है। तेंदुए की खबर फैलते ही पूरे भंडारी गांव में हल्ला मच गया। लोग घरों से बाहर निकलना बंद हो गए। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर डर के माहौल में हैं। शाम से ही लोगों ने बाहर निकलना बंद कर दिया। इसी के साथ किसी के घर का कोई सदस्य बाहर था, तो उसे तुरंत फोन कर घर लौटने की बात कही।

# मुख्यमंत्री सैनी ने जींद में 206 करोड़ की परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास

## नरवाना अस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड करने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, जींद**



नरवाना की मेला मंडी में रविवार को आयोजित विकास रैली के मंच से सीएम नायब सैनी ने करीब 206 करोड़ 25 लाख रुपए की योजनाओं की घोषणा और उद्घाटन किए। इनमें नरवाना अस्पताल 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड का करने, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक नया सेक्टर और नई सब्जी मंडी बनाने की घोषणा प्रमुख हैं। इसके अलावा नरवाना के विकास को लेकर सीएम ने करोड़ों की घोषणाएं की।

सीएम ने घोषणा की कि कलौदा खुर्द में स्टेडियम बनाया जाएगा। गांव अमरगढ़ में पशु अस्पताल को लेकर जमीन मुहैया करवाए जाने पर वहां पशु अस्पताल 40 लाख रुपए से बनवा दिया जाएगा। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कर्मगढ़, बिधराना, दबलैन, दनौदा, हथो, ढाणी स्कूलों के लिए भी चार करोड़ 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। अमरगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिधराना में सब हेल्थ सेंटर को लेकर भूमि उपलब्ध करवाने पर वहां भी बनाने की घोषणा की। नरवाना में नई सब्जी मंडी की जमीन उपलब्ध करवाने पर नई सब्जी मंडी बना दी जाएगी।

मेला, धमतान, गढ़ी, दनौदा कलां अनाज मंडियों के निर्माण के लिए पांच करोड़ देने की घोषणा की। टोहाना से धमतान साहिब तक रजवाहे के पुनर्निमाण को लेकर पांच करोड़ की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा नरवाना की मेला मंडी में आयोजित रैली में सीएम नायब सैनी ने बोलते हुए कहा कि विपक्ष के लोग झूठ बोल कर जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। लोग कहते हैं कि नरवाना घर हैं उनका, ट्वीट करते रहते हैं, लेकिन घर के लिए करते कुछ नही हैं। कांग्रेस कार्यकाल में विकास नहीं होता था। वर्ष 2014 से अबतक नरवाना क्षेत्र में विकास के लिए 2,105 करोड़ रुपए विकास कार्यों पर खर्च किए गए हैं। कांग्रेस कार्यकाल में मात्र में 607 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। अब आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं।

भाजपा सरकार ने नरवाना के लिए 111 घोषणाएं की थी, जिनमें से 98 को पूरा कर लिया गया है। वहीं, जींद जिले में कुल 627 घोषणाएं की थीं, उनमें से 541 घोषणाएं पूरी कर ली हैं और शेष पर काम चल रहा है। सीएम ने पिछली सरकारों पर हमला बोला और कहा कि आप लोग तालियां बजाते थे, लेकिन विकास नहीं होता था। लोगों की जरूरतों के बारे में किसी ने नहीं सोचा। विकास की बात कभी नही की गई। पहले यहां केवल राजनीति होती थी लेकिन विकास की बात नहीं होती थी। हमने इस परम्परा को तोड़ा है। नरवाना को वह विकास और सम्मान दिया है जिसके आप हकदार थे।

## हिप्सा ने सीएम सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र किया भेंट

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) ने रविवार को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र भेंट किया।

यह प्रमाण पत्र हिप्सा की अध्यक्ष सुश्री कांथि डी सुरेश और ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग के संस्थापक कार्तिक डम्मू द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपा गया। यह प्रतिष्ठित सर्टिफिकेट पिछले दिनों पंचकूला में आयोजित सबसे बड़े कबड्डी के आयोजन के लिए दिया गया है। इस आयोजन में खिलाड़ियों के अलावा अन्य युवाओं और खेल प्रेमियों की अभूतपूर्व भागीदारी रही थी, जिसने इस पारंपरिक भारतीय खेल के लिए एक नया वैश्विक मानदंड स्थापित किया।

गौरतलब है कि पिछले दिनों पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आरंभ हुए छठे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री सैनी ने कबड्डी मैच की शुरुआत कर किया था। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वास जताया था कि हरियाणा के खिलाड़ी वर्ष 2036 ओलंपिक में भारत के लिए सर्वाधिक पदक जीतेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने दोहराया कि हरियाणा का लक्ष्य है कि हर गांव से एक ऐसा खिलाड़ी तैयार हो जो विश्व मंच पर भारतीय तिरंगा फहराए। सुश्री कांथि डी सुरेश ने बताया कि वर्ष अप्रैल 2025 में हिप्सा ने सफलतापूर्वक ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग का आयोजन किया था, जिसमें यूरोप, अफ्रीका और एशिया के खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रवासी भारतीय समुदाय को कबड्डी के माध्यम से एकजुट किया।

उन्होंने कहा कि हिप्सा भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने, राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देने और वैश्विक भारतीय समुदाय को खेलों के माध्यम से जोड़ने की अपनी पहल को आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहेगा।

## कॉक्लियर इंप्लांट पर सीएमई आयोजित 130 ईएनटी विशेषज्ञों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी में नवीनतम प्रगति को लेकर आज यहां मैक्स अस्पताल मोहाली और अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एआईएमएस), मोहाली के संयुक्त तत्वावधान में एक सीएमई (कंटिन्युइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देशभर से 130 से अधिक ईएनटी विशेषज्ञ शामिल हुए।

कार्यक्रम में एआईएमएस मोहाली के ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष गुप्ता, मैक्स अस्पताल के ईएनटी डायरेक्टर डॉ. नरेश कुमार पांडा, और मैक्स हेल्थकेयर के सीनियर डायरेक्टर-सीओओ कर्नल हरिंदर सिंह चहल ने शिरकत की। डॉ. नरेश कुमार पांडा ने कहा कि कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी एक क्रांतिकारी प्रक्रिया है, विशेष रूप से उन बच्चों के लिए जो जन्मजात बधिर होते हैं। उन्होंने बताया कि समय पर श्रवण दोष की पहचान और कॉक्लियर इंप्लांट द्वारा उपचार से बच्चे को लगभग सामान्य श्रवण और भाषाई क्षमता प्राप्त हो सकती है।

सीएमई का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षा, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना था, ताकि श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बच्चों को बेहतर उपचार और जीवन की गुणवत्ता प्रदान की जा सके।

## दुकान में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** जेपी कालोनी में स्थित एक किरयाने की दुकान में घुसकर कुछ लोगों द्वारा महिला पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जेपी कालोनी निवासी राजेंद्र ने बताया कि घर में ही उसकी किरयाने की दुकान है, जिसको उसकी पत्नी कला देवी संभालती है। पड़ोस में रहने वाला अमन दुकान से कुछ सामान खरीद कर ले गया था, लेकिन थोड़ी देर बाद वह और उसका पिता इंद्र खरीदा हुआ सामान वापस देने के लिए दुकान पर आए, तब महिला ने वह समान वापस लेते हुए जब दूसरा सामान देने लगी तो इंद्र ने उसके साथ झगड़ा शुरू कर गालियां देने लगा। महिला ने इसका विरोध किया तो तभी इंद्र के परिवार के अन्य सदस्य भी दुकान पर पहुंच और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर दबिश दी है।

## एमसीएम डीएवी कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति और सामाजिक चेतना का संगम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के उन्नत भारत अभियान (यूबीए सेल) और विक्ट्री अगेन्स्ट ड्रग एब्यूज (वाडा क्लब) ने 79वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ मनाया।

13 अगस्त को, यूबीए सेल ने सेक्टर 41-डी बधेरी स्थित सरकारी स्कूल में संविधान दिवस पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया, जिसके बाद कक्षा 9 के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता छात्रों को स्टेशनरी भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। 15 अगस्त को ग्राम सभा में यूबीए सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पौधरोपण अभियान शामिल रहा। वहीं, वाडा क्लब ने नशा मुक्त भारत अभियान और विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, योग सत्र, नुक्कड़ नाटक, वृक्षारोपण और नशामुक्ति शपथ जैसे आयोजन किए।

कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने छात्राओं की भागीदारी को सराहते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम कॉलेज की सामाजिक, संवैधानिक और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## देश-विदेश

# जीएसटी में बदलाव से 10 % तक घट सकते हैं जरूरी चीजों के दाम

## अगले महीने जीएसटी की बैठक में मिल सकती है राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने अमेरिका के टैरिफ का जवाब देने की तैयारी कर ली है। इसके लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। इसे 'जीएसटी 2.0 या नेक्स्ट जेन जीएसटी' नाम दिया गया है। इसका ऐलान शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से किया। उन्होंने इसे दिवाली गिफ्ट कहा। यानी सितंबर में जीएसटी बैठक करके सरकार ये बदलाव कर सकती है। अभी जीएसटी में 4 टैक्स स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत हैं।

सुधार के बाद दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत ही रहेंगे। इससे 12 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस, ड्राय फ्रूट्स जैसी 99 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत के दायरे में आ जाएंगी। सीधे तौर पर कहें तो ये वस्तुएं 7 प्रतिशत सस्ती हो जाएंगी। ऐसे ही 28 प्रतिशत टैक्स के दायरे में आने वाली सीमेंट, एसी, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी 90 प्रतिशत वस्तुएं 18त्न के स्लैब में आ जाएंगी। यानी 10 प्रतिशत तक सस्ती।

सरकार ने टैक्स रेट में स्थिरता लाने और इनपुट टैक्स क्रेडिट के जटिल सिस्टम को आसान बनाने के लिए यह कदम उठाया है। जीएसटी के दायरे में अभी 10 लाख से ज्यादा वस्तुएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा को समझें तो नए सुधारों का सीधे तौर पर आमजन को फायदा होगा। 350 रुपए की सीमेंट की बोरी 28 रुपए, 80 हजार की टीवी 8 हजार, 40 हजार का फ्रिज 4 हजार और 1000 रुपए किलो वाली मिठाई 70 रुपए तक सस्ती होगी। (अनंत ज्ञान)

### जीएसटी में सुधार के तीन आधार




**वित्त** मंत्रालय ने एक बयान में स्पष्ट किया है कि जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार होंगे। पहला- स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया जाएगा। दूसरा- टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाना, ताकि जरूरी चीजें सस्ती हो सकें। तीसरा- नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाना। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा और इनपुट टैक्स क्रेडिट का जमा होना कम होगा।

### 2047 में एक समान होगा टैक्स स्लैब

**वित्त** मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक 2047 में एक समान टैक्स स्लैब होगा। इस दिशा में दो स्लैब लाना पहला कदम है। सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म का यह प्रस्ताव राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को भेजा है। समूह इस पर अध्ययन करेगा। फिर इसे जीएसटी काउंसिल की सितंबर में होने वाली बैठक में रखेगा।

## जेलेंस्की की व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ आज होगी बैठक





**एजेंसी, वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन का युद्ध रोकने के लिए अमेरिका समेत कई देश प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों अलास्का में रूसी राष्ट्राध्यक्ष पुतिन और ट्रंप की बैठक हुई। अब यूक्रेन के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में बैठक करने वाले हैं। इस बैठक में यूरोपीय नेता भी शामिल होंगे। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में 18 अगस्त को होने वाली बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ कई यूरोपीय नेता शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

## यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर गूंजा जय श्रीराम, नरेंद्र ने फहराया तिरंगा

**एजेंसी, रेवाड़ी**



हरियाणा के पर्वतारोही नरेंद्र यादव ने 15 अगस्त को सुबह सवा 9 बजे यूरोप की सबसे ऊंची माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर तिरंगा फहराया। चोटी पर पहुंचते ही जय श्रीराम और भारत माता का जयघोष किया। साथ ही नशा मुक्ति का संदेश दिया। रूस में स्थित इस चोटी पर यह उनकी तीसरी चढ़ाई थी। वह इस पर सबसे ज्यादा चढ़ाई करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह उनके नाम 24वां वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा। यह काकेशस पर्वत श्रेणी में आता है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 18,150 फीट है। यूरोप और एशिया की सीमा पर स्थित है, लेकिन एल्ब्रुस का पश्चिमी हिस्सा भौगोलिक रूप से यूरोप में गिना जाता है। इस कारण से यह यूरोप का सबसे ऊंचा पर्वत माना जाता है। अभियान को लीड करने के लिए 30 वर्षीय नरेंद्र यादव ने जिस 12 सदस्यीय दल का नेतृत्व किया, उसमें नेपाल, स्वीडन, रूस, बंगलादेश, ऑस्ट्रेलिया और चिली के पर्वतारोही शामिल रहे। अब अक्तूबर में इससे भी चुनौतीपूर्ण अभियान पर जाएंगे, जिनमें ज्वालामुखी पर्वतों की चढ़ाई शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## यूट्यूबर एल्विश के घर भाऊ गैंग ने करवाई फायरिंग

**एजेंसी, गुरुग्राम**



फेमस यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर पर रविवार सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें चेहरे ढके और हेलमेट पहने दो युवक दिखाई दे रहे है। वे भागते हुए आते है और एल्विश के घर पर 24 गोलियां चलाते दिख रहे हैं। एल्विश के घर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली। सोशल मीडिया पोस्ट में भाऊ गैंग ने लिखा,'आज जो एल्विश यादव के घर गोली चली, वह नीरज फरीदपुर और भाऊ रिटौलिया ने चलवाई है। इसको हमने अपना परिचय दिया है। सट्टे का प्रमोशन कर इसने कई घर बर्बाद कर दिए। सोशल मीडिया के कीड़ों को वॉर्निंग है कि जो सट्टे का प्रमोशन करते मिल गया, उसके पास गोली या कॉल कभी भी आ सकती है। जो भी सट्टे वाले हैं, वे तैयार रहें।'

फायरिंग का पता चलते ही गुरुग्राम पुलिस की टीमें तुरंत एल्विश के घर पहुंची। गोलियों के खोल जब्त कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### उत्तराखंड में निरस्त होगा मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े क्रांतिकारी बदलाव करने का फैसला किया है। कैबिनेट की एक विशेष बैठक में धामी सरकार ने कांग्रेस के सरकार के दौरान बनाए गए मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान विधेयक, 2025 को विधानसभा से पास कर कानून बनाया जाएगा। इसका सबसे बड़ा असर यह होगा कि अब तक केवल मुस्लिम समुदाय के मदरसों को मिल रहे अल्पसंख्यक संस्थान होने का लाभ सिख, जैन सहित अन्य धर्मों से जुड़े शिक्षण संस्थानों को मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान में बाढ़ में 327 लोग गंवा चुके जान

**एजेंसी, पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में बारिश और बाढ़ से तबाही मचा रखी है। हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। पाकिस्तान में बाढ़ के चलते अब तक 327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी है। अब मौसम विभाग ने 17 अगस्त से 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों से एहतियाती उपाय करने की अपील की है। पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बादल फटने के चलते अचानक आई बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा में कम से कम 327 लोगों की जान ले ली है। (अनंत ज्ञान)

### सीएम योगी से मिलीं सपा से निष्कासित पूजा पाल

**एजेंसी, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित की गईं विधायक पूजा पाल ने शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सपा से निकाले जाने के बाद यह सीएम के साथ उनकी पहली औपचारिक मुलाकात है। उनकी इस मुलाकात के बाद राजनीतिक मायने निकाले जाने शुरू हो गए हैं। बता दें कि, यूपी विधानसभा में योगी सरकार की तारीफ करने के बाद सपा ने पूजा पाल को पार्टी से निकाल दिया था। वहीं, अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बसपा, सपा के बाद पूजा किसी नई पार्टी का दामन थाम सकती हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पूजा पाल का भाजपा में जाना तय है और मंत्री पद के लिए भी उनका नाम दौड़ में शामिल है। सपा में रहते हुए विधायक पूजा पाल मंत्री नहीं बन सकती थीं। सपा मुखिया ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर मंत्री बनने का रास्ता साफ कर दिया हैं। (अनंत ज्ञान)

### लवली यूनिवर्सिटी में अमेरिकी प्रोडक्ट्स बैन

**एजेंसी, जालंधर।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट यूनिवर्सिटी में से एक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। विश्वविद्यालय के चांसलर और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल ने कहा है कि अब कैंपस में किसी भी प्रकार के अमेरिकी उत्पाद की बिक्री नहीं होगी। मित्तल ने बताया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की थी कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बजाय बातचीत के जरिए इस मसले का हल निकाला जाए, लेकिन अमेरिका ने उनकी अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप ने तीन राज्यों से 700 नेशनल गार्ड्स वॉशिंगटन डीसी में बुलाए

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे।

अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रंप कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या दोगुनी हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### गार्ड्स की तैनाती का लोगों ने किया विरोध




**नेशनल** गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रंप ने वॉशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं।

**अड़चन** अमेरिका की कृषि और डेयरी क्षेत्रों में प्रवेश की मांग को लेकर भारत का साफ इनकार

# टल सकती भारत और अमेरिका के बीच बिजनेस डील

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत टल सकती है। यह 25 से 29 अगस्त को होने वाली थी। पीटीआई के मुताबिक अब यह बैठक बाद में होने की संभावना है। अब तक इस समझौते के लिए पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है, छठे दौर के लिए अमेरिकी टीम को भारत आना था। इससे पहले अमेरिका ने 6 अगस्त को भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा थी। अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, लेकिन भारत इससे इनकार कर चुका है। भारत ने साफ कहा है कि वह किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। दोनों देश सितंबर-अक्तूबर 2025 तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। फरवरी में वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात के दौरान ट्रंप और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। (अनंत ज्ञान)

### दोनों देशों में डेयरी प्रोडक्ट्स को लेकर है विवाद



**अमेरिका** चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नॉन वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है, जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो।

### भारत बोला- हितों से कोई समझौता नहीं

**स्वतंत्रता** दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया था। उन्होंने कहा, 'भारत अपने किसानों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा।'

## स्पोर्ट्स विंडो

### अवसरों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं पूर्व अंडर-19 कप्तान यश ढुल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल शीर्ष स्तर की क्रिकेट में जगह बनाने के अपने सपने को पूरा करने के लिए मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, जैसा कि उन्होंने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार शतक जड़कर किया था। ढुल ने कहा, ''मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।'' उन्होंने कहा, ''मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।'' पिछले वर्ष जुलाई में एक जन्मजात समस्या के कारण हृदय की सर्जरी के कारण ढुल को विश्राम लेना पड़ा और उसके बाद उन्होंने मजबूत वापसी करने पर ध्यान केंद्रित किया। (अनंत ज्ञान)



### वीर अहलावत डेनिश ओपन में संयुक्त 28वें स्थान पर

**एजेंसी, कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** भारतीय खिलाड़ी वीर अहलावत ने तीसरे राउंड में एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह यहां फुरेसियो गोल्फ क्लब में चल रही डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर पहुंच गए। अहलावत के लिए यह एक दिलचस्प राउंड था, क्योंकि उन्होंने शुरुआत से ही लगातार 14 पार लगाए। इसके बाद उन्होंने 15वें होल पर बोगी की, लेकिन 18वें होल पर ईगल लगाकर एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर राउंड का अच्छा समापन किया। इससे पहले अहलावत का स्कोर 73-68 था और अब तीन राउंड के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है। वह चौथे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करके डीपी वर्ल्ड टूर पर लगातार दूसरे सप्ताह कम से कम शीर्ष 30 में स्थान बना सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने भूटान के थिम्पू में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए रविवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अलेक्जेंडरसन ने इस महीने की शुरुआत में भारत की अंडर-20 टीम को दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में पहुंचाया था। वह अब अंडर-17 टीम का नेतृत्व करेंगे, जो अक्तूबर में किर्गिज गणराज्य में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर से पहले सैफ चैंपियनशिप में खेलेगी। सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में चार टीमें भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम छह मैच खेलेगी और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाली टीम चैंपियन बनेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत नेपाल (20 अगस्त) के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और आखिर में बांग्लादेश (31 अगस्त) का सामना करेगा। सभी मैच चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत स्टाइल में मेग लैनिंग

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियाई टीम की ग्लैमरस कप्तान मेग लैनिंग ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर 2008 में डेब्यू किया था। क्रिकेट के 151 वर्षों के इतिहास में पहली बार महिला खिलाड़ी के लिए पुरस्कार की घोषणा करते हुए विजडन ने मेग लैनिंग को लीडिंग वुमन क्रिकेटर भी चुना।



# सूर्यकुमार टी20 एशिया कप में करेंगे भारत की कप्तानी

## फिटनेस टेस्ट किया पास, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डॉमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वह विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारु रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)



### आईपीएल-2025 में दूसरे टॉप रन स्कोरर


**सूर्यकुमार** यादव ने आईपीएल-2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे।

### भारत का पहला मैच यूएई से

**भारत,** पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

## एशिया कप में दिखेगा जसप्रीत बुमराह का जलवा

**भारतीय** टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। सूत्रों के अनुसार, बुमराह ने कुछ दिनों पहले चयनकर्ताओं से बात की थी और इस टूर्नामेंट में खेलने की जानकारी दी थी। मालूम हो कि बुमराह कार्यभार प्रबंध के चलते इंग्लैंड दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच में ही खेले थे। उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले रिलीज कर दिया गया था। एशिया कप का आयोजन इस बार टी20 प्रारूप में होना है, इसलिए बुमराह को लंबे स्पैल नहीं करने होंगे और टीम प्रबंधन के पास यह विकल्प भी होगा कि उन्हें किस मैच में आराम देना है। एशिया कप की शुरुआत और बुमराह के आखिरी बार खेलने में 40 दिनों का अंतराल होगा। बुमराह ने भारत के लिए आखिरी बार टी20 मुकाबला पिछले साल टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था।



**टीम इंडिया जल्द ही पहुंचेगी यूएई**

भारतीय टीम एशिया कप के लिए जल्द ही यूएई पहुंचेगी। टीम के ज्यादातर खिलाड़ी बिना मैच अभ्यास के एशिया कप में जाएंगे जिस कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम प्रबंधन से पूछा है कि क्या वे बेंगलूरु में छोटा शिविर करना चाहेंगे।

## अदिति सत्र के सर्वश्रेष्ठ कार्ड के साथ पोर्टलैंड क्लासिक में पांचवें स्थान पर

**एजेंसी, पोर्टलैंड (ओरेगन)**

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मौजूदा सत्र के सर्वश्रेष्ठ 65 के कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अदिति ने इस दौरान तीसरे दौर में सात बर्डी लगायी। मौजूदा सत्र में 12 टूर्नामेंटों में अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) में रहा है। शुरुआती दो दौर में 69 और 70 का कार्ड खेलने वाली अदिति ने तीसरे दिन की शुरुआत लगातार दो बर्डी से की। उन्होंने इसके बाद छठे, सातवें और आठवें होल में लगातार तीन बर्डी लगाए। उनके अगले दो बर्डी 13वें और 14वें होल में आए। उनका कुल स्कोर 12 अंडर का है। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70) 13 अंडर के स्कोर के साथ चौथे जबकि भारतीय मूल की कनाडा की सवान्नाह ग्रेवाल (69-67-72) आठ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 25वें स्थान पर है। जापान की अकेई इवाई आठ अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद दो शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है। (अनंत ज्ञान)



## एशिया कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप 2025 और उससे पहले खेले जाने वाले यूएई ट्राई-सीरीज के लिए 17 मेंबर्स टी-20 स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को शामिल नहीं किया गया है। टीम की कप्तानी ऑलराउंडर सलमान आगा को सौंपी गई है। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाएगा। ट्राई-सीरीज में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई हिस्सा लेंगे। बाबर आजम ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला था। इसके बाद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 में उन्होंने कुछ अच्छी पारियां खेलीं। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे

**सलमान आगा करेंगे कप्तानी बाबर आजम-मोहम्मद रिजवान को टीम में जगह नहीं**



फाइल फोटो

### फखर जमान की वापसी

**वहीं,** फखर जमान फिट होकर वापसी कर चुके हैं। उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, लेकिन अब उन्हें एशिया कप और ट्राई-सीरीज दोनों के लिए टीम में शामिल किया गया है।

सीरीज में उनके स्कोर 47, 0 और 9 रहे। दूसरी ओर, रिजवान को भी हाल की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज (बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू और वेस्टइंडीज में) में शामिल नहीं किया गया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने पहले मैच में 53 रन बनाए, लेकिन अगले दो मैचों में 16 और 0 रन ही बना सके। (अनंत ज्ञान)

## लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी को दिलाई जीत

**एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)**

लियोनेल मेस्सी ने चोट से उबरकर दर्शकों से भारी समर्थन के बीच एक गोल किया, जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेस्सी की तारीफ करते हुए कहा, ''हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ नजर रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया।'' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया। मेस्सी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)



## मनस्वी धवन ने केरल में किक बॉक्सिंग में जीता सिल्वर



मेडल जीतने के दौरान मनस्वी धवन ऑफिसियल के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन की मनस्वी धवन ने केरल में हिमाचल का डंका बजाया है। केरल के त्रिशूर में आयोजित राष्ट्रीय शोतोकान कप प्रतियोगिता में मनस्वी ने सिल्वर मेडल जीत प्रदेश को गौरवान्वित किया है। फाइनल में मनस्वी का मुकाबला महाराष्ट्र की खिलाड़ी के साथ हुआ।

कांटे की टककर के इस मुकाबले में मनस्वी गोल्ड से तो चूक गई, लेकिन अपनी कला का ऐसा अद्भुत नजारा पेश किया मानो हारी बाजी जीत ली हो। स्टेडियम मनस्वी के लिए तालियों से गूंज उठा। बीते 9-10 अगस्त को आयोजित इस प्रतियोगिता में मनस्वी ने -45 केजी वेट केटेगरी में पार्टिसिपेट किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 1200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हिमाचल प्रदेश से इस प्रतियोगिता में 23 खिलाड़ियों का दल गया था। आठवीं क्लास में पढ़ रही मनस्वी ब्लैक पेंथर मार्शल आर्ट अकादमी की स्टूडेंट है। सिल्वर मेडल जीतने पर कोच इकबाल मलिक ने मनस्वी की खूब प्रशंसा की। उन्होंने बताया की मनस्वी बेहद प्रतिभाशाली स्टूडेंट है।

बता दें की मनस्वी के पिता भूषण धवन खुद कराटे-किक बॉक्सिंग के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और हिमाचल पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। भूषण अपनी बेटी की उपलब्धि पर बेहद खुश है। भविष्य में उनकी बेटी प्रदेश के लिए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर लाए इसकी तैयारी में जुट गए है। (अनंत ज्ञान)



## गोल्फर अक्षय भाटिया ने 'होल इन वन' बनाकर जीती कार

**एजेंसी, मैरीलैंड (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने तीसरे दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेला, जिसमें एक बर्डी और एक 'होल इन वन' भी शामिल रहा। इससे वह संयुक्त 22वें स्थान पर बने हुए हैं। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें फेडेक्स कप में शीर्ष 30 में बने रहने और अगले हफ्ते टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला। भाटिया 16वें होल पर बर्डी और 17वें होल पर 'होल इन वन' के साथ संयुक्त 37वें स्थान से संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गए। पीजीए टूर पर भाटिया का पहला 'होल इन वन' था जिससे उन्हें एक बीएमडब्ल्यू आईएक्स मिलेगी और साथ ही चार साल की इवांस स्कॉलरशिप भी मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## सिंकफील्ड कप : क्लासिकल प्रारूप में वापसी करेंगे गुकेश, प्रज्ञाननंदा की निगाह पोडियम पर

**एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे सिंकफील्ड कप से संक्षिप्त अंतराल के बाद क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे, जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर के पांचवें चरण की इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर अपनी कुल पांचवीं रैंकिंग मजबूत करना चाहेंगे।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि अब उन्हें क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है। कार्लसन के नहीं खेलने के बावजूद इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा अच्छी फॉर्म में चल रहे आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भारतीय जोड़ी के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी संभावना रखते हैं।



फाइल फोटो

गुकेश को रैपिड शतरंज में वर्तमान फॉर्म को देखते हुए प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं किया जा सकता, लेकिन यहां नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय ग्रैंड मास्टर का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकार्ड रहा है। इस बीच प्रज्ञाननंदा ने अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करके अपनी स्थिति पहले ही मजबूत कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व खिताब के लिए गुकेश के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा।

गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों ने अगले महीने उज्बेकिस्तान में होने वाली ग्रैंड स्विस प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लिया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे सब कुछ जीतने के लिए तत्पर हैं। प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वर्तमान में गुकेश से आगे हैं, लेकिन निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस प्रतियोगिता में उनका सामना अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों से होगा। यह प्रतियोगिता दस खिलाड़ियों के बीच नौ राउंड में खेली जाएगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 350,000 अमेरिकी डॉलर है। (अनंत ज्ञान)

**महिला वनडे**

## भारतीय महिला-ए टीम ने ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से जीती सीरीज

# हीली का तूफानी शतक, भारत को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी, ब्रिसबेन**

स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया-ए ने रविवार को यहां भारत-ए के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल की थी। हालांकि, अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को मात दे दी, लेकिन भारत 2-1 से सीरीज अपने नाम करने में सफल रहा।

तीसरे वनडे में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया-ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने केवल 27.5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। हीली ने 84 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और 23 चौके लगाए। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को ताहलिया विल्सन के रूप में अच्छी जोड़ीदार मिली, जिन्होंने 59 रन बनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। विल्सन को राधा यादव ने आउट किया। भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही और उसने हीली को दो जीवनदान दिए।

इससे पहले शेफाली ने अपनी पूरी लय में रहते हुए सात चौकों की मदद से अर्द्धशतक जड़ा, जबकि नंदिनी कश्यप (28) ने उनका अच्छा साथ दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़कर भारत को सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद हालांकि भारतीय पारी लड़खड़ा गई और उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए. यास्तिका ने राघवी बिष्ट (18) और तनुश्री सरकार (17) के सहयोग से भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)




शॉट खेलती ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी एलिसा हीली।

### मैकग्रा की घातक गेंदबाजी

**ऑस्ट्रेलियाई** गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। ताहलिया मैकग्रा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके और भारत की बल्लेबाजी को बुरी तरह झकझोर दिया। उनके अलावा सिआना गिंगर, एला हेवर्ड और अनिका लियरॉयड ने दो-दो विकेट हासिल किए। भारत की ओर से सिर्फ शुरुआती साझेदारी और यास्तिका की पारी ही सकारात्मक पहलू रही, बाकी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए. यही वजह रही कि टीम 250 से ऊपर का स्कोर खड़ा नहीं कर पाई, जो इस पिच पर प्रतिस्पर्धी हो सकता था।